Drishti IAS Presents...

PT SPRINT 2022

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

(जनवरी 2021 – मार्च 2022)

Answers Explanation

Detailed Explanation

Drishti IAS, 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi

Drishti IAS, 21 Pusa Road, Karol Bagh New Delhi - 05

Drishti IAS, Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh

Drishti IAS, Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan

e-mail: englishsupport@groupdrishti.com, Website: www.drishtiias.com

Contact: 011430665089, 7669806814, 8010440440

उत्तर

Q.1

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में भारत और पाकिस्तान ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया है। यह आदान-प्रदान पाकिस्तान और भारत के बीच परमाणु प्रतिष्ठानों तथा सुविधाओं के खिलाफ हमलों के निषेध पर समझौते के अनुच्छेद- II के अनुसार था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस समझौते के तहत दोनों देशों को एक दूसरे की परमाणु सुविधाओं की जानकारी देनी होती है। अत: कथन 2 सही है।
  - समझौते पर वर्ष 1988 में हस्ताक्षर किये गए और वर्ष 1991 में इसकी पुष्टि की गई।
  - यह दोनों पड़ोसी देशों के बीच सूची का लगातार 31वाँ आदान-प्रदान था।
- परमाणु ऊर्जा और अनुसंधान रिएक्टर, ईंधन निर्माण, यूरेनियम संवर्द्धन, आइसोटोप पृथक्करण तथा पुनर्संसाधन सुविधाओं के साथ-साथ किसी भी रूप में विकिरणित परमाणु ईंधन एवं सामग्री के साथ कोई अन्य प्रतिष्ठान व महत्त्वपूर्ण मात्रा में रेडियोधर्मी सामग्री का भंडारण करने वाले प्रतिष्ठान आदि सभी को "परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं" के तहत शामिल किया गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.2

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत एशिया में इज़रायल का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है और विश्व स्तर पर सातवाँ सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है। अत: कथन 1 सही है।
  - दोनों देशों के बीच वर्तमान व्यापार 4.14 बिलियन अमेरिकी डॉलर (अप्रैल 2020 - फरवरी 2021 तक) का है, यह एक ऐसा आँकड़ा है जिसमें रक्षा व्यापार, जो कि बहुत तेज़ी से बढ़ रहा है, को शामिल नहीं किया गया है।
  - इज़रायल की कंपनियों ने भारत में ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, दूरसंचार, रियल एस्टेट, जल प्रौद्योगिकियों में निवेश किया है और भारत में अनुसंधान एवं विकास केंद्र या उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।
  - इज़रायल-भारत औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और तकनीकी नवाचार कोष (I4F) से पहले अनुदान प्राप्तकर्त्ता की घोषणा जुलाई 2018 में की गई थी, जिसमें कुशल जल उपयोग, संचार बुनियादी ढाँचे में सुधार, सौर ऊर्जा उपयोग के माध्यम से भारतीयों और इज़रायलियों के जीवन को बेहतर बनाने हेतु काम करने वाली कंपनियों को शामिल किया गया है।
    - इस फंड का उद्देश्य इज़रायली उद्यमियों को भारतीय बाज़ार में प्रवेश कराने में मदद करना है।
- इज़रायल लगभग दो दशकों से भारत के शीर्ष चार हथियार आपूर्तिकर्त्ताओं में से एक है, हर वर्ष लगभग 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सैन्य बिक्री होती है।
  - भारतीय सशस्त्र बलों ने पिछले कुछ वर्षों में इज़रायली हथियार प्रणालियों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया है, इसमें फाल्कन AWACS (हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली) तथा हेरॉन, सर्चर-द्वितीय तथा हारोप ड्रोन से लेकर बराक एंटी मिसाइल रक्षा प्रणालियों और स्पाइडर विमान भेदी मिसाइल प्रणाली शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - भारत और इज़रायल के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर संयुक्त कार्य समूह (JWG) की 15वीं बैठक में, दोनों देश सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान करने के लिये एक व्यापक दस-वर्षीय रोडमैप तैयार करने हेतु एक टास्क फोर्स बनाने पर सहमत हुए हैं।
- वर्ष 2020 में एक इज़रायली टीम बहु-आयामी मिशन के साथ भारत पहुँची, जिसका कोड नेम 'ऑपरेशन ब्रीदिंग स्पेस' था, इसे कोविड-19 प्रतिक्रिया पर भारतीय अधिकारियों के साथ काम करने हेतु बनाया गया था। अत: कथन 3 सही है।

Q.3

उत्तर: A

व्याख्या

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्यों (चीन, फ्राँस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका) ने परमाणु हथियारों के प्रसार को रोकने एवं परमाणु संघर्ष से बचने का संकल्प लिया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - यह बयान ऐसे समय में आया है जब रूस और अमेरिका के बीच तनाव उस स्तर पर पहुँच गया है जो शीत युद्ध के बाद से शायद ही कभी देखा गया हो।

- NPT एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जिसका उद्देश्य परमाणु हथियारों और हथियार प्रौद्योगिकी के प्रसार को रोकना, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना तथा निरस्त्रीकरण के लक्ष्य को आगे बढ़ाना है।
- इस संधि पर वर्ष 1968 में हस्ताक्षर किये गए और यह 1970 में लागू हुई। वर्तमान में यह 190 सदस्य देशों में लागू है।
  - परमाणु निरस्त्रीकरण की दिशा में एनपीटी और व्यापक परमाणु-परीक्षण-प्रतिबंध संधि (CTBT) दो सबसे महत्त्वपूर्ण वैश्विक प्रयास हैं। भारत ने NPT और CTBT पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। अत: 1 सही है।

Q.4

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में भारत, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, जापान और दक्षिण कोरिया की नौसेनाओं के साथ प्रशांत महासागर में यूएस सी ड्रैगन 22 अभ्यास शुरू हुआ।
- सी ड्रैगन एक अमेरिकी नेतृत्व वाला बहु-राष्ट्रीय अभ्यास है जिसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा चुनौतियों के जवाब में एक साथ संचालित करने के लिये पनडुब्बी रोधी युद्ध रणनीति का अभ्यास व चर्चा करने हेतु डिज़ाइन किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- यह एक वार्षिक अभ्यास है। कथन 2 सही नहीं है।
- चीन के साथ कुछ देशों के तनावपूर्ण संबंधों और हिंद महासागर क्षेत्र में पीएलए-नौसेना के बढ़ते प्रयासों के मद्देनजर यह अभ्यास महत्त्व रखता है।

Q.5

उत्तर: C

व्याख्या

- नाटो की स्थापना 4 अप्रैल, 1949 की उत्तरी अटलांटिक संधि (जिसे वाशिंगटन संधि भी कहा जाता है) द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और कई पश्चिमी यूरोपीय देशों द्वारा सोवियत संघ के खिलाफ सामूहिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- नाटो सामूहिक रक्षा के सिद्धांत पर काम करता है, जिसका तात्पर्य 'एक या अधिक सदस्यों पर आक्रमण सभी सदस्य देशों पर आक्रमण माना जाता है। ज्ञातव्य है कि यह नाटो के अनुच्छेद 5 में निहित है। अत: कथन 2 सही है।
  - वर्ष 2019 तक इसके सदस्य देशों की संख्या 30 थी। वर्ष 2017 में मोंटेनेग्रो इस गठबंधन में शामिल होने वाला नवीनतम सदस्य देश बन गया है।

Q.6

उत्तर: B

व्याख्या:

अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ:

- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (International Telecommunication Union- ITU) सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के लिये संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
  - यह संयुक्त राष्ट्र की सभी 15 विशिष्ट एजेंसियों में सबसे पुरानी है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित, यह संयुक्त राष्ट्र विकास समूह का सदस्य भी है तथा विश्व में इसके 12 क्षेत्रीय और क्षेत्रीय कार्यालय हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इसकी सदस्यता में 193 सदस्य राज्य और लगभग 800 सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियाँ और शैक्षणिक संस्थान के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दूरसंचार संस्थाएँ शामिल हैं।
  - भारत को अगले 4 वर्षों की अवधि (2019-2022) के लिये पुन: अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) परिषद का सदस्य चुना गया है। भारत वर्ष 1952 से इसका एक नियमित सदस्य बना हुआ है।

Q.7

उत्तर: A

व्याख्या:

आतंकवाद के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2022:

- हाल ही में वैश्विक आतंकवाद रोधी परिषद (Global Counter Terrorism Council- GCTC) द्वारा आतंकवाद के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (International Counter Terrorism Conference) 2022 का आयोजन किया गया। अत: कथन 1 सही है।
- GCTC एक अंतर्राष्ट्रीय थिंक-टैंक काउंसिल है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में लोगों की आतंकवाद के प्रति सुभेद्यता को कम करना, आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाना, उनका मुकाबला करना और आतंकवाद के लिये उकसाने एवं आतंकी गतिविधियों के लिये भर्ती करने वालों पर मुकदमा चलाना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.8

उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में चीन के विदेश मंत्री (CFM) ने श्रीलंका का दौरा किया है। चीन के विदेश मंत्री की यात्रा में ऐतिहासिक 'रबर-राइस पैक्ट' (1952) की 70वीं वर्षगाँठ और चीन एवं श्रीलंका के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 65वीं वर्षगाँठ के अवसर पर समारोह शुरू करने की परिकल्पना की गई थी।

- रबर-राइस पैक्ट के तहत चीन ने रबड़ और अन्य आपूर्तियों के आयात हेतु प्रतिबद्धता ज़ाहिर की थी, क्योंकि श्रीलंका, जो कि रबड़ का एक प्रमुख निर्यातक है, चावल की कीमत में वृद्धि और रबड़ की कीमत में गिरावट का सामना कर रहा था।

- श्रीलंका यात्रा की मुख्य विशेषताएँ:
  - चीन के विदेश मंत्री द्वारा कोलंबो में कोलंबो पोर्ट सिटी और हंबनटोटा पोर्ट (श्रीलंका में) का जिक्र करते हुए इस बात पर जोर दिया गया कि दोनों पक्षों को इनका सही से उपयोग करना चाहिये।
  - उन्होंने श्रीलंका से क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (Regional Comprehensive Economic Partnership- RCEP) की संभावनाओं पर विचार करने और मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने का आग्रह किया।
  - सर्वसम्मति और तालमेल बनाने तथा विकास को बढ़ावा देने के लिये "हिंद महासागर द्वीप देशों के विकास पर एक मंच" भी प्रस्तावित किया गया था। अत: विकल्प C सही है।

Q.9

उत्तर: D

व्याख्या:

- LAC वह सीमांकन है जो भारतीय-नियंत्रित क्षेत्र को चीनी-नियंत्रित क्षेत्र से अलग करता है।
- LAC पाकिस्तान के साथ लगी नियंत्रण रेखा (LoC) से अलग है:
  - संयुक्त राष्ट्र द्वारा कश्मीर युद्ध के बाद घोषित वर्ष 1948 की संघर्ष विराम रेखा ही बाद में नियंत्रण रेखा के रूप में सामने आई।
  - दोनों देशों के बीच वर्ष 1972 के शिमला समझौते के बाद इसे LoC के रूप में नामित किया गया। LoC को दोनों सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशक (DGMO) द्वारा हस्ताक्षरित एक नक्शे पर चित्रित किया गया है और यह एक अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त कानूनी समझौता है।
  - इसके विपरीत LAC केवल एक अवधारणा है जिस पर दोनों देशों द्वारा सहमति नहीं है और इसे न ही मानचित्र पर चित्रित और न ही जमीन पर सीमांकित किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सेक्टर:
  - LAC को आमतौर पर तीन सेक्टरों में विभाजित किया जाता है: पूर्वी क्षेत्र:यह सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश (1346 किमी) तक, मध्य क्षेत्र: यह उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में (545 किमी) और पश्चिमी क्षेत्र: लद्दाख में 1597 किमी तक फैला हुआ है।
  - पूर्वी सेक्टर में LAC का सरेखण वर्ष 1914 की मैकमोहन रेखा के समरूप है।
    - मैकमोहन रेखा ने ब्रिटेन और तिब्बत के बीच पूर्व में दावारहित/अपरिभाषित सीमाओं को चिह्नित किया।
    - मध्य क्षेत्र सबसे कम जबकि पश्चिमी क्षेत्र दोनों देशों के बीच सबसे अधिक विवादित क्षेत्र है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.10

उत्तर: B

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की स्थापना 1945 में UN चार्टर द्वारा की गई थी। यह संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है।
  - संयुक्त राष्ट्र के अन्य 5 अंग हैं- महासभा (UNGA), ट्रस्टीशिप काउंसिल, आर्थिक और सामाजिक परिषद, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय और सचिवालय।
- इसकी प्राथमिक ज़िम्मेदारी अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए काम करना है।
- परिषद का मुख्यालय न्यूयॉर्क में है।
- सदस्य: परिषद में 15 सदस्य होते हैं: पाँच स्थायी सदस्य और दस गैर-स्थायी सदस्य दो साल के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं।
  - पाँच स्थायी सदस्य संयुक्त राज्य अमेरिका, रूसी संघ, फ्राँसस, चीन और यूनाइटेड किंगडम हैं।
- भारत ने आठवीं बार, पिछले साल (2021) एक गैर-स्थायी सदस्य के रूप में यूएनएससी में प्रवेश किया है और दो साल यानी 2021-22 तक परिषद में रहेगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- हर साल, महासभा दो साल के कार्यकाल के लिये पाँच अस्थायी सदस्यों (कुल दस में से) का चुनाव करती है। दस अस्थाई सीटों का वितरण क्षेत्रीय आधार पर किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

Q.11

उत्तर: D

व्याख्या:

कॉमनवेल्थ वॉर ग्रेव्स कमीशन:

- CWGC छह सदस्य-राज्यों (ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, भारत, न्यूज़ीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूनाइटेड किंगडम) का एक अंतर-सरकारी संगठन है जो इस बात को सुनिश्चित करता है कि युद्ध में मारे गए पुरुषों और महिलाओं को कभी नहीं भुलाया जाएगा। अत: विकल्प D सही है।

- इसका गठन वर्ष 1917 में इंपीरियल वॉर ग्रेव्स कमीशन के रूप में किया गया था। हालाँकि वर्तमान नाम वर्ष 1960 में दिया गया था।
- इसका मुख्यालय मेडेनहेड, यूके में स्थित है।

Q.12

उत्तर: A

व्याख्या:

पंचशील समझौता:

- पंचशील समझौते ने भारत-चीन संबंधों की नींव के रूप में कार्य किया। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच आर्थिक और सुरक्षा सहयोग बढ़ाना है।
- पंचशील समझौते के पाँच सिद्धांत इस प्रकार हैं:
  - सभी देशों द्वारा अन्य देशों के क्षेत्रीय अखंडता और प्रभुसत्ता का सम्मान करना।
  - दूसरे देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना।
  - दूसरे देश पर आक्रमण न करना।
  - परस्पर सहयोग व लाभ को बढ़ावा देना।
  - शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की नीति का पालन करना।

Q.13

उत्तर: A

व्याख्या:

ब्लू डॉट नेटवर्क पहल:

- BDN की औपचारिक घोषणा 4 नवंबर, 2019 को थाईलैंड के बैंकॉक में इंडो-पैसिफिक बिज़नेस फोरम (Indo-Pacific Business Forum) में की गई थी।
- इसका नेतृत्व जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका भी करेगा।
- यह वैश्विक अवसंरचना विकास हेतु उच्च-गुणवत्ता एवं विश्वसनीय मानकों को बढ़ावा देने के लिये सरकारों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को एक साथ लाने की एक बहु-हितधारक पहल है।
- इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पर ध्यान देने के साथ-साथ यह विश्व स्तर पर सड़क, बंदरगाह एवं पुलों के लिये मान्यता प्राप्त मूल्यांकन और प्रमाणन प्रणाली के रूप में काम करेगी।
- इसके तहत अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को ऋण, पर्यावरण मानकों, श्रम मानकों आदि के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा।
- यह प्रणाली किसी भी लोकतांत्रिक देश की उन परियोजनाओं पर लागू होगी जहाँ नागरिक ऐसी परियोजनाओं का मूल्यांकन करना चाहते हैं। अत: विकल्प A सही है।

Q.14

उत्तर: D

व्याख्या

संयुक्त व्यापक कार्रवाई योजना (JCPOA)

- JCPOA ईरान और P5+1 देशों (चीन, फ्राँस, जर्मनी, रूस, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ) के बीच वर्ष 2013-2015 के दौरान चली लंबी बातचीत का परिणाम था।
- यह ओमान की मध्यस्थता के साथ अमेरिका (राष्ट्रपति बराक ओबामा के तहत) और ईरान के बीच आयोजित बैक चैनल वार्ताओं के कारण संभव हो सका, ये वार्ताएँ वर्ष 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद उत्पन्न स्थिति में पुन: विश्वास बहाली के प्रयासों का हिस्सा थीं।
  - इस्लामिक क्रांति, जिसे ईरानी क्रांति भी कहा जाता है, वर्ष 1978-79 के दौरान ईरान में एक लोकप्रिय विद्रोह था, जिसके परिणामस्वरूप 11 फरवरी, 1979 को राजशाही का पतन हुआ और एक इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई।
- समझौते के हिस्से के रूप में ईरान अपने परमाणु सेंट्रीफ्यूज़ की संख्या को दो-तिहाई कम करने पर सहमत हुआ।
  - ईरान समृद्ध यूरेनियम के अपने भंडार को 98% तक कम करने और यूरेनियम संवर्द्धन को 3.67% तक सीमित करने के लिये सहमत हुआ, यानी वह परमाणु बम नहीं बना सकता, जबकि देश की ऊर्जा ज़रूरतों को बनाए रखने के लिये उसके पास पर्याप्त समृद्ध यूरेनियम होगा।
- इस समझौते का उद्देश्य ईरान के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंध हटाने के बदले में परमाणु हथियार विकसित करने की ईरान की क्षमता को प्रतिबंधित करना था।
- JCPOA ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी प्रतिबंधों के साथ-साथ ईरान के परमाणु कार्यक्रम से संबंधित बहुपक्षीय और राष्ट्रीय प्रतिबंधों को व्यापक रूप से हटा दिया।
- अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के निरीक्षकों को नियमित आधार पर निरीक्षण के लिये ईरान की परमाणु सुविधाओं तक पहुँच प्रदान की गई थी।

Q.15

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में केंद्रीय वित्त मंत्री ने वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट में पहाड़ी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार के लिये राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम- "पर्वतमाला" की घोषणा की है।

- यह पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ यात्रियों हेतु कनेक्टिविटी और परिवहन सुविधा में सुधार करने से संबंधित है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसमें भीड़-भाड़ वाले उन शहरी क्षेत्रों को भी शामिल किया जा सकता है, जहाँ पारंपरिक जन परिवहन प्रणाली संभव नहीं है।
- यह योजना वर्तमान में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, जम्मू-कश्मीर और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में शुरू की जा रही है।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (MoRTH) के पास इस क्षेत्र में रोपवे और वैकल्पिक गतिशीलता समाधान प्रौद्योगिकी के साथ-साथ निर्माण, अनुसंधान एवं नीति के विकास की ज़िम्मेदारी होगी। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.16

उत्तर: B

व्याख्या:

- फॉकलैंड को पहली बार अंग्रेजों द्वारा वर्ष 1765 में बसाया गया था, लेकिन उन्हें वर्ष 1770 में स्पेन द्वारा खदेड़ दिया गया था, जिन्होंने 1767 के आसपास फ्राँसीसी बस्ती को खरीद लिया था।
- युद्ध की धमकी के बाद वर्ष 1771 में वेस्ट फॉकलैंड पर ब्रिटिश चौकी को बहाल कर दिया गया था, लेकिन फिर फॉकलैंड पर अपना दावा किये बिना आर्थिक कारणों से ब्रिटिश वर्ष 1774 में द्वीप से हट गए।
- स्पेन ने वर्ष 1811 तक पूर्वी फॉकलैंड (जिसे सोलेदाद द्वीप भी कहा जाता है) को लेकर एक समझौता किया।
- वर्ष 1820 में अर्जेंटीना सरकार, जिसने वर्ष 1816 में स्पेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की थी, ने फॉकलैंड पर अपनी संप्रभुता की घोषणा की।
- वर्ष 1831 में अमेरिकी युद्धपोत ने पूर्वी फॉकलैंड पर अर्जेंटीना की बस्ती को नष्ट कर दिया, जो इस क्षेत्र में सील का शिकार करते थे।
- वर्ष 1833 की शुरुआत में एक ब्रिटिश सेना ने बिना गोली चलाए अर्जेंटीना के अधिकारियों को द्वीप से निष्कासित कर दिया। वर्ष 1841 में फॉकलैंड में एक ब्रिटिश नागरिक को लेफ्टिनेंट गवर्नर के रूप में नियुक्त किया गया और वर्ष 1885 तक इन द्वीपों पर लगभग 1,800 लोगों का एक ब्रिटिश समुदाय बस गया।
- अर्जेंटीना ने द्वीपों पर ब्रिटेन के कब्ज़े का लगातार विरोध किया।
- द्वितीय विश्व युद्ध (1939-45) के बाद फॉकलैंड द्वीपों पर संप्रभुता का मुद्दा तब संयुक्त राष्ट्र (UN) में स्थानांतरित हो गया, जब वर्ष 1964 में द्वीपों की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र समिति द्वारा उपनिवेशवाद पर बहस शुरू की गई थी।
- वर्ष 1965 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने विवाद का शांतिपूर्ण समाधान खोजने हेतु ब्रिटेन और अर्जेंटीना को विचार-विमर्श के लिये आमंत्रित करने हेतु एक प्रस्ताव को मंज़ूरी दी।
- इस मुद्दे पर फरवरी 1982 में चर्चा चल ही रही थी की अप्रैल में अर्जेंटीना की सैन्य सरकार ने फॉकलैंड पर आक्रमण कर दिया।
- इस कार्रवाई के कारण फॉकलैंड द्वीप में युद्ध शुरू हो गया जो 10 सप्ताह बाद स्टेनली में अर्जेंटीना की सेना के आत्मसमर्पण के साथ समाप्त हुआ।
- हालाँकि ब्रिटेन और अर्जेंटीना ने वर्ष 1990 में पूर्ण राजनयिक संबंधों को फिर से स्थापित किया, लेकिन दोनों देशों के मध्य संप्रभुता का मुद्दा विवाद का विषय बना रहा। अत: विकल्प B सही है।

Q.17

उत्तर: A

व्याख्या:

- फॉकलैंड द्वीप समूह, जिसे माल्विनास द्वीप या स्पेनिश इस्लास माल्विनास भी कहा जाता है, दक्षिण अटलांटिक महासागर में यूनाइटेड किंगडम का आंतरिक स्वशासी समुद्रपारीय क्षेत्र है।
- यह दक्षिण अमेरिका के दक्षिणी सिरे से लगभग 300 मील उत्तर पूर्व में और मैगलन जलडमरूमध्य के पूर्व में स्थित है।
- पूर्वी फॉकलैंड पर राजधानी और प्रमुख शहर स्टेनली स्थित है, यहाँ कई बिखरी हुई छोटी बस्तियाँ और साथ ही एक रॉयल एयरफोर्स बेस भी है जो माउंट प्लेजेंट में स्थित है।
- फॉकलैंड द्वीप दो मुख्य द्वीप ईस्ट फॉकलैंड और वेस्ट फॉकलैंड एवं लगभग 200 छोटे द्वीपों का हिस्सा है। फॉकलैंड द्वीप समूह की सरकार दक्षिण जॉर्जिया और दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह के ब्रिटिश समुद्रपारीय क्षेत्र का भी संचालन करती है, जिसमें शैग और क्लर्क चट्टानें शामिल हैं। अत: विकल्प A सही है।

Q.18

उत्तर: C

व्याख्या:

लाइन ऑफ क्रेडिट (Line of Credit)

- यह एक बैंक या किसी अन्य वित्तीय संस्थान द्वारा सरकार, किसी कंपनी या एक व्यक्तिगत ग्राहक को दी जाने वाली एक क्रेडिट सुविधा है, जो ग्राहक को अधिकतम ऋण राशि प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। अत: कथन 1 सही है।
- उधारकर्त्ता किसी भी समय क्रेडिट लाइन के माध्यम से धन का उपयोग कर सकते हैं, जब तक कि वह समझौते में निर्धारित अधिकतम राशि (या क्रेडिट सीमा) से अधिक न हो तथा समय पर न्यूनतम भुगतान करने जैसी किसी भी अन्य आवश्यकताओं को पूरा करती हो।

हाल ही में भारत द्वारा श्रीलंका को प्रदान की गई आर्थिक सहायता:

- जनवरी 2022 से भारत द्वारा एक गंभीर डॉलर के संकट की चपेट में आए द्वीप राष्ट्र को महत्त्वपूर्ण आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उपजे कई भय एक संप्रभु डिफॉल्ट और आयात-निर्भर देश में आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी का कारण बन सकते हैं।
- इस वर्ष की शुरुआत से भारत द्वारा दी गई राहत 1.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है– 400 अमेरिकी डॉलर मुद्रा विनिमय, 500 अमेरिकी डॉलर ऋण आस्थगन और ईंधन आयात के लिये 500 अमेरिकी डॉलर लाइन ऑफ क्रेडिट। अत: कथन 2 सही है।
- श्रीलंका एक अभूतपूर्व आर्थिक संकट का सामना कर रहा है और इससे निपटने हेतु भारत से मदद के लिये 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर की सहायता पर बातचीत कर रहा है।

Q.19

उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में अमेरिकी प्रशासन ने लंबे समय से प्रतीक्षित अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति की घोषणा की है। यह दस्तावेज़ इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने हेतु सामूहिक क्षमता के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करता है।
  - इस दस्तावेज़ के तहत चीन द्वारा उत्पन्न चुनौतियों, अमेरिकी संबंधों को आगे बढ़ाने, भारत के साथ 'प्रमुख रक्षा साझेदारी' विकसित करने और इस क्षेत्र में एक सुरक्षा प्रदाता के रूप में भारत की भूमिका का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
  - इस रणनीति के तहत न केवल क्षेत्र से बल्कि बाहर के अन्य देशों के साथ भी मिलकर काम करने पर ज़ोर दिया गया।
- इंडो-पैसिफिक का विज़न: अमेरिका एक ऐसे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के निर्माण पर ज़ोर दे रहा है, जो स्वतंत्र, मुक्त, संबद्ध, समृद्ध, सुरक्षित एवं लचीला हो।
  - स्वतंत्र एवं मुक्त: इसके तहत नागरिक समाज, स्वतंत्र प्रेस और लोकतांत्रिक संस्थानों के निर्माण में निवेश किया जाना शामिल है। अत: कथन 1 सही है।
  - संपर्क: हिंद-प्रशांत क्षेत्र के भीतर और बाहर।
    - अमेरिका का कहना है कि वह "लचीले समूहों में" प्रमुख मुद्दों से निपटने के लिये "विशेष रूप से क्वाड के माध्यम से" कार्य करेगा।
    - यह अपने (पाँच) क्षेत्रीय संधि गठबंधनों को भी मज़बूत करेगा और आसियान, यूरोपीय संघ (ईयू) तथा नाटो जैसे समूहों के साथ कार्य करेगा।
    - हाल ही में हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिये ऑस्ट्रेलिया, यूके और यूएसए के बीच एक नई त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी 'ऑकस' (AUKUS) की घोषणा की गई है।
  - समृद्धि: इस क्षेत्र में अपने समृद्धि लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिये अमेरिका की रणनीति में सुरक्षित आपूर्ति शृंखला स्थापित करने और स्वच्छ ऊर्जा में निवेश करने में मदद हेतु उच्च श्रम एवं पर्यावरण मानकों की मांग शामिल है।
  - सुरक्षा: अमेरिका ने घोषणा की है कि इस क्षेत्र के लिये "एकीकृत निवारण" अमेरिकी सुरक्षा योजना की "आधारशिला" बनेगा।
    - यह "ऐसी पहल करेगा जिससे प्रतिरोध और जवाबी दबाव को मज़बूती मिलेगी जैसे कि क्षेत्रीय सीमाओं को बदलने या समुद्र में संप्रभु राष्ट्रों के अधिकारों को कमज़ोर करने के प्रयासों का विरोध करना।"
  - लचीलापन: हिंद-प्रशांत क्षेत्र प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करता है।
    - दक्षिण एशिया के हिमनद पिघल रहे हैं और प्रशांत द्वीप समूह समुद्र के जल स्तर में वृद्धि के कारण अपने अस्तित्त्व के लिये संघर्ष कर रहे हैं, इसलिये जलवायु परिवर्तन का मुद्दा और भी गंभीर होता जा रहा है।
    - इसके अलावा इंडो-पैसिफिक सरकारें प्राकृतिक आपदाओं, संसाधनों की कमी, आंतरिक संघर्ष और शासन की चुनौतियों से जूझ रही हैं।
    - इस संदर्भ में अमेरिका 21वीं सदी के अंतर्राष्ट्रीय खतरों को कम करने की परिकल्पना करता है, जिसमें निम्नलिखित मुद्दे शामिल हैं:
- वर्ष 2030 और वर्ष 2050 के लक्ष्यों के अनुरूप वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने, रणनीतियों, योजनाओं और नीतियों को विकसित करने हेतु सहयोगियों एवं भागीदारों के साथ कार्य करना।
- जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण के प्रभावों के प्रति क्षेत्रीय संवेदनशीलता को कम करना।

Q.20

उत्तर: D

व्याख्या:

राष्ट्रमंडल:

- यह उन देशों का एक अंतर्राष्ट्रीय अंतर-सरकारी संगठन है जो ज़्यादातर ब्रिटिश साम्राज्य और उस पर निर्भर क्षेत्र थे।
- इसकी स्थापना वर्ष 1949 में लंदन घोषणापत्र द्वारा की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- महारानी एलिजाबेथ द्वितीय राष्ट्रमंडल की प्रमुख हैं। अत: कथन 2 सही है।
- वर्तमान में 54 देश इसके सदस्य हैं। यह सदस्यता स्वतंत्र और समान स्वैच्छिक सहयोग पर आधारित है। अत: कथन 3 सही है।
  - यह 2.5 अरब लोगों का आश्रय स्थल है, इसमें उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ और विकासशील देश दोनों शामिल हैं।
- वर्ष 2009 में राष्ट्रमंडल में शामिल होने वाला अंतिम देश रवांडा था।
- राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की बैठक को राष्ट्रमंडल देशों के शासनाध्यक्षों की द्विवार्षिक शिखर बैठक कहा जाता है।

Q.21

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत और मालदीव वर्ष 2009 से अभ्यास 'एकुवेरिन' का आयोजन कर रहे हैं, मालदीव की भाषा में इसका अर्थ 'मित्र' है।
  - हाल ही में भारत और मालदीव के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'एकुवेरिन' के 11वें संस्करण का आयोजन मालदीव के कढधू द्वीप में शुरू किया गया है।
- 14 दिनों का संयुक्त अभ्यास भारत और मालदीव में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है।
- यह संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत एक अर्द्ध-नगरीय क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियानों को अंजाम देने के लिये दोनों देशों के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाने पर केंद्रित है। अत: विकल्प C सही है।

Q.22

उत्तर: C

व्याख्या:

- काला सागर पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है।
- यह दक्षिण, पूर्व और उत्तर में क्रमश: पोंटिक, काकेशस और क्रीमियन की पहाड़ियों से घिरा हुआ है।
- काला सागर भी कर्च जलडमरूमध्य द्वारा आज़ोव सागर से जुड़ा हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
- तुर्की जलडमरूमध्य प्रणाली- डारडेनेल्स, बोस्फोरस और मरमारा सागर- भूमध्यसागर तथा काला सागर के बीच एक ट्रांज़ीशन ज़ोन के रूप में कार्य करती है। अत: कथन 2 सही है।
- काला सागर के सीमावर्ती देशों में- रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया शामिल हैं।
- काला सागर के जल में ऑक्सीजन की भारी कमी है।

Q.23

उत्तर: C

व्याख्या:

- मानवाधिकार परिषद संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर एक अंतर-सरकारी निकाय है जो कि मानव अधिकारों के संवर्द्धन और संरक्षण की दिशा में कार्य करती है। यह संयुक्त राष्ट्र के 47 सदस्य देशों से मिलकर बनी है, जिनका चयन संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- सार्वभौमिक आवधिक समीक्षा (UPR) प्रकिया को मानवाधिकार परिषद का सबसे अनूठा प्रयास माना जाता है। इस अनूठे तंत्र के अंतर्गत प्रत्येक चार वर्ष में एक बार संयुक्त राष्ट्र के सभी 192 सदस्य देशों के मानवाधिकार रिकॉर्ड की समीक्षा की जाती है। अत: कथन 2 सही है।
  - मानवाधिकार के लिये उच्चायुक्त का कार्यालय (OHCHR) मानवाधिकार परिषद के सचिवालय के रूप में कार्य करता है।

Q.24

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (बिम्सटेक) देशों के लिये बंगाल की खाड़ी पहल के सदस्य देशों हेतु पैनेक्स-21 के लिये एक कर्टन रेज़र इवेंट आयोजित किया गया था।
- यह एक मानवीय सहायता और आपदा राहत अभ्यास है।

- प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिये संयुक्त योजना को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय सहयोग का निर्माण करना इसका लक्ष्य है।

- इसमें भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्याँमार, श्रीलंका और थाईलैंड के विषय विशेषज्ञ और प्रतिनिधि भाग लेंगे।
  - भारतीय सशस्त्र बलों और विभिन्न नागरिक एजेंसियों द्वारा नियोजित मानवीय सहायता और आपदा राहत (HDR) उपकरणों को प्रदर्शित करने वाला एक बहु-एजेंसी अभ्यास भी होगा। अत: विकल्प A सही है।

Q.25

उत्तर: B

व्याख्या:

- सड़क सुरक्षा पर ब्राज़ीलिया घोषणा (2015):
  - ब्राज़ील में आयोजित सड़क सुरक्षा पर दूसरे वैश्विक उच्च स्तरीय सम्मेलन में ब्राज़ीलिया घोषणा पर हस्ताक्षर किये गए। भारत घोषणापत्र का एक हस्ताक्षरकर्त्ता है।
  - देशों ने सतत् विकास लक्ष्य 3.6 यानी वर्ष 2030 तक सड़क यातायात दुर्घटनाओं से होने वाली वैश्विक मौतों और दुर्घटनाओं की आधी संख्या हासिल करने की योजना बनाई है। अत: कथन 1 सही नहीं है परंतु कथन 2 सही है।

Q.26

उत्तर: B

व्याख्या

- शंघाई सहयोग संगठन (SCO) को विशाल यूरेशियाई क्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित करने और स्थिरता बनाए रखने के लिये एक बहुपक्षीय संघ के रूप में स्थापित किया गया था।
  - वर्ष 2001 में SCO की स्थापना से पूर्व कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस और ताजिकिस्तान 'शंघाई-5' नामक संगठन के सदस्य थे। अत: कथन 1 सही है।
- SCO-RATS शंघाई सहयोग संगठन का एक स्थायी निकाय है और इसका उद्देश्य आतंकवाद, उग्रवाद एवं अलगाववाद के खिलाफ लड़ाई में शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के बीच समन्वय तथा बातचीत की सुविधा प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 2017 में भारत तथा पाकिस्तान को इसके सदस्य का दर्जा मिला। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - वर्तमान में इसके सदस्य देशों में कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान शामिल हैं।

Q.27

उत्तर: C

व्याख्या:

- सामुद्रिक कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCLOS) 1982 एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो समुद्री और समुद्री गतिविधियों के लिये कानूनी ढाँचा स्थापित करता है। इसे समुद्र के नियम के रूप में भी जाना जाता है यह समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित करता है अर्थात्- आंतरिक जल, प्रादेशिक सागर, सन्निहित क्षेत्र, अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) और हाई सीज़।
- आधार रेखा तटीय देश द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त तट के साथ कम परिक्षेत्र की जल रेखा है।
- आंतरिक जल वे जल होते हैं जो आधार रेखा के भू-भाग पर स्थित होते हैं और जिससे प्रादेशिक समुद्र की चौड़ाई मापी जाती है।
- प्रादेशिक समुद्र अपनी आधार रेखा से समुद्र की ओर 12 नॉटिकल मील (NM) तक विस्तृत होता है। अत: कथन 1 सही है।
  - एक नॉटिकल मील पृथ्वी की परिधि पर आधारित होता है और अक्षांश के एक मिनट के बराबर होता है। यह भूमि मापित मील (1 समुद्री मील = 1.1508 भूमि मील या 1.85 किमी) से थोड़ा अधिक है।
- सन्निहित क्षेत्र अपनी आधार रेखा से समुद्र की ओर 24 नॉटिकल मील तक फैला हुआ है।
- यह प्रादेशिक समुद्र और 'हाई सीज़' के बीच एक मध्यस्थ क्षेत्र है। अत: कथन 2 सही है।

Q.28

उत्तर: B

व्याख्या

- आपराधिक मामलों में 'पारस्परिक कानूनी सहायता संधि' अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और सहायता प्रदान करने के लिये देशों के बीच की गई द्विपक्षीय संधियाँ हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - ये समझौते हस्ताक्षर करने वाले देशों के बीच आपराधिक और संबंधित मामलों में साक्ष्य एवं सूचनाओं के आदान-प्रदान की अनुमति देते हैं।
- गृह मंत्रालय आपराधिक कानून के मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता प्राप्त करने और प्रदान करने के लिये नोडल मंत्रालय तथा केंद्रीय प्राधिकरण है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - वहीं जब मंत्रालयों द्वारा राजनयिक चैनलों के माध्यम से ऐसे अनुरोध भेजे जाते हैं, तो विदेश मंत्रालय को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जा सकता है।
- भारत ने 42 देशों (नवंबर 2019) के साथ पारस्परिक कानूनी सहायता संधि/समझौते किये हैं।

- हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत सरकार और पोलैंड के बीच 'आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता संधि' को मंज़ूरी दी है। अत: कथन 3 सही है।

Q.29

उत्तर: A

व्याख्या:

'हरित रणनीतिक साझेदारी'

- सितंबर 2020 में, भारत और डेनमार्क दोनों देश के प्रधानमंत्रियों की अध्यक्षता में दूरगामी लक्ष्यों वाली 'हरित रणनीतिक साझेदारी' (Green Strategic Partnership) के रूप में एक नए युग की शुरुआत की है।.
- भारत और डेनमार्क दोनों के पास जलवायु एजेंडे के भीतर महत्त्वपूर्ण लक्ष्य हैं तथा दोनों देश दिन-प्रतिदिन अधिक टिकाऊ प्रथाओं को शामिल कर रहे हैं।
- हरित रणनीतिक साझेदारी एक संपूर्ण ढाँचा प्रदान करती है क्योंकि यह इस बात पर ज़ोर देती है कि किस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय सहयोग ग्रीन ट्रांसमिशन (Green Transition) को तीव्र करने और वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने में मदद कर सकता है।
- यह साझेदारी आर्थिक संबंधों के विस्तार, हरित विकास और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों के सहयोग पर केंद्रित है।
  - हरित विकास शब्द उस आर्थिक विकास को वर्णित करने के लिये प्रयोग किया जाता है जो प्राकृतिक संसाधनों का स्थायी तरीके से उपयोग करता है।
- साझेदारी के तहत अन्य प्रमुख बिंदुओं में कोविड -19 महामारी से निपटना, जल का दक्षतापूर्ण उपयोग और इसके दुरूपयोग को रोकने हेतु सहयोग शामिल है।
- अत: विकल्प A सही है।

Q.30

उत्तर: D

व्याख्या

- शिंजियांग तकनीकी रूप से चीन भू-भाग में एक स्वायत्त क्षेत्र है - इसका सबसे बड़ा क्षेत्र, खनिजों में समृद्ध तथा भारत, पाकिस्तान, रूस और अफगानिस्तान सहित आठ देशों के साथ सीमा साझा करता है।
- यह पूर्व में चीनी प्रांतों- किंघई और गांसु, दक्षिण में तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र, अफगानिस्तान और दक्षिण-पश्चिम में कश्मीर के विवादित क्षेत्र, पश्चिम में किर्गिस्तान और तज़ाकिस्तान, उत्तर पश्चिम में कज़ाखस्तान, उत्तर में रूस से और उत्तर पूर्व में मंगोलिया से घिरा है। अत: विकल्प D सही है।



Q.31

उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में भारत और वियतनाम ने डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में सहयोग करने हेतु एक 'आशय पत्र' (LOI) पर हस्ताक्षर किये हैं, जिससे दोनों देशों के बीच साझेदारी को और मज़बूत करने का मार्ग प्रशस्त होगा।
- एकाधिक मंचों पर सहयोग:
  - वर्ष 2021 में भारत और वियतनाम दोनों संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अस्थाई सदस्यों के रूप में एक साथ कार्य कर रहे हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - भारत और वियतनाम दोनों ही पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन, मेकांग गंगा सहयोग, एशिया यूरोप बैठक (ASEM) जैसे विभिन्न क्षेत्रीय मंचों में घनिष्ठ सहयोग करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - मेकांग-गंगा सहयोग (MGC) पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा, परिवहन और संचार में सहयोग के लिये छह देशों- भारत और पाँच आसियान देशों अर्थात् कंबोडिया, लाओ, म्याँमार, थाईलैंड और वियतनाम द्वारा शुरू की गई एक पहल है।

Q.32

उत्तर: B

व्याख्या:

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया है, इसे "नगदग पेल जी खोरलो" के नाम से भी जाना जाता है।

- पुरस्कार की घोषणा भूटान के 114वें राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर की गई।
- यह भूटान का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है तथा भूटान साम्राज्य और वहाँ के आम लोगों की सेवा करने हेतु सम्मानित किया जाता है।

- 'द ऑर्डर ऑफ द ड्रैगन किंग' (ड्रक ग्यालपो) की स्थापना 7 नवंबर, 2008 को उन लोगों को पुरस्कृत करने के लिये की गई थी, जिन्होंने देश और भूटान के लोगों की जीवन भर सेवा की।
- यह सम्मान दो श्रेणियों में दिया जाता है और यह ऑर्डर ऑफ द ड्रैगन किंग भूटान का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। अत: विकल्प B सही है।

Q.33

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह सदस्य देशों के बीच परिवहन सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईरान, रूस और भारत द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग में 12 सितंबर, 2000 को स्थापित एक बहु-मॉडल परिवहन परियोजना है। अत: कथन 2 सही है।
  - INSTC में ग्यारह नए सदस्यों को शामिल करने के लिये इसका विस्तार किया गया। ये हैं- अज़रबैजान गणराज्य, आर्मेनिया गणराज्य, कज़ाखस्तान गणराज्य, किर्गिज़ गणराज्य, ताजिकिस्तान गणराज्य, तुर्की गणराज्य, यूक्रेन गणराज्य, बेलारूस गणराज्य, ओमान, सीरिया और बुल्गारिया (पर्यवेक्षक)।
- यह माल परिवहन के लिये जहाज़, रेल और सड़क मार्ग के 7,200 किलोमीटर लंबे मल्टी-मोड नेटवर्क को लागू करता है, जिसका उद्देश्य भारत और रूस के बीच परिवहन लागत को लगभग 30% कम करना तथा पारगमन समय को 40 दिनों के आधे से अधिक कम करना है।
- यह कॉरिडोर इस्लामिक गणराज्य ईरान के माध्यम से हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को कैस्पियन सागर से जोड़ता है तथा रूसी संघ के माध्यम से सेंट पीटर्सबर्ग एवं उत्तरी यूरोप से जुड़ा हुआ है। अत: कथन 1 सही है।



Q.34

उत्तर: A

व्याख्या:

- दिसंबर 1973 में जेद्दा में आयोजित मुस्लिम देशों के वित्त मंत्रियों के सम्मेलन में की गई घोषणा के अनुसरण में इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक की स्थापना एक अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थान के रूप में की गई तथा बैंक द्वारा अक्तूबर 1975 से औपचारिक रूप से कार्य शुरू किया गया।
  - बैंक का उद्देश्य सदस्य देशों और मुस्लिम समुदायों के आर्थिक विकास एवं सामाजिक प्रगति को व्यक्तिगत रूप से तथा साथ ही संयुक्त रूप से शरीयत के सिद्धांतों अर्थात् इस्लामिक कानून के अनुसार बढ़ावा देना है। अत: कथन 1 सही है।
  - बैंक का प्रधान कार्यालय सऊदी अरब के जेद्दा में अवस्थित है।
- वर्तमान में 56 देश इस बैंक के सदस्य हैं।

सदस्यता के लिये मूल शर्त यह है कि संभावित सदस्य देश को OIC का सदस्य होना चाहिये, बैंक की पूंजी में योगदान करना चाहिये और उन नियमों एवं शर्तों को स्वीकार करने के लिये तैयार होना चाहिये जिनका निर्धारण OIC बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा निर्धारित किया गया हो। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.35

उत्तर: C

व्याख्या:

- इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) दुनिया भर में मुस्लिम जगत की सामूहिकता का प्रतिनिधित्व करता है। कुल 57 देशों की सदस्यता के साथ यह संयुक्त राष्ट्र (UN) के बाद दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है।
- इसका गठन सितंबर 1969 में मोरक्को के रबात में हुए ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मुख्यालय: जेद्दाह (सऊदी अरब)। अत: कथन 2 सही है।
- भारत OIC का सदस्य नहीं है। हालाँकि वर्ष 2019 में विदेश मंत्री परिषद के 46वें सत्र में भारत को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

Q.36

उत्तर: D

व्याख्या:

- कच्चातीवु द्वीप, पाक जलडमरूमध्य में एक निर्जन अपतटीय द्वीप है, जो मूल रूप से रामनाद (वर्तमान रामनाथपुरम, तमिलनाडु) के एक राजा के स्वामित्व में है।

- इस द्वीप का उपयोग मछुआरे अपने जाल सुखाने के लिये करते हैं।
- ब्रिटिश शासन के दौरान इसे भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से प्रशासित किया गया था।
- 20वीं शताब्दी की शुरुआत में श्रीलंका ने टापू पर क्षेत्रीय स्वामित्व का दावा किया, इसलिये वर्ष 1974 में भारत ने एक संयुक्त समझौते के माध्यम से इस द्वीप को श्रीलंका को सौंप दिया।
- दो वर्ष बाद एक और समझौते के माध्यम से भारत ने इस क्षेत्र में अपने मछली पकड़ने के अधिकारों को भी छोड़ दिया। अत: विकल्प D सही है।

Q.37

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया है, इसे "नगदग पेल जी खोरलो" के नाम से भी जाना जाता है।
- प्रधानमंत्री द्वारा प्राप्त किये गए अन्य पुरस्कार हैं:
  - अब्दुल अज़ीज़ अल सऊद ऑर्डर (2016): यह सऊदी अरब का सर्वोच्च सम्मान है जो गैर-मुस्लिम गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाता है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
  - गाज़ी अमीर अमानुल्लाह खान स्टेट ऑर्डर (2016): अफगानिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।
  - फिलिस्तीन राज्य का ग्रैंड कॉलर पुरस्कार (2018): विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाने वाला फिलिस्तीन का सर्वोच्च सम्मान है।
  - ऑर्डर ऑफ़ ज़ायद अवार्ड (2019): संयुक्त अरब अमीरात का सर्वोच्च नागरिक सम्मान। अत: युग्म 2 सुमेलित नहीं है।
  - ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू अवार्ड (2019): रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। अत: युग्म 4 सुमेलित नहीं है।
  - ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन (2019) मालदीव का सर्वोच्च सम्मान है जो विदेशी गणमान्य व्यक्तियों को दिया जाता है।
  - पुनर्जागरण के राजा हमद आदेश- प्रथम श्रेणी (2019): बहरीन का सर्वोच्च सम्मान।

Q.38

उत्तर: B

व्याख्या:

- कुल 57 देशों की सदस्यता के साथ यह संयुक्त राष्ट्र (UN) के बाद दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है।
  - यह संगठन दुनिया भर में मुस्लिम जगत की सामूहिकता का प्रतिनिधित्व करता है। यह दुनिया के विभिन्न देशों के लोगों के बीच अंतर्राष्ट्रीय शांति और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने के साथ ही दुनिया के मुस्लिम समुदायों के हितों की रक्षा एवं संरक्षण का प्रयास करता है।
- इसका गठन सितंबर 1969 में मोरक्को के रबात में हुए ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान किया गया था।
- मुख्यालय: जेद्दाह (सऊदी अरब) अत: विकल्प B सही है।

Q.39

उत्तर: A

व्याख्या:

- चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) एक मल्टी-अरब डॉलर की पहल है। दुनिया में इसका उद्देश्य विश्व में बड़ी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को शुरू करना है जो बदले में चीन के वैश्विक प्रभाव को बढ़ाएगा।
  - इसका उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप को भूमि एवं समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें पाँच प्रकार की गतिविधियाँ शामिल हैं- नीति समन्वय, व्यापार संवर्द्धन, भौतिक संपर्क, रॅन्मिन्बी (चीन की मुद्रा) का अंतर्राष्ट्रीयकरण और पीपल-टू-पीपल संपर्क।
- BRI के तहत मार्ग:
  - न्यू सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट: इसमें चीन के उत्तर में व्यापार और निवेश केंद्र शामिल हैं; जिसमें म्याँमार एवं भारत के माध्यम से यूरेशिया तक पहुँच बनाना है।
  - मैरीटाइम सिल्क रोड (MSR): यह दक्षिण चीन सागर से शुरू होकर भारत-चीन, दक्षिण-पूर्व एशिया की ओर जाती है और फिर हिंद महासागर के आसपास अफ्रीका एवं यूरोप तक पहुँचती है। अत: कथन 2 सही है।

- बीआरआई के प्रतिपक्ष में पहल:
  - B3W पहल: G7 देशों ने चीन के BRI का मुकाबला करने के लिये 47वें G7 शिखर सम्मेलन में 'बिल्ड बैक बेटर वर्ल्ड (B3W) पहल' का प्रस्ताव रखा।
- इसका उद्देश्य विकासशील और कम आय वाले देशों में बुनियादी ढाँचे के निवेश घाटे को दूर करना है।
  - ब्लू डॉट नेटवर्क (BDN): यह अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया द्वारा गठित एक बहु-हितधारक पहल है, जो वैश्विक बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये उच्च गुणवत्ता, विश्वसनीय मानकों को बढ़ावा देने तथा सरकारों, निजी क्षेत्र एवं नागरिक समाज को एक साथ लाने के लिये बनाई गई है।
    - BDN को औपचारिक रूप से नवंबर 2019 में बैंकॉक, थाईलैंड में इंडो-पैसिफिक बिज़नेस फोरम में घोषित किया गया था। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - ग्लोबल गेटवे: बीआरआई के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने के लिये यूरोपीय संघ ने हाल ही में ग्लोबल गेटवे नामक एक नई बुनियादी ढाँचा विकास योजना शुरू की।

Q.40

उत्तर: D

व्याख्या

- मई 2020 में शुरू किया गया 'मिशन सागर' हिंद महासागर के तटवर्ती राज्यों में देशों को कोविड-19 संबंधित सहायता प्रदान करने हेतु भारत की पहल थी। इसके तहत मालदीव, मॉरीशस, मेडागास्कर, कोमोरोस और सेशेल्स जैसे देश शामिल थे।
  - मिशन सागर 'के तहत भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) और उसके तटवर्ती देशों में चिकित्सा और मानवीय सहायता भेजने के लिये अपने जहाज़ों को तैनात कर रही है।
  - इस मिशन के तहत भारतीय नौसेना ने 15 मित्र देशों को 3,000 मीट्रिक टन से अधिक खाद्य सहायता, 300 मीट्रिक टन से अधिक तरल चिकित्सा ऑक्सीजन, 900 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और 20 आईएसओ कंटेनरों की सहायता प्रदान की है। अत: विकल्प D सही है।

Q.41

उत्तर: D

व्याख्या:

भारत-लंका समझौता:

- इस समझौते के सूत्रधार भारत के प्रधानमंत्री राजीव गांधी और श्रीलंका के राष्ट्रपति जे.आर. जयवर्धने थे, यह समझौता मुख्य रूप से राजीव-जयवर्धने समझौते के रूप में जाना जाता है। वर्ष 1987 में इस समझोते पर हस्ताक्षर किये गए थे। अत: कथन 1 सही है।
- इस समझौते पर श्रीलंका में गृहयुद्ध (तमिलों और सिंहल समुदाय के बीच) के बहाने हस्ताक्षर किये गए थे। अत: कथन 2 सही है।
  - समझौते में भारत के सामरिक हितों, श्रीलंका में भारतीय मूल के लोगों के हितों और श्रीलंका में तमिल अल्पसंख्यकों के अधिकारों को संतुलित करने की मांग की गई थी।.
- समझौते के तहत श्रीलंकाई गृहयुद्ध को हल करने हेतु श्रीलंका में भारतीय शांति रक्षा बल (Indian Peace Keeping Force- IPKF) की तैनाती की गई। अत: कथन 3 सही है।
- समझौते के परिणामस्वरूप श्रीलंका के संविधान में 13वें सविधान संशोधन और वर्ष 1987 के प्रांतीय परिषद अधिनियम को भी लागू किया गया।

Q.42

उत्तर: D

व्याख्या

- सितंबर 2021 में अमेरिका ने ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका (AUKUS) के बीच इंडो-पैसिफिक के लिये एक नई त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी की घोषणा की थी। अत: कथन 1 सही है।
- हाल ही में ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और ब्रिटेन ने संवेदनशील 'नौसेना परमाणु प्रणोदन सूचना' के आदान-प्रदान की अनुमति देने वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- बीते दिनों प्रशांत क्षेत्र, जहाँ चीन-अमेरिका प्रतिद्वंद्विता बढ़ रही है, में सामरिक तनाव का सामना करने हेतु तीनों देशों ने रक्षा गठबंधन, 'ऑकस' का गठन किया था, जिसके बाद सार्वजनिक रूप से हस्ताक्षरित होने वाली प्रौद्योगिकी पर यह पहला समझौता है।
- इसका इंडो-पैसिफिक उन्मुखीकरण इसे दक्षिण चीन सागर में चीन की मुखर कार्रवाइयों के खिलाफ एक प्रमुख गठबंधन बनाता है। अत: कथन 2 सही है।
- इस व्यवस्था का प्रमुख उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया हेतु अमेरिकी परमाणु पनडुब्बी प्रौद्योगिकी का साझाकरण सुनिश्चित करना है। अत: कथन 3 सही है।

Q.43

उत्तर: B

व्याख्या:

अधिमानी व्यापार समझौतों (PTA)

- PTA या वरीयता की सामान्यीकृत प्रणाली (GSP) विभिन्न देशों द्वारा व्यापार में दी गई एक विशेष स्थिति है। इस प्रकार के समझौते में दो या दो से अधिक भागीदार एक निश्चित संख्या में टैरिफ लाइनों पर ड्यूटी कम करके कुछ उत्पादों में प्रवेश का अधिमान्य अधिकार देते हैं।

यहाँ तक कि PTA में भी कुछ उत्पादों के लिये शुल्क घटाकर शून्य किया जा सकता है। भारत ने अफगानिस्तान के साथ एक PTA हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है परन्तु कथन 2 सही है।

Q.44

उत्तर: D

व्याख्या:

मिन्स्क समझौते:

- मिन्स्क I: यूक्रेन और रूसी समर्थित अलगाववादियों ने सितंबर 2014 में बेलारूस की राजधानी में 12-सूत्रीय संघर्ष विराम समझौते पर सहमति व्यक्त की।
  - इसके प्रावधानों में कैदियों का आदान-प्रदान, मानवीय सहायता की सुलभता और भारी हथियारों को कम करना शामिल था।
  - दोनों पक्षों द्वारा उल्लंघन किये जाने पर समझौता जल्दी टूट गया।
- मिन्स्क II: वर्ष 2015 में फ्राँस और जर्मनी की मध्यस्थता के तहत, 'मिन्स्क II' शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने के बाद एक खुला संघर्ष टल गया था।
  - इसे विद्रोही क्षेत्रों में लड़ाई को समाप्त करने और सीमा को यूक्रेन के राष्ट्रीय सैनिकों को सौंपने के लिये डिज़ाइन किया गया था।
  - इस पर रूस, यूक्रेन के प्रतिनिधियों, यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन (ओएससीई) और दो रूसी समर्थक अलगाववादी क्षेत्रों के नेताओं द्वारा हस्ताक्षर किये गए थे। अत: विकल्प D सही है।

Q.45

उत्तर: C

व्याख्या:

- चिली को आधिकारिक तौर पर चिली गणराज्य के रूप में जाना जाता है। इसकी राजधानी सैंटियागो है।
- यह एक दक्षिण अमेरिकी देश है जो पूर्व में एंडीज़ और पश्चिम में प्रशांत महासागर के बीच भूमि की एक संकीर्ण के आकार में विस्तृत है।
- इसके उत्तर में पेरू, उत्तर पूर्व में बोलीविया, पूर्व में अर्जेंटीना और दक्षिण में ड्रेक पैसेज हैं।
- अटाकामा रेगिस्तान दुनिया के सबसे शुष्क स्थानों में से एक है और चिली के उत्तरी हिस्से को छूता है और सोडियम नाइट्रेट उर्वरक का स्रोत है।
  - ठंडी उत्तर-बहने वाली हम्बोल्ट महासागरीय धारा के निरंतर तापमान व्युत्क्रम के कारण इसकी शुष्कता का कारण है।
- चुक्वीकमाटा चिली का विश्व का सबसे बड़ा ताँबे का शहर है। अत: विकल्प C सही है।

Q.46

उत्तर: C

व्याख्या:

- इसे समुद्र के नियम के रूप में भी जाना जाता है यह समुद्री क्षेत्रों को पाँच मुख्य क्षेत्रों में विभाजित करता है अर्थात्- आंतरिक जल, प्रादेशिक सागर, सन्निहित क्षेत्र, विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (EEZ) और हाई सीज़। अत: कथन 1 सही है।
- यह तटीय देशों और महासागरों को नेविगेट करने वालों द्वारा अपतटीय शासन के लिये मज़बूती प्रदान करता है।
- यह न केवल तटीय देशों के अपतटीय क्षेत्रों का ज़ोन है बल्कि पाँच संकेंद्रित क्षेत्रों में देशों के अधिकारों और ज़िम्मेदारियों के लिये विशिष्ट मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। सामुद्रिक कानून पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCLOS) 1982 एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो समुद्री और समुद्री गतिविधियों के लिये कानूनी ढाँचा स्थापित करता है। अत: कथन 2 सही है।
- जबकि UNCLOS पर दक्षिण चीन सागर में लगभग सभी तटीय देशों द्वारा हस्ताक्षर और पुष्टि की गई है किंतु इसकी व्याख्या अभी भी बहुत विवादित है।
  - पूर्वी चीन सागर में भी समुद्री विवाद है।

Q.47

उत्तर: A

व्याख्या:

- वर्ल्ड प्रोग्राम ऑफ एक्शन (WPA): यह विकलांगता की रोकथाम, पुनर्वास और अवसरों की समानता को बढ़ावा देने हेतु एक वैश्विक रणनीति है, जो विकलांगता को सामाजिक जीवन तथा राष्ट्रीय विकास के दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता पर भी बल देता है। अत: विकल्प A सही है।

Q.48

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह एक क्षेत्रीय संगठन है जिसमें सात देश शामिल हैं।
- इसके 7 सदस्यों में से 5 सदस्य- बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल और श्रीलंका दक्षिण एशिया से हैं तथा दो- म्याँमार और थाईलैंड दक्षिण-पूर्व एशिया से हैं।
- यह भारत और पाकिस्तान के बीच मतभेदों के चलते दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क-SAARC) के महत्त्वहीन हो जाने के कारण भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ जुड़ने हेतु एक नया मंच प्रदान करता है।
- अंतर-क्षेत्रीय सहयोग पर ध्यान देने केंद्रित करने के साथ-साथ, बिम्सटेक ने दक्षेस यानी SAARC और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (Association of Southeast Asian Nations-ASEAN) के सदस्य देशों के साथ एक साझा मंच का निर्माण भी किया है।
- सचिवालय: ढाका, बांग्लादेश। अत: विकल्प C सही है।

Q.49

उत्तर: C

व्याख्या:

- मिन्स्क (Minsk) समझौते: I और II पर रूस, यूक्रेन के प्रतिनिधियों, यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन (OSCE) दो रूसी समर्थक अलगाववादी क्षेत्रों के नेताओं द्वारा हस्ताक्षर किये गए थे।
- यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन (OSCE) मिन्स्क समूह, जिसकी अध्यक्षता फ्राँस, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका करते हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - OSCE विश्व का सबसे बड़ा सुरक्षा-उन्मुख अंतर-सरकारी संगठन है। इसके जनादेश (Mandate) में हथियार नियंत्रण, मानवाधिकारों को बढ़ावा देना, प्रेस की स्वतंत्रता और निष्पक्ष चुनाव जैसे मुद्दे शामिल हैं।
  - OSCE मिन्स्क समूह (OSCE Minsk Group) को वर्ष 1992 में यूरोप में सुरक्षा और सहयोग सम्मेलन (CSCE) द्वारा नागोर्नो-कराबाख पर अज़रबैजान और आर्मेनिया के बीच संघर्ष के शांतिपूर्ण, बातचीत के समाधान को प्रोत्साहित करने के लिये बनाया गया था। अत: कथन 2 सही है।

Q.50

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में बारबाडोस (Barbados) ने आधिकारिक तौर पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय (Queen Elizabeth II) को अपने राष्ट्र के प्रमुख पद से हटा दिया है और देश के ब्रिटिश उपनिवेश बनने के लगभग 400 वर्षों बाद दुनिया का सबसे नया गणराज्य बन गया है।
- कैरेबियाई द्वीप राष्ट्र अपनी स्वतंत्रता के 55 वर्षों बाद ब्रिटेन से अलग होकर औपनिवेशिक शासन के प्रभाव से मुक्त हो पाया।
- हालाँकि बारबाडोस 54 राष्ट्रमंडल देशों में से एक बना रहेगा। अत: विकल्प B सही है।

Q.51

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में यूरोपीय आयोग (यूरोपीय संघ के कार्यकारी निकाय) ने वैश्विक गेटवे नामक एक योजना की घोषणा की है, जो दुनिया भर में सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढाँचे के निवेश में वर्ष 2027 तक 300 अरब यूरो जुटाने के लिये है।
  - हालाँकि इस योजना में चीन का जिक्र नहीं है, लेकिन इसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव की प्रतिक्रिया के रूप में देखा जा रहा है।
- ग्लोबल गेटवे के साथ यूरोपीय संघ अपने भागीदारों की ज़रूरतों को तत्काल पूरा करने के लिये प्रतिक्रिया करेगा:
  - सतत् और उच्च गुणवत्ता वाले डिजिटल, जलवायु और ऊर्जा तथा परिवहन बुनियादी ढाँचे का विकास करना।
  - दुनिया भर में स्वास्थ्य, शिक्षा और अनुसंधान प्रणालियों को मज़बूत करना।
- यूरोपीय संघ परियोजना के वित्तपोषण के लिये 'सतत् विकास प्लस' नामक अपने यूरोपीय फंड का उपयोग करेगा।
- यूरोपीय संघ की यह रणनीति G7 की बिल्ड बैक बेटर वर्ल्ड (B3W) पहल की एक शाखा है। अत: विकल्प A सही है।

Q.52

उत्तर: B

व्याख्या:

- दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) एक क्षेत्रीय समूह है जो आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देता है।
  - आसियान के संस्थापको अर्थात् इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ इसकी स्थापना अगस्त 1967 में बैंकॉक, थाईलैंड में हुई थी। ।अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सदस्य राज्यों के अंग्रेजी नामों के वर्णानुक्रम के आधार पर इसकी अध्यक्षता प्रति वर्ष रोटेट होती है।
- आसियान देशों की कुल आबादी 650 मिलियन है और संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। यह लगभग 86.9 बिलियन अमरीकी डॉलर के व्यापार के साथ भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। अत: कथन 2 सही है।

Q.53

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्ष 2005 में स्थापित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के समक्ष उत्पन्न होने वाली प्रमुख राजनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों पर रणनीतिक बातचीत एवं सहयोग हेतु 18 क्षेत्रीय नेताओं (देशों) का एक मंच है।
  - इसमें आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) के दस सदस्य देश- ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम है।
    - 8 अन्य देश- ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, भारत, न्यूज़ीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस एवं संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
  - यह आसियान देशों पर केंद्रित एक मंच है, इसलिये इसकी अध्यक्षता केवल आसियान सदस्य ही कर सकता है। अत: कथन 2 सही है।
    - वर्ष 2021 के लिये इसकी अध्यक्षता ब्रुनेई दारुस्सलाम (Brunei Darussalam) के पास है।
- भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन:
  - भारत पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के संस्थापक सदस्यों में से एक है। अत: कथन 1 सही है।
  - भारत ने नवंबर 2019 में बैंकॉक में आयोजित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत की इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव (IPOI) का अनावरण किया था, जिसका उद्देश्य एक सुरक्षित और स्थिर समुद्री डोमेन या अधिकार क्षेत्र के निर्माण के लिये भागीदार बनाना है।

Q.54

उत्तर: A

व्याख्या:

- वेस्ट बैंक की सीमा पूर्व में जॉर्डन और दक्षिण, पश्चिम और उत्तर में इज़रायल से लगती है।

अत: विकल्प A सही है।

Q.55

उत्तर: C

व्याख्या:

भारत-फ्राँस रक्षा संबंधों के बारे में:

- हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिये ऑस्ट्रेलिया, यूके और यूएसए के बीच एक नई त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी 'ऑकस' (AUKUS) की घोषणा की गई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- दोनों देशों ने पारस्परिक 'लॉजिस्टिक्स सपोर्ट एग्रीमेंट' (Logistics Support Agreement- LSA) के प्रावधान के संबंध में समझौते पर भी हस्ताक्षर किये। अत: कथन 2 सही है।
  - यह समझौता नियमित पोर्ट कॉल के साथ-साथ मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) के तहत अन्य देशों के युद्धपोतों, सैन्य विमानों एवं सैनिकों के लिये ईंधन, राशन, उपकरणों तथा बर्थिंग व रखरखाव की पुन:पूर्ति की सुविधा में मदद करेगा।

- हाल ही में फ्राँस हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) का 23वाँ सदस्य बन गया है।
  - यह पहली बार है कि कोई ऐसा देश जिसकी मुख्य भूमि हिंद महासागर में नहीं है और उसे IORA की सदस्यता प्रदान की गई है। अत: कथन 3 सही है।

Q.56

उत्तर: C

व्याख्या:

- वायु मार्ग शासन की स्वतंत्रता वर्ष 1944 के शिकागो कन्वेंशन से निर्गत है।
- कन्वेंशन के हस्ताक्षरकर्ताओं ने ऐसे नियम निर्धारित करने का निर्णय लिया जो अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक विमानन के लिये मौलिक निर्माण प्रक्रिया (Building Blocks) के रूप में कार्य करेंगे। अत: कथन 1 सही है।

  शिकागो कन्वेंशन ने वायु मार्ग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय परिवहन की अनुमति देने वाले प्रमुख सिद्धांतों की स्थापना की और अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) के निर्माण का भी नेतृत्व किया।
  - अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) संयुक्त राष्ट्र (United Nations-UN) की एक विशिष्ट एजेंसी है, जिसे वर्ष 1944 में स्थापित किया गया था, जिसने शांतिपूर्ण वैश्विक हवाई नेविगेशन के लिये मानकों और प्रक्रियाओं की नींव रखी। अत: कथन 2 सही है।

Q.57

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में अफगानिस्तान पर दिल्ली क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता (Delhi Regional Security Dialogue) का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्रीय देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (National Security Advisors- NSA) ने हिस्सा लिया तथा इसकी अध्यक्षता भारतीय सुरक्षा सलाहकार (Indian NSA) द्वारा की गई।
- बैठक में अफगान लोगों को 'तत्काल मानवीय सहायता' (Urgent Humanitarian Assistance) का आह्वान किया गया और अफगान परिदृश्य पर क्षेत्रीय देशों के मध्य घनिष्ठ सहयोग एवं परामर्श का आग्रह किया गया।
- यह क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता की तीसरी बैठक है (इससे पहले की दो बैठकें वर्ष 2018 और 2019 में ईरान में संपन्न हुईं)। अत: विकल्प C सही है।

Q.58

उत्तर: D

व्याख्या:

भारत-स्वीडन बहुपक्षीय संबंध:

- भारत और स्वीडन ने संयुक्त रूप से वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) के सहयोग से लीडरशिप ग्रुप ऑन इंडस्ट्री ट्रांज़िशन (LeadIT) लॉन्च किया। अत: कथन 1 सही है।
- 1980 के दशक में भारत और स्वीडन ने 'सिक्स नेशन पीस समिट' (जिसमें अर्जेंटीना, ग्रीस, मैक्सिको और तंजानिया भी शामिल थे) के फ्रेमवर्क के अंतर्गत परमाणु निरस्त्रीकरण के मुद्दों पर एक साथ काम किया। अत: कथन 2 सही है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत और स्वीडन मानवीय मामलों पर एक वार्षिक संयुक्त वक्तव्य प्रस्तुत करते हैं।
- वर्ष 2013 में स्वीडिश प्रेसीडेंसी के दौरान भारत किरुना मंत्रिस्तरीय बैठक में एक पर्यवेक्षक के रूप में आर्कटिक परिषद में शामिल हुआ। अत: कथन 3 सही है।

Q.59

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत-फ्राँस सैन्य अभ्यास शक्ति (SHAKTI) 2021 (द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास) का छठा संस्करण नवंबर में फ्राँस के फ्रेजस (Frejus) में आयोजित किया जाएगा।
  - गगन शक्ति का संचालन भारतीय वायुसेना द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र के सम्पूर्ण विस्तारित क्षेत्र में अपने वायु सैन्य क्षमता के प्रभुत्व को प्रदर्शित करने के लिये किया जाता है।
  - गरुड़ शक्ति भारत और इंडोनेशिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
  - मित्र शक्ति भारत और श्रीलंका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
  - हरिमऊ शक्ति भारत-मलेशिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास है। अत: विकल्प D सही है।

Q.60

उत्तर: C

व्याख्या

- लाल सागर एक अर्द्ध-संलग्न उष्णकटिबंधीय बेसिन (Semi-Enclosed Tropical Basin) है, जो उत्तर-पूर्व में अफ्रीका, पश्चिम और पूर्व में अरब प्रायद्वीप से घिरा हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
- लंबा और संकीर्ण आकार का यह बेसिन भूमध्य सागर के मध्य और उत्तर-पश्चिम तथा हिंद महासागर से दक्षिण-पूर्व तक फैला हुआ है।

- उत्तरी छोर पर यह अकाबा की खाड़ी (Gulf of Aqaba) और स्वेज़ की खाड़ी (Gulf of Suez) से अलग हो जाता है, जो स्वेज़ नहर के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ा हुआ है।
- दक्षिणी छोर पर यह बाब अल मंदेब (Bab-el-Mandeb) जलडमरूमध्य द्वारा अदन की खाड़ी और बाहरी हिंद महासागर से जुड़ा हुआ है। अत: कथन 2 सही है।
- यह रेगिस्तानी या अर्द्ध-रेगिस्तानी क्षेत्रों से घिरा हुआ है, जिसमें कोई भी बड़ा ताज़े पानी का प्रवाह नहीं है।
- 6 सीमावर्ती देश: यमन; सऊदी अरब; मिस्र; सूडान; इरिट्रिया; जिबूती।

Q.61

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास सिंगापुर-भारत-थाईलैंड समुद्री अभ्यास (SITMEX) का तीसरा संस्करण हिंद महासागर के अंडमान सागर में आयोजित किया गया है।
  - यह अभ्यास वार्षिक तौर पर आयोजित किया जाता है और जून 2018 में शांगरी-ला (Shangri-La) संवाद में भारत द्वारा इसकी घोषणा की गई थी।
    - इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्टडीज़ (IISS) शांगरी-ला संवाद एशिया का प्रमुख रक्षा शिखर सम्मेलन है। इसे वर्ष 2002 में लॉन्च किया गया था।
- इसका उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में व्यापक समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने की दिशा में आपसी संबंधों को मज़बूत करना और सामान्य समझ और प्रक्रियाओं को विकसित करना है।
  - यह अभ्यास भारत की सागर (SAGAR-हिंद महासागरीय क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा एवं संवृद्धि) नीति के उद्देश्यों के अनुरूप हैं। अत: विकल्प D सही है।

Q.62

उत्तर: D

व्याख्या

- बिल्ड बैक बेटर प्लान विकासशील और निम्न-आय वाले देशों के लिये G-7 देशों द्वारा प्रस्तावित एक कोविड-19 राहत, भविष्य का आर्थिक और बुनियादी ढाँचा पैकेज है।
- B3W पहल को चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) का मुकाबला करने के लिये एक पहल के रूप में देखा जा रहा है।
- B3W के घटक:
  - जलवायु
  - स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सुरक्षा
  - डिजिटल टेक्नोलॉजी
  - लैंगिक समानता अत: विकल्प D सही है।

Q.63

उत्तर: A

व्याख्या:

- हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) (प्रमुखों के सम्मेलन) के 7वें संस्करण की मेज़बानी फ्राँसीसी नौसेना द्वारा पेरिस में 15-16 नवंबर, 2021 से की जा रही है।
- 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (IONS) एक स्वैच्छिक और समावेशी पहल है, जो समुद्री सहयोग व क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय राज्यों की नौसेनाओं को एक साथ लाती है। अत: कथन 1 सही है।
- यह प्राकृतिक आपदाओं के विरुद्ध एक प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (HADR) सुनिश्चित करने का भी कार्य करती है।
- 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (IONS) की अध्यक्षता भारत (2008-10), संयुक्त अरब अमीरात (2010-12), दक्षिण अफ्रीका (2012-14), ऑस्ट्रेलिया (2014-16), बांग्लादेश (2016-18) और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान (2018-21) द्वारा की गई है। फ्राँस ने जून 2021 में दो वर्ष के कार्यकाल के लिये अध्यक्षता ग्रहण की। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.64

उत्तर: B

व्याख्या

- यह ऑस्ट्रेलियन स्ट्रेटेजिक पॉलिसी इंस्टीट्यूट' की एक पहल है।

- यह दुनिया में कानून व्यवस्था की स्थिति और डिजिटल डोमेन पर चर्चा करने के लिये साइबर और महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों का एक वार्षिक शिखर सम्मेलन है।
- हाल ही में प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिडनी डायलॉग के उद्घाटन में मुख्य भाषण दिया। अत: विकल्प B सही है।

Q.65

उत्तर: A

व्याख्या:

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के बारे में

- ICJ संयुक्त राष्ट्र (UN) का एक प्रमुख न्यायिक अंग है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर द्वारा की गई और वर्ष 1946 में इसने अंतर्राष्ट्रीय न्याय के स्थायी न्यायालय (Permanent Court of International Justice-PCIJ) के उत्तराधिकारी के रूप में काम करना शुरू किया।
- यह राष्ट्रों के बीच कानूनी विवादों को सुलझाता है और अधिकृत संयुक्त राष्ट्र के अंगों तथा विशेष एजेंसियों द्वारा निर्दिष्ट कानूनी प्रश्नों पर अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार सलाह देता है।
- यह हेग (नीदरलैंड्स) के पीस पैलेस में स्थित है। अत: विकल्प A सही है।

Q.66

उत्तर: B

व्याख्या

- भारत, मालदीव और श्रीलंका के बीच द्विवार्षिक त्रिपक्षीय तटरक्षक अभ्यास 'दोस्ती' के 15वें संस्करण का आयोजन मालदीव में किया गया।
- इस अभ्यास ने वर्ष 2021 में 30 वर्ष पूरे कर लिये हैं। अत: विकल्प B सही है।

Q.67

उत्तर: D

व्याख्या

- ब्रिक्स सदस्य देशों ने समूह की 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचालन समिति' की 12वीं बैठक के दौरान भारत द्वारा प्रस्तावित विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार (STI) के नेतृत्व वाली 'ब्रिक्स नवाचार सहयोग कार्ययोजना' (2021-24) पर सहमति व्यक्त की है।
- यह एक-दूसरे के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के अनुभवों को साझा करने के साथ ही नवप्रवर्तकों तथा उद्यमियों को नेटवर्किंग की सुविधा प्रदान करेगी।
- विषयगत क्षेत्रों में शामिल हैं:
  - ट्रांसिएंट एस्ट्रोनॉमिकल इवेंट्स एंड डीप सर्वे साइंस, एंटीमाइक्रोबियल रेज़िस्टेंस (AMR), बिग डेटा एनालिटिक्स, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप ऑन फोटोनिक, नैनोफोटोनिक्स और मेटामैटेरियल्स फॉर एड्रेसिंग बायोमेडिसिन, एग्रीकल्चर, फूड इंडस्ट्री, एनर्जी हार्वेस्टिंग इश्यूज़ आदि। अत: विकल्प D सही है।
- योजना के अनुसार ब्रिक्स मंत्रियों और उनके प्रतिनिधियों ने 2020-2021 की गतिविधियों के लिये ब्रिक्स विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार कैलेंडर का समर्थन किया।

Q.68

उत्तर:D

व्याख्या:

- हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा इंडिया यंग वाटर प्रोफेशनल प्रोग्राम (India Young Water Professional Programme) के पहले संस्करण की शुरुआत की गई।
- यह कार्यक्रम ऑस्ट्रेलिया-भारत जल संबंधों में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भविष्य का जल नेतृत्वकर्त्ता तैयार करना है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह कार्यक्रम राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के तहत शुरू किया गया है। इसे ऑस्ट्रेलिया-इंडिया वाटर सेंटर (ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय विश्वविद्यालयों का एक संघ) द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 2016 में इसे जल शक्ति मंत्रालय द्वारा केंद्रीय क्षेत्र की योजना के रूप में शुरू किया गया था और यह विश्व बैंक द्वारा समर्थित है। अत: कथन 3 सही है।

Q.69

उत्तर: C

व्याख्या

- भारतीय नौसेना और इंडोनेशियाई नौसेना के बीच भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्ती (इंडो-इंडोनेशिया कॉर्पेट) का 37वाँ संस्करण आयोजित किया जा रहा है।
- 'कॉर्पेट' अभ्यास नौसेनाओं के बीच समन्वय एवं अंत:क्रियाशीलता के निर्माण में मदद करता है और मछली पकड़ने की अवैध व अनियंत्रित गतिविधियों की रोकथाम तथा मादक पदार्थों की तस्करी, समुद्री डकैती की रोकथाम हेतु सूचनाओं के आदान-प्रदान, अवैध प्रवासन व समुद्र में खोज एवं बचाव कार्यों हेतु महत्त्वपूर्ण है।
- समुद्री संपर्कों को सुदृढ़ करने हेतु दोनों नौसेनाएँ वर्ष 2002 से वर्ष में दो बार अपनी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के साथ 'कॉर्पेट' अभ्यास का संचालन कर रही हैं। अत: विकल्प C सही है।

Q.70

उत्तर: D

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) संयुक्त राष्ट्र की विशिष्ट एजेंसी है जो उत्तरदायी, धारणीय और सार्वभौमिक रूप से सुलभ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये ज़िम्मेदार है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसकी स्थापना वर्ष 1975 में की गई थी। इसका मुख्यालय मैड्रिड (स्पेन) में स्थित है। अत: कथन 2 सही है।
  - UNWTO पर्यटन के लिये वैश्विक आचार संहिता के कार्यान्वयन को प्रोत्साहित करता है, ताकि इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम करते हुए पर्यटन के सामाजिक-आर्थिक योगदान को बढ़ाया जा सके।
- बेस्ट टूरिज़्म विलेज इनिशिएटिव उन गाँवों के महत्त्व को उजागर करने के लिये UNWTO द्वारा संचालित एक पायलट प्रोजेक्ट है, जो पर्यटन संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने, सामूहिक उत्सव को प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान करता है और जैव विविधता की सुरक्षा करता है। अत: कथन 3 सही है।
  - इसका उद्देश्य उन गाँवों को पुरस्कृत करना है जो ग्रामीण स्थलों के उत्कृष्ट उदाहरण हैं और इसके निर्दिष्ट नौ मूल्यांकन क्षेत्रों के अनुरूप अच्छी प्रथाओं का प्रदर्शन करते हैं।

Q.71

उत्तर: C

व्याख्या:

- हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) को वर्ष 1997 में स्थापित किया गया था और यह एक क्षेत्रीय मंच है जो सर्वसम्मति-आधारित, विकासवादी और गैर-घुसपैठ दृष्टिकोण के माध्यम से समझ एवं पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग का निर्माण व विस्तार करना चाहता है।
- IORA के 23 सदस्य देश हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कोमोरोस, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, केन्या, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, मॉरीशस, मोज़ाम्बिक, ओमान, सेशेल्स, सिंगापुर, सोमालिया, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, तंजानिया, थाईलैंड, यूएई, यमन और फ्राँस शामिल हैं।
  - हाल ही में फ्राँस हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) का 23वाँ सदस्य बन गया है।
- IORA का मुख्यालय साइबर सिटी, एबेन, मॉरीशस में स्थित है।
- IORA के 9 वार्ता भागीदार देश हैं: चीन, मिस्र, जर्मनी, इटली, जापान, तुर्की, कोरिया गणराज्य, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका। अत: विकल्प C सही है।

Q.72

उत्तर: D

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशिष्ट एजेंसी है, जिसे वर्ष 1944 में स्थापित किया गया था, जिसने शांतिपूर्ण वैश्विक हवाई नेविगेशन के लिये मानकों और प्रक्रियाओं की नींव रखी। अत: कथन 1 सही है।
  - अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संबंधी अभिसमय/कन्वेंशन पर 7 दिसंबर, 1944 को शिकागो में हस्ताक्षर किये गए।
  - शिकागो कन्वेंशन ने वायु मार्ग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय परिवहन की अनुमति देने वाले प्रमुख सिद्धांतों की स्थापना की और ICAO के निर्माण का भी नेतृत्व किया।
- इसका एक उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन की योजना एवं विकास को बढ़ावा देना है ताकि दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय नागरिक विमानन की सुरक्षित तथा व्यवस्थित वृद्धि सुनिश्चित हो सके।
  - भारत इसके 193 सदस्यों में शामिल है। अत: कथन 2 सही है।
- इसका मुख्यालय मॉन्ट्रियल, कनाडा में है। अत: कथन 3 सही है।

Q.73

उत्तर: C

व्याख्या:

- शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की स्थापना 2001 में रूस, चीन, किर्गिज़ गणराज्य,कज़ाखस्तान , ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों द्वारा शंघाई में एक शिखर सम्मेलन में की गई थी।
  - इसका मुख्यालय बीजिंग, चीन में है।
- वर्तमान में इसमें भारत, कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़ गणराज्य, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान जैसे 8 सदस्य देश शामिल हैं।
  - भारत को वर्ष 2005 में एससीओ में पर्यवेक्षक बनाया गया था।
  - भारत और पाकिस्तान वर्ष 2017 में इसके स्थायी सदस्य बने।
- RATS (क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना) SCO का एक स्थायी अंग है, जिसका मुख्यालय ताशकंद, उज़्बेकिस्तान में है।
- यह शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है तथा इसकी अध्यक्षता सदस्य राष्ट्रों द्वारा एक वर्ष के लिये रोटेशन के आधार पर की जाती है। अत: विकल्प C सही है।

Q.74

उत्तर: D

व्याख्या:

- स्टॉकहोम सम्मेलन (1972): स्टॉकहोम सम्मेलन के प्रमुख परिणामों में से एक संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) का निर्माण था।

- विश्व जलवायु सम्मेलन, जिनेवा (1979): विश्व जलवायु सम्मेलन, जिसे अब आमतौर पर प्रथम विश्व जलवायु सम्मेलन कहा जाता है, जिनेवा में आयोजित किया गया था।
- रियो शिखर सम्मेलन (1992): इसने एजेंडा 21 नामक विकास प्रथाओं की एक सूची की सिफारिश की। इसने सतत् विकास की अवधारणा को पारिस्थितिक ज़िम्मेदारी के साथ संयुक्त आर्थिक विकास से जोड़ा।
- COP-1 (बर्लिन, जर्मनी, 1995): जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (COP-1) के लिये COP-1 का आयोजन वर्ष 1995 में बर्लिन में किया गया।
- क्योटो प्रोटोकॉल (1997): क्योटो में विकसित देश वर्ष 2008 और 2012 के बीच वर्ष 1990 के स्तर से नीचे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 5.2% की कमी के सामूहिक लक्ष्य पर सहमत हुए।
- COP-13 (बाली, इंडोनेशिया, 2007): पार्टियों ने बाली रोडमैप और बाली कार्य योजना पर सहमति व्यक्त की, जिसने वर्ष 2012 के बाद के परिणाम की ओर अग्रसर किया।
- COP-21 (पेरिस, 2015): वैश्विक तापमान को पूर्व-औद्योगिक समय से 2.0C से नीचे रखना और उसे 1.5C तक और भी अधिक सीमित करने का प्रयास करना।
  - इसके लिये विकसित देशों को वर्ष 2020 के बाद भी वार्षिक रूप से 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर की फंडिंग संबंधी प्रतिबद्धता बनाए रखने की आवश्यकता है।
- इंचियोन: ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF) दक्षिण कोरिया के इंचियोन में स्थित है। अत: विकल्प D सही है।

Q.75

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत और ब्रिटेन द्वारा आगामी 'कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़' (COP26) में 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' (OSOWOG) को लेकर एक संयुक्त घोषणा की जा सकती है।
- संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन या COP26 का आयोजन 31 अक्तूबर से 12 नवंबर के बीच स्कॉटलैंड में होने वाला है।
- 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' की अवधारणा को ब्रिटेन ने 'ग्रीन ग्रिड' के रूप में प्रस्तुत किया है।
- इस अवधारणा का प्रमुख उद्देश्य दुनिया भर में सौर ऊर्जा की आपूर्ति करने वाला एक 'ट्रांस-नेशनल बिजली ग्रिड' विकसित करना है। अत: कथन 1 सही है।
- 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' की अवधारणा 'द सन नेवर सेट्स' यानी 'सूरज कभी अस्त नहीं होता' और यह किसी भी भौगोलिक स्थान पर, विश्व स्तर पर, किसी भी समय स्थिर रहता है, के विचार पर ज़ोर देती है।
  - यह अब तक किसी भी देश द्वारा शुरू की गई सबसे महत्त्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है और आर्थिक लाभ साझा करने के मामले में इसका वैश्विक महत्त्व है।
  - इसे विश्व बैंक के तकनीकी सहायता कार्यक्रम के तहत शुरू किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
  - 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड' योजना भारत द्वारा सह-स्थापित अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) का भी लाभ उठा सकती है, जिसमें वर्तमान में तकरीबन 80 देश शामिल हैं।
  - भारत को मध्य में रखते हुए सौर स्पेक्ट्रम को दो व्यापक क्षेत्रों में विभाजित किया जा सकता है, जो हैं:
    - सुदूर पूर्व, जिसमें म्याँमार, वियतनाम, थाईलैंड, लाओ, कंबोडिया जैसे देश शामिल हैं।
    - सुदूर पश्चिम, जो कि मध्य पूर्व और अफ्रीका क्षेत्र को कवर करता है।

Q.76

उत्तर. B

व्याख्या:

- ADIZ की अवधारणा को किसी भी अंतरराष्ट्रीय संधि में परिभाषित नहीं किया गया है और यह किसी भी अंतरराष्ट्रीय निकाय द्वारा विनियमित नहीं है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में एक देश द्वारा निर्धारित किया जाता है। यह एक स्व-घोषित क्षेत्र है जिसकी निगरानी देश की सेना द्वारा रक्षा उद्देश्यों के लिये की जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- एक चीन नीति: नीति के तहत, अमेरिका ताइवान के द्वीप के बजाय चीन के साथ औपचारिक संबंध रखता है और उसके साथ औपचारिक संबंध रखता है, जिसे चीन एक दिन मुख्य भूमि के साथ फिर से जुड़ने के लिये एक अलग प्रांत के रूप में देखता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- ताइवान जलडमरूमध्य केवल चीन और ताइवान के बीच है। अत: कथन 3 सही है।

Q.77

उत्तर. D

व्याख्या:

- हाल ही में भारत, 'हाई एम्बिशन कोएलिशन फॉर नेचर एंड पीपल' (HAC) में शामिल हुआ है। इसे वर्ष 2019 में कोस्टारिका, फ्राँस और ब्रिटेन द्वारा लॉन्च किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सके 70 से अधिक देश हैं, जो यूरोपीय, लैटिन अमेरिकी, अफ्रीका और एशिया महाद्वीपों से संबंधित हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक दुनिया की कम-से-कम 30% भूमि और महासागर की रक्षा के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय समझौते की वकालत करना (वैश्विक 30×30 लक्ष्य) है। HAC का परमाणु प्रसार से कोई संबंध नहीं है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.78

उत्तर: C

व्याख्या:

- कॉन्फ्रेंस ऑन इंटरेक्शन एंड कॉन्फिडेंस-बिल्डिंग मेज़र्स (CICA) एक अंतर-सरकारी मंच है जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय सहयोग को मज़बूत करना और एशिया में शांति, सुरक्षा एवं स्थिरता सुनिश्चित करना है। अत: कथन 2 सही है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा के 47वें सत्र में 5 अक्तूबर, 1992 को कज़ाखस्तान गणराज्य के पहले राष्ट्रपति नूरसुल्तान नज़रबायेव (Nursultan Nazarbayev) द्वारा CICA के आयोजन का विचार पहली बार प्रस्तावित किया गया था। पहला CICA शिखर सम्मेलन जून 2002 में आयोजित किया गया था।
- CICA सचिवालय जून 2006 से अल्माटी (कज़ाखस्तान) में स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
- CICA के सदस्यों में 27 एशियाई देश शामिल हैं, जिनमें अज़रबैजान, बहरीन, चीन, मिस्र, भारत, ईरान, इज़रायल, रूस, दक्षिण कोरिया और तुर्की, नौ पर्यवेक्षक राज्य व पाँच अंतर्राष्ट्रीय संगठन शामिल हैं।
- भारत 'परिवहन गलियारों के सुरक्षित और प्रभावी प्रणालियों के विकास' तथा 'ऊर्जा सुरक्षा' पर दो CICA CBM (विश्वास निर्माण उपाय) की सह-अध्यक्षता करता है।

Q.79

उत्तर: D

व्याख्या:

- उइगर मुख्य रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यक तुर्क जातीय समूह हैं, जिनकी उत्पत्ति मध्य एवं पूर्वी एशिया से मानी जाती है।
  - उइगर मुस्लिमों को चीन में आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त 55 जातीय अल्पसंख्यक समुदायों में से एक माना जाता है।
  - हालाँकि चीन उइगर मुस्लिमों को केवल एक क्षेत्रीय अल्पसंख्यक के रूप में मान्यता देता है और यह अस्वीकार करता है कि वे स्वदेशी समूह हैं।
- वर्तमान में उइगर जातीय समुदाय की सबसे बड़ी आबादी चीन के शिनजियांग क्षेत्र में रहती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - उइगर मुस्लिमों की एक महत्त्वपूर्ण आबादी पड़ोसी मध्य एशियाई देशों जैसे- उज़्बेकिस्तान, किर्गिज़स्तान और कज़ाखस्तान में भी रहती है।
- उइगर संकट पर चीन का पक्ष: चीन लंबे समय से नृजातीय संहार के आरोपों से इनकार करता रहा है। इसने इस उद्घोषणा की भी निंदा की और इसे चीन की छवि को चोट पहुँचाने की साजिश करार दिया।
  - चीन अपने शिविरों के 'शैक्षिक केंद्र' होने का दावा करता है, जहाँ उइगरों को व्यावसायिक कौशल सिखाकर उनके चरमपंथी विचारों को परिवर्तित किया जा रहा है। हालाँकि वास्तव में इन शिविरों में क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया जाता है।
- भारत का पक्ष: उइगर संकट पर भारत सरकार ने लगभग चुप्पी साध रखी है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.80

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में अयोध्या में सरयू के तट पर राम कथा पार्क का जीर्णोद्धार किया गया है, साथ ही इसका नाम बदलकर 'क्वीन हे ह्वांग-ओके' मेमोरियल पार्क कर दिया जाएगा। अत: कथन 3 सही है।
  - कोरियाई रानी के बारे में माना जाता है कि उनका जन्म अयोध्या की राजकुमारी सुरीरत्न, राजा पद्मसेन और इंदुमती की पुत्री के रूप में हुआ था।
  - उनकी कहानी 'समगुक युसा' (तीन राज्यों की यादगार) में वर्णित है।
    - यह कोरिया के तीन राज्यों- गोगुरियो, बैक्जे और सिला तथा कुछ अन्य क्षेत्रों की किंवदंतियों, लोककथाओं व इतिहास का 13वीं शताब्दी का एक संग्रह है।
- वर्ष 2000 में भारत और दक्षिण कोरिया ने 'अयोध्या' और 'गिम्हे' को 'सिस्टर सिटीज़' के रूप में विकसित करने हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इससे पहले मार्च 2021 में भारतीय रक्षा मंत्री और दक्षिण कोरियाई रक्षा मंत्री ने दिल्ली छावनी में एक समारोह में भारत-कोरिया फ्रेंडशिप पार्क का उद्घाटन किया। अत: कथन 2 सही है।

Q.81

उत्तर: A

व्याख्या:

- एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जिसका उद्देश्य एशिया में सामाजिक-आर्थिक परिणामों को बेहतर बनाना है।
  - इसकी स्थापना AIIB आर्टिकल्स ऑफ एग्रीमेंट (दिसंबर, 2015 से लागू) नामक एक बहुपक्षीय समझौते के माध्यम से की गई है।
  - इसका मुख्यालय बीजिंग में है।
  - वर्ष 2016 में स्थापित AIIB के 57 संस्थापक सदस्यों में से भारत एक है। भारत, AIIB में चीन (26.06%) के बाद दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक (7.62% वोटिंग शेयर के साथ) है।
  - भारत ने AIIB से 4.35 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण प्राप्त किया है जो किसी भी देश द्वारा प्राप्त सबसे अधिक ऋण राशि है। AIIB द्वारा अब तक 24 देशों में 87 परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिये 19.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण को मंज़ूरी दी गई है।
    - तुर्की 1.95 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ ऋण प्राप्ति में दूसरे स्थान पर है।
  - AIIB द्वारा भारत में ऊर्जा, परिवहन एवं जल जैसे क्षेत्रों के अलावा बंगलूरू मेट्रो रेल परियोजना (335 मिलियन अमेरिकी डॉलर), गुजरात में ग्रामीण सड़क परियोजना (329 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तथा मुंबई शहरी परिवहन परियोजना के चरण-3 (500 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के वित्तपोषण के लिये मंज़ूरी दी गई है। अत: विकल्प A सही है।

Q.82

उत्तर: D

व्याख्या:

- वज्र प्रहार के बारे में:
  - दोनों देशों के सैन्य विशेष बलों द्वारा संयुक्त अभ्यास भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है।
    - विशेष बल देश के सशस्त्र बलों की इकाइयाँ हैं जो गुप्त, आतंकवाद विरोधी और अन्य विशेष अभियान क्रियान्वित करते हैं।
  - 2021 में हिमाचल प्रदेश के बकलोह में स्थित विशेष बल प्रशिक्षण स्कूल में अभ्यास का 11वाँ संस्करण आयोजित किया गया था। अत: विकल्प D सही है।

Q.83

उत्तर: B

व्याख्या:

भारत-रूस सैन्य संबंध:

- भारतीय निर्भरता: स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) के अनुसार, वर्ष 2010 से रूस सभी भारतीय हथियारों के आयात में लगभग दो-तिहाई (62%) योगदान करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इसके अतिरिक्त भारत सबसे बड़ा रूसी हथियार आयातक रहा है, जो सभी रूसी हथियारों के निर्यात का लगभग एक-तिहाई (32%) है।
- भारत के लिये अनुकूल रूसी सैन्य निर्यात: भारत में रूस का अधिकांश प्रभाव हथियार प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों को प्रदान करने की उसकी सम्मति के कारण है जिसे कोई अन्य देश भारत को निर्यात नहीं करेगा।
  - अमेरिका केवल C-130j सुपर हरक्यूलिस, C-13 ग्लोबमास्टर, P-8i पोसाइडन आदि जैसी गैर-घातक रक्षा तकनीक प्रदान करता है, जबकि रूस ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल, S-400 एंटी-मिसाइल सिस्टम जैसी उच्च-स्तरीय तकनीक प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही है।
  - रूस भी अपेक्षाकृत आकर्षक दरों पर उन्नत हथियार प्लेटफॉर्म की पेशकश करना जारी रखता है।

Q.84

उत्तर: D

व्याख्या:

- एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक (AIIB) एक बहुपक्षीय विकास बैंक है जिसका मिशन एशिया में सामाजिक और आर्थिक परिणामों में सुधार करना है।
  - यह AIIB समझौते के अनुच्छेद (दिसंबर 2015 से लागू) द्वारा स्थापित किया गया है जो एक बहुपक्षीय संधि है।
  - भारत 2016 में एआईआईबी के 57 संस्थापक सदस्यों में शामिल था। अत: कथन 1 सही है।
- चीन की 26.06% शेयरधारिता के बाद 7.62 प्रतिशत वोटिंग शेयरों के साथ भारत दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक है। अत: कथन 2 सही है।
  - भारत द्वारा AIIB से 4.35 बिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण प्राप्त किया गया है जो किसी भी देश द्वारा प्राप्त सबसे अधिक ऋण राशि है। अत: कथन 3 सही है।
  - तुर्की 1.95 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ ऋण प्राप्ति में दूसरे स्थान पर है।

- AIIB द्वारा भारत में ऊर्जा, परिवहन एवं पानी जैसे क्षेत्रों के अलावा बंगलुरु मेट्रो रेल परियोजना (USD 335 मिलियन), गुजरात में ग्रामीण सड़क परियोजना (USD 329 मिलियन) तथा मुंबई शहरी परिवहन परियोजना के चरण-3 (500 मिलियन अमेरिकी डॉलर) परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिये मंज़ूरी दी गई है।

Q.85

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में भारत, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और इज़राइल ने अपनी पहली चतुर्भुज विदेश मंत्रियों की बैठक की। यह महत्त्वपूर्ण बैठक भारत के केंद्रीय विदेश मंत्री की इज़राइल की चल रही यात्रा के दौरान हुई।
- बैठक को मीडिया द्वारा वेस्टर्न क्वाड के रूप में जाना जा रहा है क्योंकि यह पश्चिम एशियाई भू-राजनीति में परिवर्तन और मध्य पूर्व में एक और क्वाड जैसे समूह के गठन की एक मजबूत अभिव्यक्ति है।
  - आर्थिक विकास, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा के साथ-साथ पश्चिम-एशियाई क्षेत्र में आम तौर पर बढ़ते आर्थिक और राजनीतिक सहयोग बैठक के मुख्य आकर्षण थे।
  - गठबंधन अभी तक संस्थागत नहीं हुआ है, लेकिन नवंबर, 2021 में इन चार देशों की एक भौतिक बैठक की योजना बनाई गई है। अत: विकल्प A सही है।

Q.86

उत्तर: A

व्याख्या:

- कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़ UNFCCC के अंतर्गत आता है जिसका गठन वर्ष 1994 में किया गया था। UNFCCC की स्थापना "वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैस सांद्रता को स्थिर करने" की दिशा में काम करने के लिये की गई थी।
  - COP, UNFCCC का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला प्राधिकरण है। अत: कथन 1 सही है।
- COP सदस्यों द्वारा वर्ष 1995 से हर साल बैठक का आयोजन किया जाता है। UNFCCC में भारत, चीन और अमेरिका सहित 198 दल शामिल हैं।
  - आम तौर पर इसकी बैठक सामान्यत: बॉन में होती है, जब तक कि कोई भागीदार सत्र की मेज़बानी करने की पेशकश नहीं करता है।
- महत्त्वपूर्ण परिणामों के साथ COPs
  - वर्ष 1995: COP1 (बर्लिन, जर्मनी)
    - वर्ष 2011: COP17 (डरबन): सरकारें 2015 तक वर्ष 2020 से आगे की अवधि हेतु एक नए सार्वभौमिक जलवायु परिवर्तन समझौते के लिये प्रतिबद्ध हैं (जिसके परिणामस्वरूप 2015 का पेरिस समझौता हुआ)। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - वर्ष 1997: COP3 (क्योटो प्रोटोकॉल)
    - यह कानूनी रूप से विकसित देशों को उत्सर्जन में कमी के लक्ष्यों हेतु बाध्य करता है।
  - वर्ष 2002: COP8 (नई दिल्ली, भारत) दिल्ली घोषणा
  - सबसे गरीब देशों की विकास आवश्यकताओं और जलवायु परिवर्तन को कम करने हेतु प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित करना है।
    - वर्ष 2010: COP16 (कैनकन)
    - कैनकन समझौतों के परिणामस्वरूप जलवायु परिवर्तन से निपटने में विकासशील देशों की सहायता हेतु सरकारों द्वारा एक व्यापक पैकेज प्रस्तुत किया गया। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - वर्ष 2015: COP21 (पेरिस)
  - वैश्विक तापमान को पूर्व-औद्योगिक समय से 2.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखना तथा और अधिक सीमित (1.5 डिग्री सेल्सियस तक) करने का प्रयास करना।
    - इसके लिये अमीर देशों को वर्ष 2020 के बाद भी सालाना 100 अरब डॉलर की फंडिंग प्रतिबद्धता बनाए रखने की आवश्यकता है।

Q.87

उत्तर: C

व्याख्या:

- FATF, वर्ष 1989 में पेरिस में G7 शिखर सम्मेलन के दौरान स्थापित एक अंतर-सरकारी निकाय है।
  - यह किसी देश के धन-शोधन-विरोधी और आतंकवाद-रोधी वित्तपोषण ढाँचे की ताकत का आकलन करता है, हालाँकि यह व्यक्तिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता है।
- इसका सचिवालय पेरिस में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) मुख्यालय में स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
- सदस्य देश:
  - FATF में वर्तमान में 39 सदस्य हैं जिनमें दो क्षेत्रीय संगठन - यूरोपीय आयोग और खाड़ी सहयोग परिषद शामिल हैं। भारत FATF का सदस्य है। अत: कथन 2 सही है।

Q.88

उत्तर: C

व्याख्या:

भारत और नेपाल के बीच संपर्क परियोजनाएँ:

- अंतर्देशीय जलमार्ग: भारत व्यापार और पारगमन व्यवस्था के ढाँचे के भीतर कार्गो की आवाजाही हेतु अंतर्देशीय जलमार्ग विकसित करना चाहता है, यह नेपाल को सागर (हिंद महासागर) के साथ सागरमाथा (माउंट एवरेस्ट) को जोड़ने के लिये समुद्र तक अतिरिक्त पहुँच प्रदान करता है।
- पेट्रोलियम पाइपलाइन: वर्ष 2019 में भारत और नेपाल ने संयुक्त रूप से एक सीमा पार पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का उद्घाटन किया था।
  - पाइपलाइन भारत में मोतिहारी (बिहार) से पेट्रोलियम उत्पादों को नेपाल के अमलेखगंज तक ले जाती है।
  - यह दक्षिण एशिया की पहली सीमा पार/क्रॉस बॉर्डर पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन है।
- रेल लिंक: नेपाल और भारत के बीच रेल संपर्क 20वीं सदी की शुरुआत से ही लोकप्रिय रहा है।
  - 1937 में अंग्रेज़ों ने नेपाल से भारत के लिये मुख्य रूप से लोगों या वस्तुओं को लाने-ले जाने हेतु एक नैरो गेज लाइन का निर्माण किया था। अत: विकल्प C सही है।

Q.89

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) तथा आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) ने सेशेल्स में टैक्स इंस्पेक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (TIWB) कार्यक्रम शुरू किया है।
  - TIWB एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम है।
  - भारत को इस कार्यक्रम के लिये भागीदार प्रशासन के रूप में चुना गया है जिसने कर विशेषज्ञता प्रदान किया है।
- यह पूरे अफ्रीका, एशिया, पूर्वी यूरोप, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन के विकासशील देशों में योग्य विशेषज्ञों को नियुक्ति करता है ताकि ऑडिट, आपराधिक कर जाँच तथा स्वचालित रूप से आदान-प्रदान की गई जानकारी के प्रभावी उपयोग से क्षेत्रों में कर क्षमता का निर्माण किया जा सके।
  - TIWB की सहायता से दुनिया के कुछ सबसे कम विकसित देशों में घरेलू संसाधन जुटाने में वृद्धि हुई है। अत: विकल्प B सही है।

Q.90

उत्तर: A

व्याख्या:

- विशेष आहरण अधिकार (SDR) न तो मुद्रा है और न ही IMF पर दावा। बल्कि, यह आईएमएफ के सदस्यों की स्वतंत्र रूप से प्रयोग करने योग्य मुद्राओं पर एक संभावित दावा है। इन मुद्राओं के एवज में एसडीआर का आदान-प्रदान किया जा सकता है।
- SDR, IMF और कुछ अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के खाते की इकाई के रूप में कार्य करता है।
- SDR की मुद्रा कीमत का निर्धारण अमेरिकी डॉलर में मूल्यों को जोड़कर किया जाता है, जो बाज़ार विनिमय दर, मुद्राओं की एक SDR बास्केट पर आधारित होता है।
- मुद्राओं के एसडीआर बास्केट में अमेरिकी डॉलर, यूरो, जापानी येन, पाउंड स्टर्लिंग और चीनी रॅन्मिन्बी (2016 में शामिल) शामिल हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- SDR मुद्रा के मूल्यों का दैनिक मूल्यांकन (अवकाश को छोड़कर या जिस दिन IMF व्यावसायिक गतिविधियों के लिये बंद हो) होता है एवं मूल्यांकन बास्केट की समीक्षा तथा इसका समायोजन प्रत्येक 5 वर्ष के अंतराल पर किया जाता है।
- कोटा (Quotas) को SDRs में इंगित किया गया है।
  - सदस्य देशों का मतदान अधिकार सीधे उनके कोटे से संबंधित होता है।
  - IMF अपने सदस्यों को आईएमएफ में उनके मौजूदा कोटा के अनुपात में सामान्य एसडीआर आवंटन करता है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में IMF के पास रिज़र्व कोष, स्वर्ण भंडार और विदेशी मुद्रा संपत्ति के अलावा अन्य SDR भी शामिल है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.91

उत्तर: C

व्याख्या :

- उन्नत स्वच्छ ऊर्जा भागीदारी' (Partnership to Advance Clean Energy - PACE) ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन से संबंधित कई मुद्दों पर संयुक्त रूप से काम करने के लिये अमेरिका और भारत के बीच स्वच्छ ऊर्जा पर प्रमुख कार्यक्रम है। इसमें तीन प्रमुख घटक शामिल हैं: अनुसंधान (PACE-R), परिनियोजन (PACE-D), और ऑफ-ग्रिड एनर्जी एक्सेस (PEACE)। अत: विकल्प C सही है।

Q.92

उत्तर: D

व्याख्या

- क्लाइमेट एक्शन एंड फाइनेंस मोबिलाइज़ेशन डायलॉग' अप्रैल 2021 में 'लीडर्स समिट ऑन क्लाइमेट' में लॉन्च किये गए 'भारत-अमेरिका जलवायु और स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा-2030' साझेदारी का हिस्सा है।
  - इससे पूर्व 'यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक क्लीन एनर्जी पार्टनरशिप' (SCEP) को लॉन्च किया गया था।
- यह दोनों देशों को जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में सहयोग को नवीनीकृत करने के साथ ही इससे संबंधित वित्तीय पहलुओं को संबोधित करने और पेरिस समझौते के तहत परिकल्पित अनुदान एवं रियायती वित्त के रूप में जलवायु वित्त प्रदान करने का अवसर देगा।
- साथ ही यह प्रदर्शित करने में भी मदद करेगा कि किस प्रकार दुनिया राष्ट्रीय परिस्थितियों और सतत् विकास प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए समावेशी एवं लचीले आर्थिक विकास के साथ तेज़ी से जलवायु कार्रवाई को संरेखित कर सकती है। अत: विकल्प D सही है।

Q.93

उत्तर: B

व्याख्या:

- क्वाड समूह भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान चार देशों का गठबंधन है जिसे वर्ष 2007 में स्थापित किया गया था।
  - क्वाड सदस्य देशों ने तथाकथित क्वाड प्लस के माध्यम से साझेदारी का विस्तार करने की इच्छा का भी संकेत दिया है जिसमें दक्षिण कोरिया, न्यूज़ीलैंड और वियतनाम शामिल होंगे।
  - हालाँकि अभी तक क्वाड सदस्य केवल इन चार देशों (भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान) तक ही सीमित हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मार्च 2021 में क्वाड समूह के नेताओं ने पहली बार आभासी शिखर-स्तरीय बैठक में डिजिटल रूप से मुलाकात की और बाद में 'द स्पिरिट ऑफ द क्वाड' शीर्षक से एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें समूह के दृष्टिकोण और उद्देश्यों को रेखांकित किया गया था।
  - 'स्पिरिट ऑफ द क्वाड' के अनुसार, समूह के प्राथमिक उद्देश्यों में समुद्री सुरक्षा, कोविड-19 संकट का मुकाबला करना, विशेष रूप से वैक्सीन कूटनीति, जलवायु परिवर्तन के जोखिमों को संबोधित करना, क्षेत्र में निवेश के लिये एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना एवं तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना है। अत: कथन 2 सही है।
- सहयोग की संभावना के बावजूद क्वाड परिभाषित रणनीतिक मिशन के बिना एक तंत्र बना हुआ है।
  - क्वाड एक विशिष्ट बहुपक्षीय संगठन की तरह संरचित नहीं है और इसमें एक सचिवालय और किसी भी स्थायी निर्णय लेने वाली संस्था का अभाव है।
  - इसके अतिरिक्त नाटो के विपरीत क्वाड में सामूहिक रक्षा के प्रावधान शामिल नहीं हैं, इसके बजाय एकता और कूटनीतिक सामंजस्य के प्रदर्शन के रूप में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने का विकल्प चुना गया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.94

उत्तर: D

व्याख्या:

- कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांज़िट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (KMMTTP):
  - जल मार्ग के माध्यम से कनेक्टिविटी विकसित करने हेतु आसियान और भारत KMMTTP पर कार्य कर रहे हैं।
  - इसे वर्ष 2008 में भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया था और पूरी तरह से भारत द्वारा वित्तपोषित है।
  - भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में -म्याँमार से माल के परिवहन हेतु एक वैकल्पिक मार्ग की तलाश करना।
  - यह भारत के कोलकाता को क्रमश: समुद्र और नदी द्वारा म्याँमार के सितवे (Sittwe) और पलेटवा (Paletwa) से जोड़ता है।
  - इस पहल के साथ-साथ, भारत ने बांग्लादेश के माध्यम से एक वैकल्पिक पारगमन मार्ग हेतु म्याँमार के सितवे बंदरगाह के माध्यम से एक समुद्री लिंक को विकसित करने में सहयोग दिया है। अत: विकल्प D सही है।

Q.95

उत्तर : A

व्याख्या :

- G20 अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक के प्रतिनिधियों के साथ 19 देशों और यूरोपीय संघ (EU) का एक अनौपचारिक समूह है। अत: कथन 1 सही है।
- G20 एक मंच के रूप में कार्य करता है न कि एक संगठन के रूप में अर्थात्, इसका कोई स्थायी सचिवालय या प्रबंधन और प्रशासनिक ढाँचा नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - सदस्यता के संदर्भ में यह दुनिया की सबसे बड़ी उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं का मिश्रण है, जो दुनिया की आबादी का लगभग दो-तिहाई, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 85%, वैश्विक निवेश का 80% और वैश्विक व्यापार का 75% से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। अत: कथन 3 सही है।

- सदस्य :
  - अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ।
- G20 रोम शिखर सम्मेलन 2021, इस समूह की आगामी सोलहवीं बैठक है, जो 30–31अक्तूबर 2021को इटली की राजधानी रोम में आयोजित की जाएगी।

Q.96

उत्तर: B

व्याख्या:

- सऊदी अरब वर्तमान में भारत को कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्त्ता है (इराक शीर्ष आपूर्तिकर्त्ता है)। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सऊदी अरब भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार (चीन, अमेरिका और जापान के बाद) है। वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान द्विपक्षीय व्यापार 33.07 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था।
  - इसी अवधि के दौरान सऊदी अरब से भारत का आयात 26.84 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया और सऊदी अरब को निर्यात 6.24 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था, पिछले वर्ष की तुलना में इसमें 12.18% की वृद्धि दर्ज की गई है।
- भारतीय प्रवासी: सऊदी अरब में 2.6 मिलियन भारतीय प्रवासी समुदाय सऊदी का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है और उनकी विशेषज्ञता, अनुशासन की भावना, कानून का पालन करने और शांतिप्रिय प्रकृति के कारण 'सबसे पसंदीदा समुदाय' है।

  भारत और सऊदी अरब ने अल-मोहद अल-हिंदी अभ्यास नामक अपना पहला नौसेना संयुक्त अभ्यास शुरू किया। अत: कथन 2 सही है।

Q.97

उत्तर: A

व्याख्या:

- व्यापक आर्थिक सहयोग तथा भागीदारी समझौता (CEPA) एक प्रकार का मुक्त व्यापार समझौता है जिसमें सेवाओं एवं निवेश के संबंध में व्यापार और आर्थिक साझेदारी के अन्य क्षेत्रों पर बातचीत करना शामिल है।
  - यह व्यापार सुविधा और सीमा शुल्क सहयोग, प्रतिस्पर्द्धा तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे क्षेत्रों पर बातचीत किये जाने पर भी विचार कर सकता है। अत: कथन 1 सही है।
- साझेदारी या सहयोग समझौते मुक्त व्यापार समझौतों की तुलना में अधिक व्यापक हैं।
  - व्यापक आर्थिक सहयोग समझौता (CECA) आमतौर पर केवल व्यापार शुल्क और टैरिफ-रेट कोटा (TRQ) दरों को बातचीत के माध्यम से तय करता है। सीईसीए (CECA) सीईपीए(CEPA) जितना व्यापक नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- CEPA व्यापार के नियामक पहलू को भी देखता है और नियामक मुद्दों को कवर करने वाले एक समझौते को शामिल करता है।
- भारत ने दक्षिण कोरिया और जापान के साथ CEPA पर हस्ताक्षर किये हैं।
  - भारत ने अफगानिस्तान के साथ एक तरजीही व्यापार समझौते (PTA) और मलेशिया के साथ CECA पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.98

उत्तर:B

व्याख्या:

- B3W पहल को चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) का मुकाबला करने के लिये एक पहल के रूप में देखा जा रहा है।
  - B3W जून 2021 में सबसे सफल लोकतंत्र वाले देशों के G-7 समूह द्वारा घोषित एक अंतर्राष्ट्रीय बुनियादी ढाँचा निवेश पहल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- बिल्ड बैक बेटर प्लान विकासशील और निम्न-आय वाले देशों के लिये G-7 देशों द्वारा प्रस्तावित एक कोविड-19 राहत, भविष्य का आर्थिक और बुनियादी ढाँचा पैकेज़ है।
- B3W के घटक: B3W के माध्यम से G7 और अन्य समान विचारधारा वाले भागीदार फोकस के चार क्षेत्रों में निजी क्षेत्र की पूंजी जुटाने में समन्वय स्थापित करेंगे:
  - जलवायु
  - स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सुरक्षा
  - डिजिटल टेक्नोलॉजी
  - लैंगिक समानता
- पर्यावरण और जलवायु, श्रम एवं सामाजिक सुरक्षा उपायों, पारदर्शिता, वित्तपोषण, निर्माण, भ्रष्टाचार विरोधी तथा अन्य क्षेत्रों से संबंधित ब्लू डॉट नेटवर्क द्वारा प्रचारित मानकों का अनुपालन कर निवेश को बढ़ावा देने के लिये B3W महत्त्वपूर्ण है। अत: कथन 2 सही है

Q.99

उत्तर: A

व्याख्या:

- ब्लू डॉट नेटवर्क (BDN) की औपचारिक घोषणा 4 नवंबर, 2019 को थाईलैंड के बैंकॉक में इंडो-पैसिफिक बिज़नेस फोरम

(Indo-Pacific Business Forum) में की गई थी। इसका नेतृत्व जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा भी किया जाएगा।

- यह वैश्विक अवसंरचना विकास हेतु उच्च-गुणवत्ता एवं विश्वसनीय मानकों को बढ़ावा देने के लिये सरकारों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज को एक साथ लाने की एक बहु-हितधारक पहल है। अत: कथन 1 सही है।
- यह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पर ध्यान देने के साथ-साथ यह विश्व स्तर पर सड़क, बंदरगाह एवं पुलों के लिये मान्यता प्राप्त मूल्यांकन और प्रमाणन प्रणाली के रूप में काम करेगा। अत: कथन 2 सही है।
  - इसके तहत अवसंरचनात्मक परियोजनाओं को ऋण, पर्यावरण मानकों, श्रम मानकों आदि के आधार पर वर्गीकृत किया जाएगा।
  - यह प्रणाली किसी भी लोकतांत्रिक देश की उन परियोजनाओं पर लागू होगी जहाँ नागरिक ऐसी परियोजनाओं का मूल्यांकन करना चाहते हैं।
- इसे चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (Belt and Road Initiative- BRI) को काउंटर करने के रूप में देखा जा रहा है। हालाँकि BRI के विपरीत BDN किसी परियोजना के लिये सार्वजनिक ऋण की पेशकश नहीं करेगा। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - विश्व स्तर पर BDN प्रमुख बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के लिये मान्यता प्राप्त स्वीकृति के तौर पर काम करेगा जिसका उद्देश्य लोगों को यह बताना कि परियोजनाएँ टिकाऊ हैं न कि शोषणकारी।

Q.100

उत्तर: D

व्याख्या:

व्यापार समझौतों के प्रकार:

- मुक्त व्यापार समझौता (FTA): यह एक ऐसा समझौता है जिसे दो या दो से अधिक देशों द्वारा भागीदार देश को तरजीही व्यापार समझौतों, टैरिफ रियायत या सीमा शुल्क में छूट आदि प्रदान करने के उद्देश्य से किया जाता है।
  - भारत ने कई देशों के साथ FTA पर बातचीत की है जैसे श्रीलंका और विभिन्न व्यापारिक ब्लॉकों से आसियान के मुद्दे पर। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- अधिमान्य या तरजीही व्यापार समझौता (PTA):इस प्रकार के समझौते में दो या दो से अधिक भागीदार कुछ उत्पादों के संबंध में प्रवेश का अधिमान्य या तरजीही अधिकार देते हैं। यह टैरिफ लाइनों की एक सहमत संख्या पर शुल्क को कम करके किया जाता है।
  - यहाँ तक कि PTA में भी कुछ उत्पादों के लिये शुल्क को घटाकर शून्य किया जा सकता है।
  - भारत ने अफगानिस्तान के साथ एक PTA पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
- व्यापक आर्थिक सहयोग तथा भागीदारी समझौता: यह एक प्रकार का मुक्त व्यापार समझौता है जिसमें सेवाओं एवं निवेश के संबंध में व्यापार और आर्थिक साझेदारी के अन्य क्षेत्रों पर बातचीत करना शामिल है। यह व्यापार सुविधा और सीमा शुल्क सहयोग, प्रतिस्पर्द्धा तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे क्षेत्रों पर बातचीत किये जाने पर भी विचार कर सकता है।
- भारत ने दक्षिण कोरिया और जापान के साथ CEPA पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।

Q.101

उत्तर: B

व्याख्या:

- फाइव आईज़ अलायंस पाँच अंग्रेज़ी भाषी लोकतंत्रों (अमेरिका, यूके, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड) के मध्य एक खुफिया-साझाकरण व्यवस्था है।
  - यह गठबंधन शीत युद्ध (1946-1991) के दौरान हुआ जो संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ के साथ-साथ उनके संबंधित सहयोगियों के बीच लड़ा गया था।
- इस युद्ध के दौरान सभी संभावित मोर्चों पर अपने विरोधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिये अलायंस की आवश्यकता महसूस की गई थी।
- इसे अक्सर विश्व के सबसे सफल खुफिया अलायंस के रूप में वर्णित किया जाता है। अत: विकल्प B सही है।

Q.102

उत्तर: A

व्याख्या

- संयुक्त राष्ट्र चार्टर ने UNSC सहित संयुक्त राष्ट्र के छह मुख्य अंगों की स्थापना की। संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 23 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' की संरचना से संबंधित है।
  - 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' को अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी दी गई है और जब भी वैश्विक शांति पर कोई खतरा उत्पन्न होता है तब परिषद की बैठक आयोजित की जाती है।
  - यद्यपि संयुक्त राष्ट्र के अन्य अंग सदस्य राज्यों के लिये सिफारिशें करते हैं, किंतु सुरक्षा परिषद के पास सदस्य देशों के लिये निर्णय लेने और बाध्यकारी प्रस्ताव जारी करने की शक्ति होती है। अत: कथन 1 सही है।
  - परिषद का मुख्यालय न्यूयॉर्क में स्थित है।

- UNSC का गठन 15 सदस्यों (5 स्थायी और 10 गैर-स्थायी) द्वारा किया जाता है।
  - पाँच स्थायी सदस्य: अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस, रूस और चीन।
  - दस गैर-स्थायी सदस्य: इन्हें महासभा द्वारा दो वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है।
- UNSC में मतदान और चर्चा:
  - सुरक्षा परिषद के प्रत्येक सदस्य का एक मत होता है। सभी मामलों पर सुरक्षा परिषद के निर्णय स्थायी सदस्यों सहित नौ सदस्यों के सकारात्मक मत द्वारा किये जाते हैं, जिसमें सदस्यों की सहमति अनिवार्य है।
    - पाँच स्थायी सदस्यों में से यदि कोई एक भी प्रस्ताव के विपक्ष में वोट देता है तो वह प्रस्ताव पारित नहीं होता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - संयुक्त राष्ट्र का कोई भी सदस्य जो सुरक्षा परिषद का सदस्य नहीं है, बिना वोट के सुरक्षा परिषद के समक्ष लाए गए किसी भी प्रश्न की चर्चा में भाग ले सकता है, यदि सुरक्षा परिषद को लगता है कि उस विशिष्ट मामले के कारण उस सदस्य के हित विशेष रूप से प्रभावित होते हैं। अत: कथन 2 सही है।

Q.103

उत्तर: C

व्याख्या:

- दक्षिण चीन सागर दक्षिण-पूर्व एशिया में पश्चिमी प्रशांत महासागर की एक शाखा है।
  - यह चीन के दक्षिण में, वियतनाम के पूर्व और दक्षिण में, फिलीपींस के पश्चिम में और बोर्नियो द्वीप के उत्तर में है।
  - सीमावर्ती राज्य और क्षेत्र (उत्तर से दक्षिणावर्त): चीनी जनवादी गणराज्य, चीन गणराज्य (ताइवान), फिलीपींस, मलेशिया, ब्रुनेई, इंडोनेशिया, सिंगापुर और वियतनाम।
  - यह ताइवान जलडमरूमध्य से पूर्वी चीन सागर और लुज़ोन जलडमरूमध्य द्वारा फिलीपीन सागर से जुड़ा हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें कई शोल, रीफ, एटोल और द्वीप शामिल हैं। पैरासेल द्वीप समूह, स्प्रैटली द्वीप समूह और स्कारबोरो शोल सबसे महत्त्वपूर्ण हैं।
- मलक्का जलडमरूमध्य एक जलमार्ग है जो अंडमान सागर (हिंद महासागर) और दक्षिण चीन सागर (प्रशांत महासागर) को जोड़ता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह पश्चिम में सुमात्रा के इंडोनेशियाई द्वीप और प्रायद्वीपीय (पश्चिम) मलेशिया व पूर्व में चरम दक्षिणी थाईलैंड के बीच संचालित है और इसका क्षेत्रफल लगभग 25,000 वर्ग मील है।
- जलडमरूमध्य का नाम मेलाका (पहले मलक्का) के व्यापारिक बंदरगाह से लिया गया है जो मलय तट पर 16वीं और 17वीं शताब्दी में महत्त्वपूर्ण था।

Q.104

उत्तर: D

व्याख्या :

हाल ही में भारत और बांग्लादेश के बीच 50 वर्षों से अधिक समय से बंद पड़े हल्दीबाड़ी - चिलाहाटी रेलवे मार्ग की बहाली के माध्यम से मालगाड़ियों का नियमित संचालन शुरू किया गया, जो दोनों देशों के बीच रेलवे संपर्क और द्विपक्षीय व्यापार को मज़बूत करेगा।

- हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी रेल लिंक एक ऐसा मार्ग है जो वर्ष 1965 तक संचालन में था।
- वर्ष 2021 के समाप्ति तक अगरतला-अखौरा के बीच एक और रेल लिंक का संचालन किया जाएगा।
- हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी मार्ग से बांग्लादेश से असम और पश्चिम बंगाल की कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलने की अपेक्षा है।
- यह क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिये क्षेत्रीय व्यापार में वृद्धि का समर्थन करने हेतु मुख्य बंदरगाहों एवं शुष्क बंदरगाहों तक रेल नेटवर्क पहुँच को बढ़ाएगा। अत: विकल्प D सही है।

Q.105

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह ओमान की खाड़ी पर स्थित है और पाकिस्तान में ग्वादर बंदरगाह से केवल 72 किमी दूर है जिसे चीन द्वारा विकसित किया गया है।
  - बंदरगाह ईरान के एकमात्र समुद्री बंदरगाह के रूप में कार्य करता है और इसमें शाहिद बेहेश्ती और शाहिद कलंतरी नामक दो अलग-अलग बंदरगाह शामिल हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत, ईरान को चाबहार बंदरगाह के माध्यम से भू-आबद्ध अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुँचने की कुंजी के रूप में देखता है।

- ईरान की भौगोलिक स्थिति विशेष रूप से मध्य एशिया के लिये, जो प्राकृतिक संसाधनों का एक समृद्ध भंडार है, भारत की भू-राजनीतिक पहुँच के लिये सर्वोपरि है।
- इसी प्रकार अफगानिस्तान में भारत की पहुँच के लिये ईरान महत्त्वपूर्ण है, जिसमें भारत के महत्त्वपूर्ण रणनीतिक और सुरक्षा हित शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।



Q.106

उत्तर : A

व्याख्या :

- भारत वर्तमान में (2021 और 2022 के लिये) UNSC का अस्थायी सदस्य है और अगस्त महीने के लिये अध्यक्ष है। इससे पहले भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सात बार सेवाएँ (कुल आठ बार) प्रदान कर चुका है। अत: कथन 1 सही है।
- आम सहमति के लिये एकजुट होना या अनौपचारिक रूप से "कॉफी क्लब" कहा जाता है, जिसमें 40 सदस्य देश शामिल हैं, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों को वापस लेने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
  - क्लब के अधिकांश सदस्य मध्यम आकार के राज्य हैं जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता को बाधित करने वाली बड़ी क्षेत्रीय शक्तियों का विरोध करते हैं।
  - क्लब के प्रमुख मूवर्स/प्रेरक में इटली, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, दक्षिण कोरिया, अर्जेंटीना और पाकिस्तान शामिल हैं।
  - इटली और स्पेन जहाँ सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिये जर्मनी के पक्ष का विरोध कर रहे हैं, वहीं पाकिस्तान भारत के पक्ष का विरोध कर रहा है।
  - जी-4 चार देशों का एक समूह है अर्थात ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में स्थायी सदस्यता के लिये एक-दूसरे प्रस्तावों का समर्थन करते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.107

उत्तर: D

व्याख्या :

- वर्ष 2015 में भारत ने अगलेगा द्वीप समूह के विकास के लिये मॉरीशस के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
  - यह बाहरी द्वीप में अपने हितों की रक्षा करने में मॉरीशस रक्षा बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिये समुद्री और हवाई संपर्क में सुधार हेतु बुनियादी ढाँचे की स्थापना तथा उन्नयन के लिये प्रदान करता है।
  - हालाँकि तब से ट्रांसपोंडर सिस्टम और निगरानी बुनियादी ढाँचे को स्थापित करने में भारतीय नौसेना और तटरक्षकों के हितों के बारे में रिपोर्टें बढ़ रही हैं, जिसके कारण कुछ स्थानीय विरोध हुए हैं।
- हाल ही में मॉरीशस ने एक रिपोर्ट का खंडन किया है कि उसने भारत को अगलेगा (Agalega) के दूरस्थ द्वीप पर एक सैन्य अड्डा बनाने की अनुमति दी है। अत: विकल्प D सही है।

Q.108

उत्तर: B

व्याख्या:

- 'लॉ ऑफ द सी ट्रीटी', (Law of the Sea Treaty) जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (UNCLOS) के रूप में जाना जाता है, को वर्ष 1982 में विश्व के सागरों और महासागरों पर देशों के अधिकार व ज़िम्मेदारियों का निर्धारण करने हेतु अपनाया गया था।
- यह कन्वेंशन बेसलाइन से 12 समुद्री मील की दूरी को प्रादेशिक समुद्र सीमा के रूप में और 200 समुद्री मील की दूरी को विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र सीमा के रूप में परिभाषित करता है।अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - भारत वर्ष 1982 में UNCLOS का हस्ताक्षरकर्त्ता देश बना।
- अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल प्राधिकरण (ISA) को समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के तहत समग्र रूप से मानव जाति के लाभ के लिये अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल क्षेत्र में सभी खनिज संबंधी गतिविधियों को व्यवस्थित, विनियमित और नियंत्रित करने हेतु अनिवार्य रुप से अधिकृत किया गया है।अत: कथन 2 सही है।

- गहरे समुद्र में संबंधित गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले हानिकारक प्रभावों से समुद्री पर्यावरण की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करना ISA का कर्तव्य है।

- ISA में 167 सदस्य राज्यों और यूरोपीय संघ से बना है।

Q.109

उत्तर: C

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNTOC), जिसे पालेर्मो कन्वेंशन भी कहा जाता हैअंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित बहुपक्षीय संधि है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसे वर्ष 2000 में इटली के पलेर्मो में अपनाया गया था तथा यह वर्ष 2003 में लागू हुआ।
  - संगठित अपराध के खिलाफ एक अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन रखने के पीछे का विचार यह था कि यदि अपराध सीमा को पार करते हैं, तो इनके लिये एक प्रवर्तन कानून (Enforcement Law) भी होना चाहिये।
  - भारत वर्ष 2002 में UNTOC में शामिल हुआ।
- यह प्रोटोकॉल व्यक्तियों की तस्करी पर एक सहमत परिभाषा के साथ पहला वैश्विक कानूनी रूप से बाध्यकारी साधन है। इसके अलावा प्रोटोकॉल का उद्देश्य मानव तस्करी के शिकार लोगों की रक्षा करना और उनकी सहायता करना है। अत: कथन 2 सही है।

Q.110

उत्तर: A

व्याख्या:

- IBSA, दक्षिण-दक्षिण सहयोग और विनिमय (South-South Cooperation and Exchange) को बढ़ावा देने हेतु भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका के मध्य एक त्रिपक्षीय विकासात्मक पहल है। अत: कथन 1 सही है।
  - इस समूह को औपचारिक रूप और IBSA संवाद मंच/फोरम का नाम उस दौरान दिया गया जब तीनों देशों के विदेश मंत्रियों ने 6 जून, 2003 को ब्रासीलिया (ब्राज़ील) में मुलाकात की और ब्रासीलिया घोषणा जारी की गई।
- दक्षिण-दक्षिण सहयोग (SSC) का विचार कोई नया नहीं है।
  - बल्कि इस फोरम के उद्भव की पहल बांडुंग सम्मेलन 1955, गुटनिरपेक्ष आंदोलन 1961, जी77 समूह, अंकटाड, ब्यूनस आयर्स प्लान ऑफ एक्शन-1978 और वर्ष 2009 की नैरोबी घोषणा में देखी जा सकती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- IBSA का कोई मुख्यालय या स्थायी कार्यकारी सचिवालय नहीं है।
- वर्ष 2004 में इस कोष की स्थापना की गई। IBSA कोष (भारत, ब्राज़ील और दक्षिण अफ्रीका गरीबी एवं भूख उन्मूलन सुविधा) एक अनूठा कोष है जिसके माध्यम से सदस्य विकासशील देशों में इब्सा वित्तपोषण के साथ विकास परियोजनाओं को निष्पादित किया जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

  इस कोष का प्रबंधन संयुक्त राष्ट्र (UN) ऑफिस फॉर साउथ-साउथ कोऑपरेशन (UNOSSC) द्वारा किया जाता है। प्रत्येक IBSA सदस्य देश को इस कोष में प्रतिवर्ष 1 मिलियन डालर का योगदान करना आवश्यक है।

Q.111

उत्तर: B

व्याख्या:

- गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) का गठन शीत युद्ध के दौरान राज्यों के एक संगठन के रूप में किया गया था, जो औपचारिक रूप से खुद को संयुक्त राज्य अमेरिका (पूंजीवाद) या सोवियत संघ (समाजवाद) के साथ संरेखित नहीं करना चाहते थे और स्वतंत्र या तटस्थ रहने की मांग करते थे।
- बांडुंग सम्मेलन के परिणामस्वरूप गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) के संस्थापक सिद्धांतों को अपनाया गया।
  - NAM की मूल अवधारणा वर्ष 1955 में इंडोनेशिया में आयोजित एशिया-अफ्रीका बांडुंग सम्मेलन में हुई चर्चा के दौरान उत्पन्न हुई थी।
- बांडुंग सम्मेलन के छह वर्ष बाद गुटनिरपेक्ष देशों के आंदोलन को बेलग्रेड के पहले शिखर सम्मेलन में व्यापक भौगोलिक आधार पर स्थापित किया गया था, जो सितंबर 1961 में आयोजित किया गया था।
  - यह यूगोस्लाविया के जोसिप ब्रोज़ टीटो, मिस्र के जमाल अब्देल नासिर, भारत के जवाहरलाल नेहरू, घाना के क्वामे नकरुमाह और इंडोनेशिया के सुकर्णो के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। अत: विकल्प B सही है।

Q.112

उत्तर : A

व्याख्या :

प्रमुख भारतीय समुद्री अभ्यास

अभ्यास का नाम	देश का नाम
SLINEX	श्रीलंका
बोंगोसागर और IN-BN CORPAT	बांग्लादेश
जिमेक्स	जापान

नसीम-अल-बहर	ओमान
इंद्र	रूस
ज़ैर-अल-बहरी	कतर
समुद्र शक्ति	इंडोनेशिया
भारत-थाई कॉर्पेट	
	थाईलैंड
IMCOR	मलेशिया
सिम्बेक्स	सिंगापुर
औसइंडेक्स	ऑस्ट्रेलिया
मालाबार अभ्यास	जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका

- हाल ही में भारत और सऊदी अरब ने अल-मोहद अल-हिंदी अभ्यास (Al-Mohed Al-Hindi Exercise) नामक अपना पहला नौसेना संयुक्त अभ्यास शुरू किया। इस द्विपक्षीय अभ्यास पर फैसला वर्ष 2019 में आयोजित रियाद शिखर सम्मेलन में लिया गया। अत: विकल्प A सही है।

Q.113

उत्तर: B

व्याख्या

- हाल ही में तालिबान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पर कब्ज़ा कर लिया, जिससे अमेरिका और 'नाटो' (उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन) द्वारा प्रशिक्षित अफगान बलों पर प्रश्न उठ रहे हैं।
  - तालिबान ने घोषणा की है कि किसी के साथ भी हिंसा नहीं की जाएगी और वह शांतिपूर्ण ट्रांज़िशन प्रक्रिया का सम्मान करेगा, साथ ही भविष्य में ऐसी इस्लामी व्यवस्था के लिये काम किया जाएगा, जो सभी को स्वीकार्य हो।
- तालिबान, अफगानिस्तान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता:
  - 'मुरी' वार्ता
    - वर्ष 2015 में अमेरिका ने तालिबान और अफगान सरकार के बीच पहली बैठक में एक प्रतिनिधि भेजा था, जिसकी मेज़बानी पाकिस्तान द्वारा वर्ष 2015 में 'मुरी' में की गई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- हालाँकि 'मुरी' वार्ता से कुछ प्रगति हासिल नहीं की जा सकी थी।
  - दोहा वार्ता
    - वर्ष 2020 में दोहा वार्ता की शुरुआत से पूर्व तालिबान ने स्पष्ट किया कि वे केवल अमेरिका के साथ प्रत्यक्ष वार्ता करेंगे, न कि काबुल सरकार के साथ।
    - इसके पश्चात् हुए एक समझौते में अमेरिकी प्रशासन ने वादा किया कि वह 1 मई, 2021 तक अफगानिस्तान से सभी अमेरिकी सैनिकों को वापस बुला लेगा। अत: कथन 2 सही है।
- कुछ समय बाद इस समयसीमा को बढ़ाकर 11 सितंबर, 2021 कर दिया गया है।
- इस समझौते के कारण तालिबान को एक जीत का संकेत मिला और साथ ही अफगान सैनिकों का मनोबल भी काफी प्रभावित हुआ।
  - समझौते के तहत तालिबान ने हिंसा को कम करने, अंतर-अफगान शांति वार्ता में शामिल होने और विदेशी आतंकवादी समूहों के साथ सभी संबंधों को समाप्त करने का वादा किया।

Q.114

उत्तर: A

व्याख्या

- हाल ही में भारत ने संयुक्त राष्ट्र (UN) के सहयोग से दुनिया भर में काम कर रहे 'शांति सैनिकों' की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये एक प्रौद्योगिकी मंच शुरू किया है।
  - 'यूनाइट अवेयर' (UNITE AWARE) प्लेटफॉर्म का शुभारंभ तब हुआ, जब भारत ने अगस्त माह के लिये 15 देशों वाले 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' की अध्यक्षता ग्रहण की है।
  - अत: कथन 1 सही है।
- इस परियोजना का उद्देश्य विषम खतरों का पता लगाने हेतु आधुनिक निगरानी प्रौद्योगिकी के प्रभाव को प्रदर्शित करना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.115

उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) - एशिया के लिये परिवहन पहल (NDC-TIA) सात संगठनों का एक संयुक्त कार्यक्रम है जो चीन, भारत और वियतनाम को अपने-अपने देशों में परिवहन को कार्बन मुक्त करने के लिये एक व्यापक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने में संलग्न करेगा। यह परियोजना अंतर्राष्ट्रीय जलवायु पहल (IKI) का हिस्सा है। अत: कथन 1 सही है।
- अंतर्राष्ट्रीय जलवायु पहल (IKI) जर्मनी के जलवायु वित्तपोषण और जैव विविधता कन्वेंशन के फ्रेमवर्क में वित्तपोषण प्रतिबद्धताओं का एक प्रमुख तत्त्व है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.116

उत्तर: D

व्याख्या:

- एशियाई विकास बैंक (ADB) वर्ष 1966 में स्थापित एक क्षेत्रीय विकास बैंक है। इसमें 68 सदस्य हैं। भारत इसका एक संस्थापक सदस्य है।
  - कुल सदस्यों में से 49 सदस्य देश एशिया-प्रशांत क्षेत्र से हैं, जबकि 19 सदस्य अन्य क्षेत्रों से हैं।
- उद्देश्य: एशिया में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना। अत: कथन 1 सही है।
- मुख्यालय: मनीला, फिलीपींस
- 31 दिसंबर, 2019 तक ADB के पाँच सबसे बड़े शेयरधारकों में जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका (प्रत्येक कुल शेयरों के 15.6% के साथ), पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (6.4%), भारत (6.3%) और ऑस्ट्रेलिया (5.8%) शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- हाल ही में एशियाई विकास बैंक (ADB) ने 'की इंडिकेटर फॉर एशिया एंड द पैसिफिक 2021' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है।
  - यह ADB के 49 क्षेत्रीय सदस्यों के लिये व्यापक आर्थिक, वित्तीय, सामाजिक और पर्यावरणीय आँकड़े प्रस्तुत करती है।
  - UNESCAP (यूनाइटेड नेशंस इकोनॉमिक एंड सोशल कमिशन फॉर एशिया एंड द पैसिफिक) द्वारा रिपोर्ट "इकोनॉमी एंड सोशल सर्वे ऑफ एशिया एंड द पैसिफिक 2021: टुवर्ड्स पोस्ट-कोविड -19 रेजिलिएंट इकोनॉमी" रिपोर्ट जारी की गई थी। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.117

उत्तर: A

व्याख्या :

- पूर्वव्यापी कराधान (Retrospective Taxation) किसी भी देश को कुछ उत्पादों, वस्तुओं या सेवाओं पर कर लगाने को लेकर एक नियम पारित करने की अनुमति देता है। यह किसी भी कानून के पारित होने की तारीख की पूर्व अवधि से कंपनियों से शुल्क लेता है।.
- वे देश अपनी कराधान नीतियों में किसी भी विसंगति को ठीक करने के लिये इस मार्ग का उपयोग करते हैं, जिन्होंने अतीत में कंपनियों को इस तरह की खामियों का फायदा उठाने की अनुमति दी थी। अत: कथन 1 सही है।
- पूर्वव्यापी कराधान उन कंपनियों को आहत करता है जिन्होंने जान-बूझकर या अनजाने में कर नियमों की अलग-अलग व्याख्या की थी।
- भारत के अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड और बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया एवं इटली सहित कई देशों में पूर्वव्यापी कराधान वाली कंपनियाँ हैं।
- पूर्वव्यापी कानून को वित्त अधिनियम में संशोधन के बाद पेश किया गया था, जिसने कर विभाग को सौदों के लिये पूर्वव्यापी पूंजीगत लाभ कर लगाने में सक्षम बनाया। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.118

उत्तर: C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी कन्वेंशन 1951 एक संयुक्त राष्ट्र बहुपक्षीय संधि है जो परिभाषित करती है कि कौन शरणार्थी है और शरण देने वाले व्यक्तियों के अधिकारों तथा शरण देने वाले राष्ट्रों की ज़िम्मेदारियों को निर्धारित करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसने यह भी निर्धारित किया कि कौन से लोग शरणार्थी के रूप में योग्य नहीं हैं, जैसे युद्ध अपराधी।
  - यह जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, किसी विशेष सामाजिक समूह से संबद्धता या राजनीतिक राय के कारण उत्पीड़न से भाग रहे लोगों को कुछ अधिकार प्रदान करता है।
  - कन्वेंशन के तहत जारी किये गए यात्रा दस्तावेज़ों के धारकों के लिये कन्वेंशन कुछ वीजा-मुक्त यात्रा का भी प्रावधान करता है।
- कन्वेंशन मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा 1948 के अनुच्छेद 14 पर आधारित है, जो अन्य देशों में उत्पीड़न से शरण लेने के लिये व्यक्तियों के अधिकार को मान्यता देता है। अत: कथन 2 सही है।
- एक शरणार्थी को कन्वेंशन में प्रदान किये गए अधिकारों के अलावा राज्य में अधिकारों और लाभों का आनंद मिल सकता है
- 1967 के प्रोटोकॉल में 1951 के कन्वेंशन के विपरीत सभी देशों के शरणार्थी शामिल थे, जिसमें केवल यूरोप के शरणार्थी शामिल थे।

Q.119

उत्तर: A

व्याख्या:

- 50 साल पूर्व वर्ष 1971 में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध ने भारत की जीत का समर्थन किया था क्योंकि एक नए राष्ट्र के रूप में बांग्लादेश के गठन का भारत द्वारा नेतृत्व किया गया था।
  - भारत और बांग्लादेश कुल 4096.7 किमी. लंबी सीमा साझा करते हैं, यह सबसे लंबी भूमि सीमा है जिसे भारत अपने किसी पड़ोसी के साथ साझा करता है। अत: कथन 1 सही है।
- आर्थिक संबंध:
  - बांग्लादेश उपमहाद्वीप में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार देश है। वर्ष 2019-20 में दोनों देशों के मध्य कुल द्विपक्षीय व्यापार 9.5 बिलियन डॉलर का रहा है।

- भारत द्वारा बांग्लादेश को होने वाला कुल निर्यात द्विपक्षीय व्यापार का 85% से अधिक है।

◆ बांग्लादेश ने वर्ष 2011 से दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (SAFTA) के तहत भारत द्वारा बांग्लादेशी निर्यात को दिये गए शुल्क-मुक्त और कोटा मुक्त पहुँच की सराहना की है। अत: कथन 2 सही है।

- कनेक्टिविटी में सहयोग:
  - ◆ मार्च 2021 में मैत्री सेतु का उद्घाटन किया गया, 1.9 किलोमीटर लंबा यह पुल सबरूम (त्रिपुरा में) को रामगढ़ (बांग्लादेश में) के साथ जोड़ता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - ◆ अंतर्देशीय जल पारगमन एवं व्यापार प्रोटोकॉल (PIWTT)।
  - ◆ बांग्लादेश-भूटान-भारत-नेपाल (BBIN) मोटर वाहन समझौते को अमल में लाया जाना है।

Q.120

उत्तर: B

व्याख्या:

- G-20 समूह विश्व बैंक एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का प्रतिनिधि, यूरोपियन संघ एवं 19 देशों का एक अनौपचारिक समूह है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - ◆ G-20 के सदस्य देशों में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, यूरोपियन यूनियन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
- G-20 समूह विश्व की प्रमुख उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों को एक साथ लाता है। यह वैश्विक व्यापार का 75%, वैश्विक निवेश का 85%, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 85% तथा विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है
- इसका कोई स्थायी सचिवालय या मुख्यालय नहीं है। अत: कथन 2 सही है।

Q.121

उत्तर: A

व्याख्या:

- 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (IONS) एक स्वैच्छिक और समावेशी पहल है, जो समुद्री सहयोग को बढ़ाने व क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय राज्यों की नौसेनाओं को एक साथ लाता है।
  - ◆ यह एक द्विवार्षिक आयोजन है, जिसकी कल्पना भारतीय नौसेना ने वर्ष 2008 में की थी।अत: कथन 1 सही है।
  - ◆ हाल ही में 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (IONS) के 7वें संस्करण की मेज़बानी फ्राँसीसी नौसेना द्वारा रीयूनियन द्वीप पर की गई थी।
- IONS में 24 सदस्य राष्ट्र शामिल हैं जो हिंद महासागर क्षेत्र (Indian Ocean Region- IOR) क्षेत्र की सीमा पर मौजूद हैं तथा 8 पर्यवेक्षक देश शामिल हैं।
- यह प्राकृतिक आपदाओं के विरुद्ध एक प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र और मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (HADR) सुनिश्चित करने का भी कार्य करता है।
- 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (IONS) की अध्यक्षता भारत (2008-10), संयुक्त अरब अमीरात (2010-12), दक्षिण अफ्रीका (2012-14), ऑस्ट्रेलिया (2014-16), बांग्लादेश (2016-18) और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान (2018-21) द्वारा की गई है। कथन 2 सही नहीं है।
  - ◆ फ्राँस ने जून 2021 में दो वर्षीय कार्यकाल के लिये अध्यक्षता ग्रहण की है।

Q.122

उत्तर: D

व्याख्या:

- चाइल्ड सोल्जर में 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति शामिल होते हैं जिन्हें सशस्त्र बल या सशस्त्र समूह में भर्ती किया जाता है या फिर उनकी क्षमता का भर्ती में उपयोग किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - ◆ चाइल्ड सोल्जर में लडकें,लडकियाँ और बच्चे शामिल होते हैं, लेकिन यह उन बच्चों, लड़कों और लड़कियों तक सीमित नहीं है, जिनका उपयोग लड़ाकों, रसोइयों, कुलियों, जासूसों या यौन उद्देश्यों हेतु किया जाता है (सशस्त्र संघर्ष में बच्चों की भागीदारी पर पेरिस सिद्धांत 2007)।

- सैनिकों के रूप में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की भर्ती या उपयोग बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (CRC) और जिनेवा कन्वेंशन के अतिरिक्त प्रोटोकॉल दोनों द्वारा निषिद्ध है। अत: कथन 2 सही है।
  - केंद्र हैं, जो सशस्त्र संघर्ष को नियंत्रित करते हैं और इसके प्रभावों को सीमित करने का प्रयास करते हैं।
    - वे उन लोगों की रक्षा करते हैं जो लंबे समय से या वर्तमान में संघर्ष में भाग नहीं कर रहे हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) के रोम कानून के तहत बाल सैनिकों की भर्ती को भी युद्ध अपराध माना जाता है। अत: कथन 3 सही है।

Q.123

उत्तर: D

व्याख्या:

- BEPS पहल एक आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) पहल है, जिसे G20 द्वारा अनुमोदित किया गया है, ताकि विश्व स्तर पर अधिक मानकीकृत कर नियम प्रदान करने के तरीकों की पहचान की जा सके। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत ने आधार क्षरण और लाभ स्थानांतरण ("बहुपक्षीय साधन" या "MLI") को रोकने के लिये कर संधि से संबंधित उपायों को लागू करने हेतु बहुपक्षीय सम्मेलन की पुष्टि की है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.124 '

उत्तर: C

व्याख्या

- ग्लोलिटर पार्टनरशिप प्रोजेक्ट को 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन' (IMO) और 'संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन' (FAO) द्वारा लॉन्च किया गया है और इसका प्रारंभिक वित्तपोषण नॉर्वे सरकार द्वारा किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- उद्देश्य: शिपिंग और मत्स्य पालन उद्योग से होने वाले समुद्री प्लास्टिक कचरे को कम करना। अत: कथन 2 सही है।
  - साथ ही यह विकासशील देशों को समुद्री परिवहन और मत्स्य पालन क्षेत्रों से प्लास्टिक कचरे को कम करने में भी सहायता करता है।
  - साथ ही यह प्लास्टिक के पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण के अवसरों की पहचान भी करता है।

Q.125

उत्तर: A

व्याख्या

- कुल 57 देशों की सदस्यता के साथ यह संयुक्त राष्ट्र (UN) के बाद दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है। अत: कथन 1 सही है।
- यह संगठन दुनिया भर में मुस्लिम जगत की सामूहिकता का प्रतिनिधित्व करता है। यह दुनिया के विभिन्न देशों के लोगों के बीच अंतर्राष्ट्रीय शांति और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने के साथ ही दुनिया के मुस्लिम समुदायों के हितों की रक्षा एवं संरक्षण का प्रयास करता है।
  - भारत इस संगठन का सदस्य नहीं है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- मुख्यालय: जेद्दाह (सऊदी अरब)

Q.126

उत्तर: C

व्याख्या:

- नेपाल, भारत का एक महत्त्वपूर्ण पड़ोसी है और सदियों से चले आ रहे भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक संबंधों के कारण वह हमारी विदेश नीति में भी विशेष महत्त्व रखता है।
  - वर्ष 1950 की 'भारत-नेपाल शांति और मित्रता संधि' दोनों देशों के बीच मौजूद विशेष संबंधों का आधार है।
- भारत और नेपाल कई बहुपक्षीय मंचों को साझा करते हैं, जैसे- BBIN (बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल), बिम्सटेक (Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral Technical and Economic Cooperation), गुट निरपेक्ष आंदोलन (NAM) तथा दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (The South Asian Association for Regional Cooperation-SAARC) आदि।
- वर्ष 2017 में नेपाल ने चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) पर हस्ताक्षर किये, जिसने देश में राजमार्ग, हवाई अड्डे तथा अन्य बुनियादी ढाँचे के निर्माण की मांग की।
  - BRI को भारत ने खारिज कर दिया था तथा नेपाल के इस कदम को चीन के प्रति झुकाव के तौर पर देखा जा रहा था। अत: विकल्प C सही है।

Q.127

उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्ष 1989 में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) ने सिफारिश की कि 11 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाए, जिसका उद्देश्य जनसंख्या के मुद्दों की तात्कालिकता और महत्त्व पर ध्यान केंद्रित करना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- UNDP जनहित और जागरूकता से प्रेरित था जिसे 11 जुलाई, 1987 को "पाँच अरब दिवस" (जब विश्व की आबादी 5 अरब तक पहुँच गई थी) द्वारा सृजित किया गया था।
- इस आशय का एक प्रस्ताव पारित किया गया था और इस दिन को पहली बार 11 जुलाई, 1990 को चिह्नित किया गया था।

- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) की स्थापना वर्ष 1969 में की गई थी, उसी वर्ष संयुक्त राष्ट्र महासभा ने घोषणा की कि "माता-पिता को स्वतंत्र रूप से और ज़िम्मेदारी के साथ अपने बच्चों की संख्या एवं उनके बीच अंतर निर्धारित करने का विशेष अधिकार है।
  - वर्ष 1987 में, इसे आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष का नाम दिया गया था, लेकिन जनसंख्या गतिविधियों के लिये संयुक्त राष्ट्र कोष के लिये मूल संक्षिप्त नाम, 'UNFPA' को बरकरार रखा गया। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - UNFPA संयुक्त राष्ट्र महासभा का एक सहायक अंग है और एक यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य एजेंसी के रूप में काम करता है।
  - संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) द्वारा इसे अग्यापित किया जाता है।
- UNFPA स्वास्थ्य (SDG3), शिक्षा (SDG4) और लैंगिक समानता (SDG5) पर सतत् विकास लक्ष्यों को ट्रैक करने के लिये प्रत्यक्ष रूप से काम करता है।
- UNFPA संयुक्त राष्ट्र के बजट द्वारा समर्थित नहीं है बल्कि यह पूरी तरह से दाता सरकारों, अंतर सरकारी संगठनों, निजी क्षेत्र, फाउंडेशनों तथा व्यक्तियों के स्वैच्छिक योगदान द्वारा समर्थित है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.128

उत्तर: C

व्याख्या:

- इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव (IPOI) नवंबर 2019 में थाईलैंड में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रधान मंत्री द्वारा शुरू की गई एक पहल है। अत: कथन 1 सही है।
- यह पहल समुद्री सुरक्षा सहित सात स्तंभों के आसपास केंद्रित है जो इस प्रकार है:
  - समुद्री पारिस्थितिकी।
  - समुद्री संसाधन।
  - क्षमता निर्माण।
  - संसाधन साझा करना।
  - आपदा जोखिम में कमी और प्रबंधन।
  - विज्ञान, प्रौद्योगिकी और शैक्षणिक सहयोग।
  - व्यापार संपर्क और समुद्री परिवहन। अत: कथन 2 सही है।

Q.129

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत और दक्षिण अफ्रीका का वैश्विक शासन/बहुपक्षीय मंचों पर अपने विचारों तथा प्रयासों को समन्वित कर एक साथ काम करने का एक लंबा इतिहास रहा है।
  - उदाहरण के लिये: ब्रिक्स (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका), आईबीएसए (भारत, ब्राज़ील तथा दक्षिण अफ्रीका), जी20, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) एवं विश्व व्यापार संगठन (WTO)। अत: विकल्प D सही है।

Q.130

उत्तर : C

व्याख्या :

- अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) भारत के प्रधानमंत्री और फ्राँस के राष्ट्रपति द्वारा 30 नवंबर, 2015 को फ्राँस की राजधानी पेरिस में आयोजित कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज-21 (COP-21) के दौरान शुरू की गई पहल है जिसमें 121 संभावित सदस्य राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था, जो पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से कर्क और मकर रेखा के बीच स्थित हैं। अत: कथन 1 सही है।
- पीएम- कुसुम (PM- KUSUM) :
  - कुसुम का अभिप्राय किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाभियान है।
  - इसका उद्देश्य 2022 तक 25,750 मेगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता का उपयोग करके किसानों को वित्तीय और जल सुरक्षा प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही है।

Q.131

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में G7 (Group of Seven) देशों ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव परियोजना (Belt and Road initiative- BRI) का मुकाबला करने के लिये 47वें G7 शिखर सम्मेलन में 'बिल्ड बैक बेटर वर्ल्ड' (Build Back Better World- B3W) पहल का प्रस्ताव रखा। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य विकासशील और कम आय वाले देशों में बुनियादी ढाँचे के निवेश घाटे को दूर करना है, जहाँ चीन ने BRI के अंतर्गत लगभग 2,600 परियोजनाओं के माध्यम से अरबों डॉलर का निवेश किया है। अत: कथन 2 सही है।

- इस योजना का नेतृत्व संयुक्त राज्य अमेरिका कर रहा है।
  - B3W पहल विकासशील देशों को वर्ष 2035 तक आवश्यक लगभग 40 ट्रिलियन डॉलर की मांग को पूरा करने के लिये एक पारदर्शी साझेदारी प्रदान करेगी।
  - यह जलवायु मानकों और श्रम कानूनों का पालन करते हुए निजी क्षेत्र के सहयोग से सैकड़ों अरबों डॉलर खर्च करने का आह्वान करती है।
  - हालाँकि इस विषय में अभी घोषणा नहीं की गई है कि योजना वास्तव में कैसे काम करेगी या अंतत: कितनी पूंजी आवंटित करेगी।

Q.132

उत्तर: D

व्याख्या

- हाल ही में यूरोपीय संघ (EU) ने एक नया जलवायु प्रस्ताव 'फिट फॉर 55 पैकेज' जारी किया है। अत: कथन 1 सही है।
  - ज्ञात हो कि यूरोपीय संघ ने दिसंबर 2020 में पेरिस समझौते के तहत संशोधित 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान' (NDC) प्रस्तुत किया था।
- यूरोपीय संघ का यह नया पैकेज प्रस्तावित परिवर्तनों के माध्यम से NDC और कार्बन तटस्थता लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करता है। ये प्रस्तावित परिवर्तन अर्थव्यवस्था, समाज और उद्योग को प्रभावित करेंगे तथा वर्ष 2030 तक निष्पक्ष, प्रतिस्पर्द्धी एवं ग्रीन ट्रांज़ीशन सुनिश्चित करेंगे। अत: कथन 2 सही है।
- यह पैकेज नुकसान से बचते हुए 'नियामक नीतियों' और बाज़ार-आधारित कार्बन मूल्य निर्धारण के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है।
- इसमें परिवहन और इमारतों के लिये एक नई उत्सर्जन व्यापार प्रणाली, वर्ष 2035 से प्रदूषणकारी कारों की बिक्री पर प्रतिबंध और आयातित सामानों पर कार्बन सीमा मूल्य शामिल है। अत: कथन 3 सही है।

Q.133

उत्तर: B

व्याख्या

- 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' संयुक्त राष्ट्र की एकमात्र त्रिपक्षीय संस्था है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह श्रम मानक निर्धारित करने, नीतियाँ को विकसित करने एवं सभी महिलाओं तथा पुरुषों के लिये सभ्य कार्य को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम तैयार करने हेतु 187 सदस्य देशों की सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों को एक साथ लाता है।
  - वर्ष 1969 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन को नोबेल शांति पुरस्कार प्रदान किया गया।
- वर्ष 1919 में वर्साय की संधि द्वारा 'राष्ट्र संघ' (League of Nations) की एक संबद्ध एजेंसी के रूप में इसकी स्थापना हुई। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - वर्ष 1946 में यह संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध पहली विशिष्ट एजेंसी बन गया।
  - मुख्यालय: जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड
- 'भारतीय श्रम सम्मेलन' को देश की 'श्रम संसद' के रूप में भी जाना जाता है, यह श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय में शीर्ष स्तर की त्रिपक्षीय (सरकार, नियोक्ता और श्रमिक) सलाहकार समिति है।
  - अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन, जिसे अंतर्राष्ट्रीय श्रम संसद के रूप में भी जाना जाता है, को प्रतिवर्ष 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' द्वारा आयोजित किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।

Q.134

उत्तर: D

व्याख्या:

- चीन-दक्षिण एशियाई पहल के सदस्य: चीन, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका।
- भारत, भूटान और मालदीव अन्य सार्क देश हैं जो इस पहल का हिस्सा नहीं हैं। अत: विकल्प D सही है।
- विज़न: चीन के विभिन्न दक्षिण एशियाई देशों के साथ विभिन्न प्रकार के रणनीतिक, समुद्री, राजनीतिक और वैचारिक हित हैं, इसलिये वह भारत को संतुलित करने हेतु प्रत्येक देश के साथ अपने जुड़ाव को समान स्तर पर बढ़ा रहा है।

Q.135

उत्तर: A

व्याख्या:

- विश्व धरोहर स्थल एक ऐसा स्थान है जो यूनेस्को द्वारा अपने विशेष सांस्कृतिक या भौतिक महत्त्व के लिये सूचीबद्ध है। विश्व धरोहर स्थलों की सूची का रखरखाव यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति द्वारा प्रशासित अंतर्राष्ट्रीय 'विश्व विरासत कार्यक्रम' द्वारा किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका उद्देश्य विश्व भर में मानवता के लिये उत्कृष्ट मूल्यों के रूप में मानी जाने वाली सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की पहचान और उसका संरक्षण करना है।
- स्थलों को विश्व विरासत सूची से हटाया जा सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

- उदाहरण: हाल ही में इंग्लैंड के लिवरपूल शहर को यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) की विश्व धरोहर स्थलों की सूची से बाहर कर दिया गया है।
  - सूची से हटाए जाने का कारण: नई इमारतें जिनमें फुटबॉल स्टेडियम हैं, इसके विक्टोरियन डॉक के आकर्षण को कम करने के साथ-साथ तट के विरासत मूल्य को नष्ट कर रही हैं।
  - अति विकास ऐतिहासिक बंदरगाह की विरासत को अपरिवर्तनीय रूप से नुकसान पहुँचाएगा।
- अन्य असूचीबद्ध स्थल:
  - वर्ष 2007 में ओमान में वन्यजीव अभयारण्य।
- कारण: अवैध शिकार और निवास स्थान की क्षति।
  - वर्ष 2009 में जर्मनी में ड्रेसडेन एल्बे घाटी।
- कारण: नदी के ऊपर चार लेन का मोटरवे पुल बनाया गया था।

Q.136

उत्तर: A

व्याख्या :

- हाल ही में अमेरिका ने 'जर्मनी-रूस नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन' (NS2P) परियोजना को मंज़ूरी दी है, जिससे रूस पर यूरोप की ऊर्जा निर्भरता काफी बढ़ जाएगी।
  - अमेरिका ने इससे पूर्व रूस और जर्मनी के बीच इस गैस पाइपलाइन को पूरा करने पर प्रतिबंध लगा दिया था। अत: विकल्प A सही है।
  - यह 1,200 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन है, जो रूस में उस्त-लुगा से जर्मनी में ग्रीफ्सवाल्ड तक बाल्टिक सागर के रास्ते होकर गुज़रती है। इसमें प्रतिवर्ष 55 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस ले जाने की क्षमता होगी।
- 'नॉर्ड स्ट्रीम 1' को पहले ही पूरा किया जा चुका है और 'नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन' के साथ मिलकर यह जर्मनी को प्रतिवर्ष 110 बिलियन क्यूबिक मीटर गैस की आपूर्ति करेगा।



Q.137

उत्तर: D

व्याख्या:

- पश्चिमी हिंद महासागर का आशय उस क्षेत्र से है जहाँ हिंद महासागर और अरब सागर मिलते हैं।
  - यह उत्तरी अमेरिका, यूरोप तथा एशिया को जोड़ता है, इसलिये रणनीतिक रूप से काफी महत्त्वपूर्ण है। अत: कथन 1 सही है।
- पश्चिमी हिंद महासागर (WIO) क्षेत्र में 10 देश शामिल हैं: सोमालिया, केन्या, तंजानिया, मोज़ाम्बिक, दक्षिण अफ्रीका, कोमोरोस, मेडागास्कर, सेशेल्स, मॉरीशस और रीयूनियन द्वीप।
  - प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के कारण हाल के वर्षों में विश्व के कई बड़े देशों की रुचि इस क्षेत्र के प्रति काफी बढ़ गई है।
- मेस (MASE) कार्यक्रम को वर्ष 2010 में मॉरीशस में अपनाया गया तथा इसका संचालन संयुक्त रूप से यूरोपीय संघ (EU) और संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ड्रग्स एंड क्राइम (UNODC) द्वारा किया जाता है।
  - कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य समुद्री डकैती के खिलाफ क्षेत्रीय रणनीति और कार्ययोजना को लागू करने हेतु पूर्वी एवं दक्षिणी अफ्रीका तथा WIO क्षेत्र की समुद्री सुरक्षा क्षमता को मज़बूत करना है। अत: कथन 2 सही है।
  - हिंद महासागर आयोग (IOC) इसका एक हिस्सा है। अत: कथन 3 सही है।

Q.138

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत और रूस के बीच 12वाँ संयुक्त सैन्य अभ्यास इंद्र-21 (Exercise INDRA) का आयोजन अगस्त 2021 में रूस के वोल्गोग्राद में किया जाएगा। अत: कथन 1 सही है।
- 'इंद्र' सैन्य अभ्यास की शुरुआत वर्ष 2003 में की गई थी, जिसे दोनों देशों के बीच बारी-बारी से द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में आयोजित किया गया था। हालाँकि पहला संयुक्त त्रि-सेवा अभ्यास (Tri-Services Exercise) वर्ष 2017 में आयोजित किया गया था।
- इस अभ्यास में दोनों देशों की सेनाएँ अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी समूहों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई संबंधी संयुक्त राष्ट्र (UN) जनादेश के अनुपालन में आतंक विरोधी अभ्यास करेंगी। अत: कथन 2 सही है।

Q.139

उत्तर : C

व्याख्या :

- इसकी स्थापना वर्ष 2001 में शंघाई में रूस, चीन, किर्गिज़ गणराज्य, कज़ाखस्तान, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों द्वारा एक शिखर सम्मेलन में की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - वर्तमान में इसके सदस्य देशों में कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान शामिल हैं।
- SCO, जिसे नाटो के प्रतिकार के रूप में देखा जाता है, आठ सदस्यीय आर्थिक और सुरक्षा ब्लॉक है तथा सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है।
- भारत को वर्ष 2005 में इसका पर्यवेक्षक बनाया गया था।
- वर्ष 2017 में भारत और पाकिस्तान इसके स्थायी सदस्य बने। अत: कथन 2 सही है।

Q.140

उत्तर: B

व्याख्या:

- सिक्यूरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीज़न (SAGAR) को वर्ष 2015 में शुरू किया गया था। यह हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के लिये भारत की सामरिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इस कार्यक्रम का मुख्य सिद्धांत; सभी देशों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय समुद्री नियमों और मानदंडों का सम्मान, एक-दूसरे के हितों के प्रति संवेदनशीलता, समुद्री मुद्दों का शांतिपूर्ण समाधान और समुद्री सहयोग में वृद्धि इत्यादि है।
  - सागर की प्रमुख प्रासंगिकता तब सामने आती है जब भारत की अन्य नीतियों के साथ संयोजन में देखा जाता है जो समुद्री क्षेत्र को प्रभावित करती है जैसे एक्ट ईस्ट पॉलिसी, प्रोजेक्ट सागरमाला, प्रोजेक्ट मौसम, भारत 'शुद्ध सुरक्षा प्रदाता' के रूप में, ब्लू इकोनॉमी पर ध्यान केंद्रित करना आदि।
- भारत और इंडोनेशिया की नौसेनाओं के बीच समन्वित गश्ती-कॉरपेट (India-Indonesia Coordinated Patrol (India-Indonesia CORPAT) के 36वें संस्करण का आयोजन किया जा रहा है।
  - भारत सरकार के 'सागर' (Security And Growth for All in the Region- SAGAR) दृष्टिकोण के अंतर्गत, भारतीय नौसेना हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ समन्वित गश्त, विशेष आर्थिक क्षेत्र (Exclusive Economic Zone- EEZ) निगरानी में सहयोग, मार्ग अभ्यास (Passage Exercises)और द्विपक्षीय/बहुपक्षीय अभ्यासों के लिये सक्रिय रूप से संलग्न है। अत: कथन 2 सही है।

Q.141

उत्तर: C

व्याख्या:

- 15वीं शताब्दी से लेकर वर्ष 1898 में स्पेन-अमेरिका युद्ध (Spanish–American War) तक क्यूबा, स्पेन का एक उपनिवेश था, इस युद्ध के बाद क्यूबा पर संयुक्त राज्य अमेरिका का कब्ज़ा हुआ। हालाँकि वर्ष 1902 में इसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा संरक्षित राष्ट्र के रूप में नाममात्र स्वतंत्रता प्राप्त हुई।
- वर्ष 1940 में क्यूबा ने अपनी लोकतांत्रिक प्रणाली को मज़बूत करने का प्रयास किया, किंतु बढ़ती राजनीतिक कट्टरता और सामाजिक संघर्ष के कारण वर्ष 1952 में फुलगेनियो बतिस्ता के नेतृत्त्व में तख्तापलट हुआ और वहाँ तानाशाही शासन स्थापित हो गया।
- फुलगेनियो बतिस्ता के शासन के दौरान बढ़ते भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के कारण जनवरी 1959 में आंदोलन की शुरुआत हुई तथा बतिस्ता को सत्ता से हटा दिया गया, जिसके बाद फिदेल कास्त्रो के नेतृत्त्व में कम्युनिस्ट शासन की स्थापना हुई।
  - वर्ष 1965 से क्यूबा को कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा शासित किया जा रहा है।
- इसके अलावा शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच विवाद का प्रमुख विषय क्यूबा था तथा वर्ष 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के दौरान दोनों महाशक्तियाँ परमाणु युद्ध की कगार पर मौजूद थीं।
- जब अमेरिका ने वर्ष 1961 में क्यूबा के साथ अपने राजनयिक संबंध तोड़ दिए और सोवियत संघ ने क्यूबा को अपनी आर्थिक सहायता बढ़ा दी तब क्यूबा शीत युद्ध में शामिल हो गया।
- क्यूबा की क्रांति के बाद की विभिन्न घटनाओं का अनुसरण करते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका ने क्यूबा के साथ राजनयिक संबंध समाप्त कर दिये और वर्ष 1961 में फिदेल कास्त्रो शासन को उखाड़ फेंकने के लिये एक गुप्त अभियान बे ऑफ पिग्स आक्रमण (Bay of Pigs invasion) को शुरू किया। अत: विकल्प C सही है।
  - फ़िदेल कास्त्रो ने तब सोवियत संघ से सैन्य मदद की अपील की, जिसके लिये सोवियत संघ ने संयुक्त राज्य अमेरिका के उद्देश्य से क्यूबा में एक परमाणु मिसाइल लांचर स्थापित करने का निर्णय लिया।
  - क्यूबा मिसाइल संकट के दौरान दोनों महाशक्तियाँ परमाणु युद्ध की कगार पर मौजूद थीं। हालाँकि, कूटनीतिक तरीके से संकट टल गया।

Q.142

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत के युवाओं में नशे की लत तेज़ी से बढ़ रही है।
- वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2021 के अनुसार, भारत (विश्व में जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्माता) में प्रिस्क्रिप्शन दवाओं और उनके अवयवों को मनोरंजक उपयोग के साधनों में तेज़ी से परिवर्तित किया जा रहा है।
  - भारत वर्ष 2011-2020 में विश्लेषण किये गए 19 प्रमुख डार्कनेट (काला बाज़ारी) बाज़ारों में बेची जाने वाली दवाओं के शिपमेंट से भी जुड़ा हुआ है।
- भारत विश्व के दो सबसे बड़े अफीम उत्पादक क्षेत्रों (एक तरफ स्वर्णिम त्रिभुज क्षेत्र और दूसरी तरफ स्वर्णिम अर्धचंद्र क्षेत्र) के बीच स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
- स्वर्ण त्रिभुज क्षेत्र में थाईलैंड, म्याँमार, वियतनाम और लाओस शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- स्वर्णिम अर्धचंद्र क्षेत्र में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान शामिल हैं। अत: कथन 3 सही है।

Q.143

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत इंटरफेस फॉर मनी-यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (BHIM-UPI) को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा विकसित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह मोबाइल फोन के माध्यम से तेज़ गति से सुरक्षित, विश्वसनीय कैशलेस भुगतान को सक्षम करने की एक पहल है।
- हाल ही में भारत के केंद्रीय वित्त मंत्री ने अपने समकक्ष भूटान के वित्त मंत्री के साथ मिलकर भीम-UPI को भूटान में लॉन्च किया है
  - भूटान अपने त्वरित प्रतिक्रिया (QR) कोड हेतु UPI मानकों को अपनाने वाला पहला देश है। यह भीम एप के माध्यम से भारत के निकटतम पड़ोसी देशों में मोबाइल आधारित भुगतान स्वीकार करने वाला प्रथम देश भी है। अत: कथन 2 सही है।
  - व्यापारिक स्थलों (Merchant Locations) पर BHIM-UP स्वीकृति प्राप्त करने वाला सिंगापुर के बाद यह दूसरा देश भी है।

Q.144

उत्तर: C

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय विश्व का प्रथम स्थायी अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय है। यह रोम संविधि (The Rome Statute) नामक एक अंतर्राष्ट्रीय संधि द्वारा शासित किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - 17 जुलाई, 1998 को 120 देशों द्वारा रोम संविधि को अपनाया गया था।
  - 1 जुलाई, 2002 को आधिकारिक तौर पर ICC की स्थापना की गई। इस प्रकार रोम संविधि 60 राज्यों के अनुसमर्थन के बाद प्रभावी हुई। चूँकि इसमें कोई पूर्वव्यापी अधिकार क्षेत्र नहीं है, अत: ICC इस तिथि से या उसके बाद किये गए अपराधों की जाँच करने में सक्षम है।
  - ICC का मुख्यालय नीदरलैंड के हेग में अवस्थित है।
- भारत ने रोम संविधि पर हस्ताक्षर नहीं किये है अत: भारत ICC का सदस्य नहीं है।
- रोम संविधि ICC को चार मुख्य अपराधों पर क्षेत्राधिकार प्रदान करती है।
  - नर-संहार का अपराध
  - मानवता के विरुद्ध अपराध
  - युद्ध अपराध
  - आक्रमकता का अपराध (Crime of Aggression)
  - अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) के रोम कानून के तहत बाल सैनिकों की भर्ती को भी युद्ध अपराध माना जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- ICC न्यायालय के पास कोई भी पूर्व प्रभावी क्षेत्राधिकार नहीं है क्योंकि यह केवल 1 जुलाई, 2002 के बाद हुए अपराधों से ही निपट सकता है क्योंकि इसी तिथि को रोम संविधि 60 राज्यों के अनुसमर्थन के बाद प्रभावी हुई। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद किसी मामले का उल्लेख करता है या ऐसे देश के नागरिक द्वारा जिसने इसकी पुष्टि की है, तब ICC के पास केवल उक्त देश के क्षेत्र मंज हुए अपराधों के लिये क्षेत्राधिकार है।

Q.145

उत्तर: C

व्याख्या :

- शंघाई सहयोग संगठन (SCO) एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है।
- यह एक यूरेशियन राजनीतिक, आर्थिक और सुरक्षा संगठन है, जिसका उद्देश्य संबंधित क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व स्थिरता बनाए रखना है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका गठन वर्ष 2001 में किया गया था ।
  - SCO चार्टर पर वर्ष 2002 में हस्ताक्षर किए गए थे और यह वर्ष 2003 में लागू हआ।
- रूसी और चीनी SCO की आधिकारिक भाषाएँ हैं।
- वर्तमान में विश्व के 8 देश (कज़ाखस्तान, चीन, किर्गिज़स्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत और पाकिस्तान) SCO के सदस्य हैं।
- SCO के दो स्थायी निकाय हैं:
  - SCO सचिवालय, यह चीन की राजधानी बीजिंग में स्थित है।
  - क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना (Regional Anti-Terrorist Structure- RATS), इसकी कार्यकारी समिति का कार्यालय ताशकंद (उज़्बेकिस्तान) में स्थित है। अत: कथन 2 सही है।
- SCO की अध्यक्षता, सदस्य राज्यों द्वारा एक वर्ष के लिये चक्रीय (Rotation) प्रक्रिया द्वारा की जाती है।
- ताजिकिस्तान गणराज्य ने 2021-22 के लिये SCO की अध्यक्षता ग्रहण की है।

Q.146

उत्तर: C

व्याख्या:

- इंटरनेशनल थर्मोन्यूक्लियर एक्सपेरिमेंटल रिएक्टर (International Thermonuclear Experimental Reactor- ITER) को वर्ष 1985 में 35 देशों की सहभागिता में शुरू किया गया था। यह फ्राँस में स्थित है। अत: कथन 1 सही है
  - इसका उद्देश्य विश्व के सबसे बड़े टोकामक यंत्र का निर्माण करना है ताकि बड़े पैमाने पर कार्बन-मुक्त ऊर्जा के स्रोत के रूप में संलयन की व्यवहार्यता को सिद्ध किया जा सके।
  - टोकामक एक प्रायोगिक मशीन है जिसे संलयन की ऊर्जा का उपयोग करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। एक टोकामक के अंदर परमाणु संलयन के माध्यम से उत्पादित ऊर्जा को पात्र की दीवारों में ऊष्मा के रूप में अवशोषित किया जाता है।
  - एक पारंपरिक ऊर्जा संयंत्र की तरह एक संलयन ऊर्जा संयंत्र में इस ऊर्जा का उपयोग वाष्प उत्पादन तथा उसके बाद टरबाइन और जनरेटर के माध्यम से विद्युत उत्पादन में किया जा सकता है।
- चीन का 'प्रायोगिक उन्नत सुपरकंडक्टिंग टोकामक' (Experimental Advanced Superconducting Tokamak- EAST) आईटीईआर का हिस्सा है, जो वर्ष 2035 में चालू होने के बाद विश्व का सबसे बड़ा परमाणु संलयन रिएक्टर बन जाएगा। अत: कथन 2 सही है।
- आईटीईआर के सदस्यों में चीन, यूरोपीय संघ, भारत, जापान, कोरिया, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.147

उत्तर: C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र विकास औद्योगिक संगठन (UNIDO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो गरीबी में कमी लाने, समावेशी वैश्वीकरण और पर्यावरणीय स्थिरता के लिये औद्योगिक विकास को बढ़ावा देती है।
  - 1 अप्रैल 2019 तक 170 देश UNIDO के सदस्य हैं।
  - भारत भी इसका एक सदस्य देश है। अत: कथन 1 सही है।
- सदस्य नियमित रूप से नीति बनाने वाले संगठनों के सत्रों में UNIDO के मार्गदर्शक सिद्धांतों और नीतियों पर चर्चा करते हैं और निर्णय लेते हैं।
- UNIDO का मिशन, जैसा कि वर्ष 2013 में UNIDO जनरल कॉन्फ्रेंस (UNIDO General Conference) के पंद्रहवें सत्र में अपनाई गई लीमा घोषणा (Lima Declaration) में वर्णित है, सदस्य राज्यों में समावेशी और सतत् औद्योगिक विकास (ISID) को बढ़ावा देना एवं तेज़ करना है। अत: कथन 2 सही है।
- UNIDO के जनादेश को SDG-9 में पूरी तरह से मान्यता प्राप्त है, जो "लचीले बुनियादी ढाँचे के निर्माण, समावेशी और टिकाऊ औद्योगीकरण एवं नवाचार को बढ़ावा देने" का आह्वान करता है।
- इसका मुख्यालय ऑस्ट्रिया के वियना में है।

Q.148

उत्तर: B

व्याख्या:

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के विषय में:

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy Agency- IEA) वर्ष 1974 में पेरिस, फ्राँस में स्थापित एक स्वायत्त अंतर-सरकारी संगठन है। अत: कथन 1 सही नहीं है

- यह मुख्य रूप से ऊर्जा नीतियों पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसमें आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण आदि शामिल हैं। इन नीतियों को 3 ई (3 E) के रूप में भी जाना जाता है।

- भारत मार्च 2017 में आईईए का सहयोगी सदस्य बना था, हालाँकि भारत इससे पूर्व से ही संगठन के साथ कार्य कर रहा था। अत: कथन 2 सही है
- हाल ही में भारत ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता के क्षेत्र में सहयोग को मज़बूत करने के लिये IEA के साथ एक रणनीतिक समझौता किया है।

Q.149

उत्तर: C

व्याख्या:

- जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के लिये प्रतिवर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस (World Environment Day) मनाया जाता है।
  - संयुक्त राष्ट्र सभा ने वर्ष 1972 में विश्व पर्यावरण दिवस की शुरूआत की, जो मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन का पहला दिन था। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 2021 की थीम: 'पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली'।
  - यह पारिस्थितिक तंत्र बहाली (वर्ष 2021-30) पर संयुक्त राष्ट्र दशक की शुरुआत करेगा, साथ ही यह जंगलों से लेकर खेत तक, पहाड़ों की चोटी से लेकर समुद्र की गहराई तक अरबों हेक्टेयर क्षेत्र को पुनर्जीवित करने हेतु एक वैश्विक मिशन। अत: कथन 2 सही है।
- पाकिस्तान वर्ष 2021 के लिये वैश्विक मेज़बान होगा।
- भारत द्वारा की गई पहलें:
  - पूरे देश में इथेनॉल के उत्पादन और वितरण के लिये पुणे में E-100 पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है।
  - सरकार E-20 अधिसूचना जारी कर रही है जो तेल कंपनियों को 1 अप्रैल, 2023 से 20% इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल और इथेनॉल मिश्रण E12 तथा E15 को BIS विनिर्देशों के आधार पर बेचने की अनुमति देगी। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.150

उत्तर: D

व्याख्या:

- बेसल कन्वेंशन: यह वर्ष 1992 में लागू हुआ, जिसका उद्देश्य विकसित से निम्न विकसित देशों (LDCs) में खतरनाक कचरे की सीमापार आवाजाही को कम करना और उत्पादन के स्रोत के लिये यथासंभव सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करना था। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- रॉटरडैम कन्वेंशन: इसमें कीटनाशकों और औद्योगिक रसायनों को शामिल किया गया है जिन्हें सदस्यों द्वारा स्वास्थ्य या पर्यावरणीय कारणों से प्रतिबंधित या गंभीर रूप से प्रतिबंधित किया गया है और जिन्हें सदस्यों द्वारा पूर्व सूचित सहमति (PIC) प्रक्रिया में शामिल करने के लिये अधिसूचित किया गया है।
- यह कन्वेंशन पूर्व सूचित सहमति (PIC) प्रक्रिया के कार्यान्वयन के लिये कानूनी रूप से बाध्यकारी बनाता है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
- स्टॉकहोम कन्वेंशन: यह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को स्थायी जैविक प्रदूषकों (POPs) से बचाने के लिये एक वैश्विक संधि है। भारत इसका एक सदस्य है। यह कन्वेंशन मई, 2004 में लागू हुआ। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।

Q.151

उत्तर: D

व्याख्या

- यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 1975 में किया गया था।
  - वैश्विक आर्थिक शासन, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे सामान्य हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये प्रतिवर्ष G7 ब्लॉक की बैठक आयोजित की जाती है।
- G7 देशों में ब्रिटेन, कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका शामिल हैं।
  - सभी G7 देश और भारत G20 का हिस्सा हैं। अत: कथन 2 सही है।
- G7 का कोई औपचारिक संविधान या कोई निश्चित मुख्यालय नहीं है। वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधियों द्वारा लिये गए निर्णय गैर-बाध्यकारी होते हैं।
- अफ्रीका, लैटिन अमेरिका या दक्षिणी गोलार्द्ध से कोई भी देश G7 का सदस्य नहीं हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - भारत और ब्राज़ील जैसी तेज़ी से उभरती अर्थव्यवस्थाएँ भी G7 का हिस्सा नहीं हैं।

Q.152

उत्तर: B

व्याख्या:

- CEO वाटर मैंडेट संयुक्त राष्ट्र महासचिव (UN Secretary-General) और संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट (UN Global Compact) की एक विशेष पहल है, जिसे पैसिफिक इंस्टिट्यूट के साथ साझेदारी में क्रियान्वित किया जाता है। इसकी स्थापना वर्ष 2007 में की गई थी। अत: कथन 1 सही है।

- यह पहल जल, स्वच्छता और सतत् विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals- SDGs) पर बिज़नेस लीडर्स को एकजुट करती है तथा जल एवं स्वच्छता के एजेंडे को बेहतर बनाने के लिये कंपनियों की प्रतिबद्धता व प्रयासों को प्रदर्शित करती है।
- हाल ही में NTPC लिमिटेड, प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पेक्ट (United Nations' Global Compact) के CEO वाटर मैंडेट (CEO Water Mandate) का हस्ताक्षरकर्त्ता बन गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - NTPC लिमिटेड विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत भारत की सबसे बड़ी विद्युत कंपनी है।

Q.153

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) द्वारा ऑपरेशन पैंजिया XIV (Operation Pangea XIV) के माध्यम से नकली दवाओं और उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री को लक्ष्य बनाया।
  - इस ऑपरेशन में वेबसाइटों और ऑनलाइन मार्केटप्लेस सहित 1.10 लाख से अधिक वेब लिंक को बंद या हटा दिया गया।
- ऑपरेशन पैंजिया इंटरपोल का एक सुस्थापित अंतर्राष्ट्रीय प्रयास है जो नकली और अवैध स्वास्थ्य उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री को बाधित करने के साथ-साथ अनियमित वेबसाइटों से दवाएँ खरीदने से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का काम भी करता है।
- वर्ष 2008 में प्रथम ऑपरेशन पैंजिया संचालित किया गया था।
- इंटरपोल द्वारा समन्वित इस ऑपरेशन (14वें) में 92 देशों के पुलिस, सीमा शुल्क और स्वास्थ्य नियामक प्राधिकरणों ने भाग लिया था।
- इस ऑपरेशन में भारतीय एजेंसियों ने भी भाग लिया। अत: विकल्प D सही है।

Q.154

उत्तर: A

व्याख्या

- अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की स्थापना एक साथ वर्ष 1944 में अमेरिका के न्यू हैम्पशायर में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के दौरान हुई थी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) को ही विश्व बैंक के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- विश्व बैंक समूह विकासशील देशों में गरीबी को कम करने और साझा समृद्धि का निर्माण करने वाले स्थायी समाधानों के लिये काम कर रहे पाँच संस्थानों की एक अनूठी वैश्विक साझेदारी है।
- इसके 189 सदस्य देश हैं। भारत भी एक सदस्य देश है।
- पाँच प्रमुख संस्थान
  - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD)
  - अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA) अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC)
  - बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA)
  - निवेश विवादों के निपटारे के लिये अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (ICSID)
    - भारत इसका सदस्य नहीं है।

Q.155

उत्तर: D

व्याख्या:

- यह एक क्षेत्रीय समूह है जो आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देता है।
- इसकी स्थापना अगस्त 1967 में बैंकॉक, थाईलैंड में आसियान के संस्थापकों, अर्थात् इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ की गई।
- सदस्य:
- ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम अत: विकल्प D सही है।

Q.156

उत्तर : A

व्याख्या :

- ICIMOD हिंदू कुश हिमालय (HKH) के लोगों के लिये काम करने वाला एक अंतर-सरकारी ज्ञान और शिक्षण केंद्र है। अत: कथन 1 सही है।

- यह काठमांडू, नेपाल में स्थित है और आठ क्षेत्रीय सदस्य देशों - अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार, नेपाल और पाकिस्तान में कार्यरत है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - हिंदूकुश हिमालयन (HKH) पर्वत श्रृंखलाएँ अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, किर्गिस्तान, मंगोलिया, म्याँमार, नेपाल, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान में फैली हुई हैं।



Q.157

उत्तर : D

व्याख्या :

- G-7 औद्योगीकृत लोकतंत्रों यानी फ्राँस, जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा का एक समूह है।
  - यह एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका गठन वर्ष 1975 में किया गया था। वैश्विक आर्थिक शासन, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे सामान्य हित के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये ब्लॉक की वार्षिक बैठक होती है।
  - जी-7 का कोई औपचारिक संविधान या कोई निश्चित मुख्यालय नहीं है। वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं द्वारा लिये गए निर्णय गैर-बाध्यकारी होते हैं।
  - भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया को भी "अतिथि देशों" के रूप में शिखर सम्मेलन की कार्यवाही में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया था (भारत इसका सदस्य देश नहीं है)। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- 47वें G7 शिखर सम्मेलन 2021 में G7 ने 'कार्बिज़ बे' घोषणा पर हस्ताक्षर किये। इसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों को रोकना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- G7 ने गरीब देशों के लिये 1 बिलियन से अधिक कोरोनावायरस वैक्सीन खुराक का भी वादा किया, जिसमें से आधा संयुक्त राज्य अमेरिका से और 100 मिलियन ब्रिटेन से आया।

Q.158

उत्तर: C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD) को वर्ष 1994 में स्थापित किया गया था। UNCCD एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय समझौता है जो पर्यावरण एवं विकास के मुद्दों पर कानूनी रूप से बाध्यकारी है। अत: कथन 1 सही है।
- यह ग्लोबल एन्वायरनमेंट फैसिलिटी (GEF) की पहल है जहाँ साहेल-सहारन अफ्रीका के ग्यारह देशों ने भूमि क्षरण के खिलाफ लड़ने और देशी पौधों के पुनर्जीवन के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है। अत: कथन 2 सही है।

Q.159

उत्तर: C

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय हाइड्रोग्राफिक संगठन एक अंतर-सरकारी परामर्शदाता और तकनीकी संगठन है जिसे वर्ष 1921 में नेविगेशन की सुरक्षा एवं समुद्री पर्यावरण की सुरक्षा का समर्थन करने के लिये स्थापित किया गया था।
  - भारत भी IHO का सदस्य है। अत: कथन 1 सही है।
- हाल ही में विश्व महासागर दिवस (8 जून) के अवसर पर नेशनल ज्योग्राफिक पत्रिका ने 'दक्षिणी महासागर' को विश्व के पाँचवें महासागर के रूप में मान्यता दी है।
  - इंटरनेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑर्गनाइज़ेशन (International Hydrographic Organization- IHO) ने भी वर्ष 1937 में 'दक्षिणी महासागर' को अंटार्कटिका के आसपास के जल के एक अलग भाग के रूप में मान्यता दी थी लेकिन वर्ष 1953 में इसे निरस्त कर दिया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- दक्षिणी महासागर एकमात्र ऐसा महासागर है जो 'तीन अन्य महासागरों (प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर) को छूता है और एक महाद्वीप से पूरी तरह से घिरे होने के बजाय उसे घेरता है। अत: कथन 3 सही है।

Q.160

उत्तर: D

व्याख्या:

- थाईलैंड मुख्य भूमि दक्षिण पूर्व एशिया के केंद्र में स्थित एक देश है।
  - इसकी सीमा पश्चिम और उत्तर-पश्चिम में म्याँमार (बर्मा), पूर्व और उत्तर पूर्व में लाओस, दक्षिण-पूर्व में कंबोडिया, दक्षिण में मलेशिया से लगती है। यह न तो वियतनाम के साथ भूमि सीमा साझा करता है और न ही चीन के साथ। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- भारत और थाईलैंड द्वारा वर्ष 2005 से ही अपनी अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के निकट वर्ष में दो बार (न कि दो वर्ष में एक बार) भारत-थाईलैंड समन्वित गश्ती (इंडो-थाई कॉर्पेट) का आयोजन किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - हाल ही में भारतीय नौसेना और रॉयल थाई नौसेना के बीच भारत-थाईलैंड समन्वित गश्ती (इंडो-थाई कॉर्पेट) के 31वें संस्करण का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का आयोजन संस्करण मलक्का जलडमरूमध्य के पास अंडमान सागर में किया गया था।

Q.161

उत्तर: C

व्याख्या:

- FAO संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भुखमरी से बचने के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्त्व करती है।
- वर्ष 1945 में FAO की स्थापना की वर्षगाँठ को चिह्नित करने के लिये हर वर्ष 16 अक्तूबर को विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है।
  - यह रोम (इटली) में स्थित संयुक्त राष्ट्र के खाद्य सहायता संगठनों में से एक है।
  - इसकी सहयोगी संस्थाएँ विश्व खाद्य कार्यक्रम और कृषि विकास हेतु अंतर्राष्ट्रीय कोष (IFAD) हैं।
- उठाए गए कदम:
  - विश्व स्तर पर महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (GIAHS) दुनिया भर में रेगिस्तानी टिड्डी की स्थिति पर नज़र रखती है। अत: कथन 1 सही है।
  - कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन या CAC संयुक्त एफएओ/डब्ल्यूएचओ खाद्य मानक कार्यक्रम के कार्यान्वयन के संबंध में सभी मामलों के लिये ज़िम्मेदार निकाय है।
  - खाद्य और कृषि के लिये पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने हाल ही में भारत द्वारा प्रायोजित और 70 से अधिक देशों द्वारा समर्थित एक प्रस्ताव को अपनाया, जिसमें वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया गया।
  - FAO ने दालों के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के लिये भारतीय प्रस्ताव का समर्थन किया है जिसे वर्ष 2016 में मनाया गया था और 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में घोषित किया गया है। अत: कथन 2 सही है।
  - भारत ने FAO की 75वीं वर्षगाँठ (16 अक्तूबर, 2020) को चिह्नित करने के लिये 75 रुपए मूल्यवर्ग का सिक्का जारी किया।

Q.162

उत्तर: C

व्याख्या:

- ISA की स्थापना भारत की पहल के बाद हुई थी। इसकी शुरुआत संयुक्त रूप से पेरिस में 30 नवंबर, 2015 को संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के दौरान COP-21 से पृथक भारत और फ्राँस द्वारा की गई थी। ISA की अंतर्राष्ट्रीय संचालन समिति की पाँचवीं बैठक में 121 संभावित सदस्य राष्ट्रों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया था, जो पूर्ण या आंशिक रूप से कर्क और मकर रेखा के बीच में स्थित हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - 89 देशों ने ISA फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
- ISA का विज़न एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिड (OSOWOG) को सक्षम बनाना है।
  - यह वैश्विक सहयोग की सुविधा के लिये एक ढाँचे पर ध्यान केंद्रित करता है, जो परस्पर अक्षय ऊर्जा संसाधनों (मुख्य रूप से सौर ऊर्जा) के वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र जिसे मूल रूप से साझा किया जा सकता है, का निर्माण करता है। अत: कथन 1 सही है।

Q.163

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारतीय नौसेना और यूरोपीय संघ नौसैनिक बल, बहरीन में सालाना आयोजित SHADE (शेयर्ड अवेयरनेस एंड डी-कोन्फ्लिक्शन) बैठकों के माध्यम से नियमित बातचीत भी करते हैं।
- SHADE बहरीन में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय ऑपरेशनल काउंटर पायरेसी प्लेटफॉर्म है।
- इसका उद्देश्य भागीदारों को सूचनाओं को साझा करने, प्रवृत्तियों के विकास का आकलन करने, सर्वोत्तम प्रथाओं का आकलन करने और अदन की खाड़ी, ओमान की खाड़ी तथा पश्चिमी हिंद महासागर में समुद्री डकैती के विरुद्ध कार्रवाई करने वालों के बीच संघर्ष को रोकने हेतु प्रोत्साहित करना है। अत: विकल्प D सही है।

Q.164

उत्तर: C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एंटोनियो गुटेरेस (Antonio Guterres) को 1 जनवरी, 2022 से 31 दिसंबर, 2026 तक के लिये दूसरे कार्यकाल हेतु नौवें संयुक्त राष्ट्र महासचिव (UNSG) के रूप में नियुक्त किया।
  - वह पुर्तगाल के पूर्व प्रधानमंत्री रहे।
- संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत महासचिव की नियुक्ति सुरक्षा परिषद की सिफारिश पर महासभा द्वारा की जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - प्रत्येक महासचिव के पास दूसरे कार्यकाल का विकल्प होता है इसके लिये उसे सदस्य राज्यों का पर्याप्त समर्थन मामला आवश्यक है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - गुटेरेस को एक संशोधित चयन प्रक्रिया द्वारा चुना गया जिसमें महासभा में एक सार्वजनिक अनौपचारिक संवाद सत्र शामिल था, इसमें नागरिक समाज के प्रतिनिधि शामिल थे, जिसका उद्देश्य पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करना था।

Q.165

उत्तर: B

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD) द्वारा यह पुरुस्कार प्रत्येक 2 वर्षों में प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार भूमि संतुलन की दिशा में किये गए प्रयासों में उत्कृष्टता और नवाचार को मान्यता देता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (UNCCD) वर्ष 1994 में स्थापित यह पर्यावरण और विकास को स्थायी भूमि प्रबंधन से जोड़ने वाला एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय समझौता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह तीन रियो अभिसमयों में से एक है, अन्य दो अभिसमयों जैव विविधता अभिसमय (CBD) और जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) हैं। अत: कथन 3 सही है।

Q.166

उत्तर: C

व्याख्या

- नाटो की स्थापना 4 अप्रैल, 1949 की उत्तरी अटलांटिक संधि (जिसे वाशिंगटन संधि भी कहा जाता है) द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और कई पश्चिमी यूरोपीय देशों द्वारा सोवियत संघ के खिलाफ सामूहिक सुरक्षा प्रदान करने के लिये की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में है।
- एक "नाटो निर्णय" सभी 30 सदस्य देशों की सामूहिक इच्छा की अभिव्यक्ति है क्योंकि सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिये जाते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- हाल ही में आयोजित उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) शिखर सम्मेलन ने पहली बार स्पष्ट रूप से चीन को सुरक्षा जोखिम के रूप में वर्णित किया है।
  - नाटो 'उदघोषणा' द्वारा पहचाने गए अन्य दो जोखिम 'रूस' और 'आतंकवाद' हैं।

Q.167

उत्तर: A

व्याख्या:

- अंटार्कटिक महाद्वीप को केवल वैज्ञानिक अनुसंधान के लिये संरक्षित करने एवं असैन्यीकृत क्षेत्र बनाने के लिये 1 दिसंबर, 1959 को वाशिंगटन में 12 देशों के बीच अंटार्कटिक संधि पर हस्ताक्षर किये गए थे।
  - 12 मूल हस्ताक्षरकर्त्ता अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, चिली, फ्राँस, जापान, न्यूज़ीलैंड, नॉर्वे, दक्षिण अफ्रीका, सोवियत संघ, यूके और यूएस हैं।
  - वर्तमान में इसमें 54 पक्षकार हैं। वर्ष 1983 में भारत इस संधि का सदस्य बना। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- दक्षिण गंगोत्री भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम के एक भाग के रूप में अंटार्कटिका में स्थापित पहला भारतीय वैज्ञानिक अनुसंधान बेस स्टेशन था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - अभी यह क्षतिग्रस्त हो गया है और सिर्फ आपूर्ति का आधार बन गया है।
- मैत्री अंटार्कटिका में भारत का दूसरा स्थायी अनुसंधान केंद्र है। इसे 1989 में बनाया गया था।
  - मैत्री, शिरमाकर ओएसिस नामक चट्टानी पहाड़ी क्षेत्र पर स्थित है। भारत ने मैत्री के आसपास मीठे पानी की एक झील भी बनाई जिसे प्रियदर्शिनी झील के नाम से जाना जाता है। अत: कथन 3 सही है।

Q.168

उत्तर: B

व्याख्या :

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) और आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) की एक संयुक्त पहल टैक्स इंस्पेक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (TIWB) को भूटान में शुरू किया गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- भारत को इसमें भागीदार के रूप में चुना गया है। भारत ने इस कार्यक्रम के लिये कर-विशेषज्ञ उपलब्ध कराए हैं।
- यह कार्यक्रम लगभग 24 महीने की अवधि का है।
- इसका उद्देश्य कर लेखा परीक्षकों को तकनीकी जानकारी और कौशल हस्तांतरित कर सर्वोत्तम लेखापरीक्षा प्रथाओं को साझा करके कर प्रशासन को मज़बूत करने में भूटान की सहायता करना है। कार्यक्रम का फोकस अंतर्राष्ट्रीय कराधान और हस्तांतरण तथा मूल्य निर्धारण के क्षेत्र पर होगा। अत: कथन 2 सही है।
- स्थानांतरण मूल्य, जिसे स्थानांतरण लागत के रूप में भी जाना जाता है, वह मूल्य है जिस पर संबंधित पक्ष एक-दूसरे के साथ लेन-देन करते हैं, इसमें विभागों के बीच आपूर्ति या श्रम के व्यापार के दौरान होने वाला लेन-देन शामिल है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अपने को कम कर क्षेत्रों में स्थानांतरित करने के लिये हस्तांतरण कीमतों में हेरफेर कर सकती हैं।
- यह कार्यक्रम भारत और भूटान के बीच निरंतर सहयोग और दक्षिण-दक्षिण सहयोग हेतु भारत के निरंतर तथा सक्रिय समर्थन में एक और मील का पत्थर है।

Q.169

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसे आधिकारिक तौर पर जनवरी 2009 में बॉन, जर्मनी में स्थापित किया गया था।
  - वर्तमान में इसके 164 सदस्य देश हैं और भारत इसका 77वाँ संस्थापक सदस्य देश है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - इसका मुख्यालय अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात में स्थित है।
- यह एक स्थायी ऊर्जा भविष्य के लिये अपने सदस्य देशों को उनके ट्रांज़ीशन में सहायता करता है और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिये प्रमुख मंच, उत्कृष्टता केंद्र और नवीकरणीय ऊर्जा पर नीति, प्रौद्योगिकी, संसाधन तथा वित्तीय ज्ञान के भंडार के रूप में कार्य करता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह सतत् विकास, ऊर्जा पहुँच, ऊर्जा सुरक्षा और निम्न कार्बन आर्थिक विकास एवं समृद्धि सुनिश्चित करने हेतु जैव ऊर्जा, भू-तापीय, जलविद्युत, महासागर, सौर एवं पवन ऊर्जा सहित नवीकरणीय ऊर्जा के सभी रूपों को व्यापक रूप से अपनाने और सतत् उपयोग को बढ़ावा देने का कार्य भी करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.170

उत्तर: B

व्याख्या:

- स्पेशल फ्रंटियर फोर्स (SFF) की स्थापना वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के तुरंत बाद हुई थी। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह कैबिनेट सचिवालय के दायरे में आता है जहाँ इसका नेतृत्त्व एक महानिरीक्षक (Inspector General) करता है जो मेजर जनरल रैंक का एक सैन्य अधिकारी होता है।
  - SFF में शामिल इकाइयाँ 'विकास बटालियन' (Vikas Battalion) के रूप में जानी जाती हैं।
- SFF इकाइयाँ सेना का हिस्सा नहीं हैं परंतु वे सेना के संचालन नियंत्रण में कार्य करती हैं। अत: कथन 2 सही है।
- वे उच्च प्रशिक्षित विशेष बल कर्मी होते हैं, ये विभिन्न प्रकार के कार्य कर सकते हैं जो आमतौर पर किसी विशेष बल इकाई द्वारा किये जाते हैं।
- यह एक 'कोवर्ट आउटफिट' (Covert Outfit) थी जिसमें खम्पा समुदाय के तिब्बतियों को भर्ती किया जाता था किंतु अब इसमें तिब्बतियों एवं गोरखाओं दोनों को भर्ती किया जाता है।
- महिला सैनिक भी SSF इकाइयों का हिस्सा बनती हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.171

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने गुजरात के अहमदाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन (AMA) में एक जापानी 'ज़ेन गार्डन - काइज़न अकादमी' (Zen Garden- Kaizen Academy) का उद्घाटन किया।
- यह AMA में जापान सूचना एवं अध्ययन केंद्र और भारत-जापान मैत्री संघ (IJFA), गुजरात का एक संयुक्त प्रयास है। यह ह्योगो इंटरनेशनल एसोसिएशन (HIA) जापान द्वारा समर्थित है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसमें पारंपरिक जापानी अवयव जैसे- रेड ब्रिज गुज़ेई, शोजी इंटीरियर, ग्लोरी ऑफ तोरी, एक 3-डी आर्ट म्यूरल, फ्यूजन चबुतारो, ताकी वॉटरफॉल, सुकुबाई बेसिन और किमोनो स्क्रॉल हैं।
  - यह भारत में जापान की कार्य संस्कृति का प्रचार करेगा और जापान तथा भारत के बीच व्यापार संबंधों को बढ़ाएगा।
- ज़ेन, महायान बौद्ध धर्म का एक जापानी स्कूल है जो अनुष्ठान पूजा या शास्त्रों के अध्ययन के बजाय ध्यान और अंतर्ज्ञान के मूल्यों पर बल देता है। जापान में ज़ेन का आशय भारत में ध्यान के समान है। अत: कथन 2 सही है।
- काइज़ेन का तात्पर्य 'बेहतरी के लिये परिवर्तन' या 'निरंतर सुधार' से है। काइज़ेन एक जापानी व्यापार दर्शन है जो सभी कर्मचारियों को शामिल करते हुए कार्य वातावरण को अधिक कुशल बनाकर उत्पादकता में धीरे-धीरे सुधार करने पर केंद्रित है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.172

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय अंटार्कटिक कार्यक्रम राष्ट्रीय अंटार्कटिक और महासागर अनुसंधान केंद्र (NCPOR) के तहत एक वैज्ञानिक अनुसंधान और अन्वेषण कार्यक्रम है।
  - इसकी शुरुआत 1981 में हुई थी जब अंटार्कटिका के लिये पहला भारतीय अभियान प्रारंभ किया गया था।
  - NCPOR पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत कार्य करता है। अत: कथन 1 सही है।
- भारती, 2012 से भारत का नवीनतम अनुसंधान केंद्र संचालन। इसका निर्माण शोधकर्ताओं को कठोर मौसम के बावजूद सुरक्षा से काम करने में मदद करने के लिये किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - यह भारत की पहली प्रतिबद्ध अनुसंधान सुविधा है और मैत्री से लगभग 3000 किमी पूर्व में स्थित है।
- सागर निधि भारत का एक आइस-क्लास पोत है, जिसे अनुसंधान के लिये 2008 में कमीशन किया गया था।
  - यह 40 सेमी गहराई की पतली बर्फ को काट सकता है और अंटार्कटिक जल को नेविगेट करने वाला पहला भारतीय पोत है।

Q.173

उत्तर: C

व्याख्या:

- युलु उद्घोषणा (Yuelu Proclamation) को यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन) द्वारा 2018 में सेंट्रल चीन के हुनान प्रांत के चांग्शा में भाषा संसाधन संरक्षण पर पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनाया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, राज्यों, सरकारों और गैर-सरकारी संगठनों से विश्व में भाषायी विविधता के संरक्षण और संवर्द्धन पर आम सहमति पर पहुँचने का आह्वान करता है। अत: कथन 1 सही है।

Q.174

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत ने मई 1974 में अपने पहले परमाणु उपकरण का परीक्षण किया और परमाणु हथियारों के अप्रसार संधि (NPT) और व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (CTBT) दोनों से बाहर है। अत: कथन 1 सही है।
  - हालाँकि भारत का अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के साथ एक सुविधा-विशिष्ट सुरक्षा उपाय समझौता है और उसे परमाणु आपूर्तिकर्त्ता समूह (NSG) से छूट मिली है जो इसे वैश्विक नागरिक परमाणु प्रौद्योगिकी वाणिज्य में भाग लेने की अनुमति देता है।
- इसे वर्ष 2016 में मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (MTCR) में वर्ष 2017 में वासेनर अरेंजमेंट और वर्ष 2018 में ऑस्ट्रेलिया समूह में एक सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- भारत ने परमाणु हथियारों के पहले प्रयोग नहीं करने की अपनी आधिकारिक प्रतिबद्धता को बनाए रखा है।

Q.175

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह 19 दिसंबर, 1966 को स्थापित एक क्षेत्रीय विकास बैंक है। इसका मुख्यालय मनीला, फिलीपींस में स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
  - वर्तमान में इसके 68 सदस्य देश हैं, जिनमें से 49 एशियाई देश हैं। भारत भी इसका सदस्य है।
- इसके पाँच सबसे बड़े शेयरधारकों में जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका (कुल शेयरों का 15.6% हिस्सा), पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (6.4% हिस्सा), भारत (6.3% हिस्सा) और ऑस्ट्रेलिया (5.8% शामिल) हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - इसका उद्देश्य एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

Q.176

उत्तर: B

व्याख्या:

- काउंसिल ऑफ यूरोप (CoE) का साइबर क्राइम कन्वेंशन, जिसे बुडापेस्ट कन्वेंशन के रूप में भी जाना जाता है, साइबर अपराध पर कानूनी रूप से बाध्यकारी एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय बहुपक्षीय संधि है। यह संधि राष्ट्रों-राज्यों के बीच साइबर अपराध संबंधी जाँच को समन्वित करती है और साइबर अपराध से जुड़े कुछ आचरणों का अपराधीकरण करती है। अत: कथन 1 सही है।
- इस कन्वेंशन को वर्ष 2001 में हस्ताक्षर के लिये खोला गया था और वर्ष 2004 में यह लागू हुआ।
- बुडापेस्ट कन्वेंशन को कंप्यूटर सिस्टम के माध्यम से ज़ेनोफोबिया और जातिवाद पर एक प्रोटोकॉल द्वारा समर्थित किया गया है।

- भारत बुडापेस्ट कन्वेंशन का पक्षकार नहीं है। भारत ने हाल ही में एक अलग कन्वेंशन की स्थापना हेतु रूस के नेतृत्व वाले संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। प्रस्ताव में अमेरिका समर्थित बुडापेस्ट कन्वेंशन के विकल्प के रूप में नए साइबर मानदंड स्थापित करने का प्रयास किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.177

उत्तर: D

व्याख्या:

- बेसल कन्वेंशन:
  - यह वर्ष 1992 में लागू हुआ, जिसका उद्देश्य विकसित से निम्न विकसित देशों (LDCs) में खतरनाक कचरे की सीमा-पार आवाजाही को कम करना और उत्पादन के स्रोत के यथासंभव सुरक्षित निपटान सुनिश्चित करना था।
    - भारत इसका एक सदस्य है।
- रॉटरडैम कन्वेंशन:
  - इसे सितंबर 1998 में नीदरलैंड के रॉटरडैम में 'प्लेनिपोटेंटियरीज कॉन्फ्रेंस' द्वारा अपनाया गया था और फरवरी 2004 में लागू हुआ था।
    - भारत इसका एक सदस्य है।
- स्टॉकहोम कन्वेंशन:
  - यह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को स्थायी जैविक प्रदूषकों (POPs) से बचाने के लिये एक वैश्विक संधि है।
  - भारत इसका सदस्य है।
- रासायनिक हथियार कन्वेंशन:
    - यह रासायनिक हथियारों पर प्रतिबंध लगाने और निर्धारित समय के भीतर उनके विनाश की आवश्यकता वाली एक बहुपक्षीय संधि है।
    - CWC के लिये वार्ता की शुरुआत वर्ष 1980 में निरस्त्रीकरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में शुरू हुई।
    - भारत ने जनवरी 1993 में संधि पर हस्ताक्षर किये।

  अत: विकल्प D सही है।

Q.178

उत्तर: D

व्याख्या:

- CEO वाटर मैंडेट, संयुक्त राष्ट्र महासचिव (UN Secretary-General) और संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट (UN Global Compact) की एक विशेष पहल है, जिसे पैसिफिक इंस्टिट्यूट के साथ साझेदारी में क्रियान्वित किया जाता है। इसकी स्थापना वर्ष 2007 में की गई थी।
  - यह पहल जल, स्वच्छता और सतत् विकास लक्ष्यों (Sustainable Development Goals-SDGs) पर बिज़नेस लीडर्स को एकजुट करती है तथा जल एवं स्वच्छता के एजेंडे को बेहतर बनाने के लिये कंपनियों की प्रतिबद्धता व प्रयासों को प्रदर्शित करती है।
- इंडस्ट्रियल डीप डीकार्बोनाइज़ेशन इनिशिएटिव (IDDI) सार्वजनिक और निजी संगठनों का एक वैश्विक गठबंधन है जो न्यून कार्बन औद्योगिक सामग्री की मांग को प्रोत्साहित करने के लिये काम कर रहा है।
  - UNIDO (संयुक्त राष्ट्र विकास औद्योगिक संगठन) द्वारा समन्वित, IDDI का नेतृत्त्व यूनाइटेड किंगडम और भारत द्वारा किया जाता है।
- रेस टू ज़ीरो संयुक्त राष्ट्र समर्थित वैश्विक अभियान है जिसमें गैर-राज्यीय संस्थाओं (कंपनियाँ, विभिन्न शहर, वित्तीय और शैक्षणिक संस्थान) को शामिल किया गया है। यह वर्ष 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन को आधा करने और एक स्वस्थ, स्वच्छ, ज़ीरो-कार्बन वाले विश्व के निर्माण हेतु कठोर और तत्काल कार्रवाई को प्रोत्साहित करता है। अत: विकल्प D सही है।

Q.179

उत्तर: D

व्याख्या:

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy Agency-IEA) द्वारा जारी की जाने वाली रिपोर्ट:

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा 'भारत एनर्जी आउटलुक 2021' रिपोर्ट जारी की गई है, साथ ही इसके द्वारा वर्ष 2050 तक नेट जीरो (Net Zero by 2050) और विश्व का पहला व्यापक ऊर्जा रोडमैप भी जारी किया है।
- विश्व ऊर्जा निवेश रिपोर्ट (World Energy Investment Report), विश्व ऊर्जा आउटलुक रिपोर्ट (World Energy Outlook Report), वैश्विक ऊर्जा समीक्षा (Global Energy Review)।
- अत: विकल्प D सही है।

Q.180

उत्तर: A

व्याख्या:

- विश्व बैंक समूह विकासशील देशों में गरीबी को कम करने और साझा समृद्धि का निर्माण करने वाले स्थायी समाधानों के लिये काम कर रहे पाँच संस्थानों की एक अनूठी वैश्विक साझेदारी है।
- इसकी स्थापना 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के साथ की गई थी।

- प्रमुख रिपोर्ट
  - ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस।
  - ह्यूमन कैपिटल इंडेक्स।
  - वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट।
  - माइग्रेशन एंड डेवलपमेंट ब्रीफ। अत: विकल्प (A) सही है।
  - ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स।
- 'वर्ल्ड इकॉनोमिक आउटलुक रिपोर्ट' अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा जारी की जाती है।
- विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा 'वर्ल्ड कॉम्पेटिटिवनेस रिपोर्ट' जारी की जाती है।

Q.181

उत्तर: A

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन (इंटरपोल) एक अंतर-सरकारी संगठन है जो 194 सदस्य देशों के पुलिस बल के समन्वय में मदद करता है।
- प्रत्येक सदस्य देश द्वारा एक इंटरपोल नेशनल सेंट्रल ब्यूरो (NCB) की मेज़बानी की जाती है। यह उनके राष्ट्रीय कानून प्रवर्तन को अन्य देशों और सामान्य सचिवालय से जोड़ता है। अत: कथन 1 सही है।
- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) को भारत के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो के रूप में नामित किया गया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसका मुख्यालय फ्राँस के ल्यों (Lyon) में है।
- इंटरपोल द्वारा जारी किया जाने वाला नोटिस सदस्य देशों में पुलिस को अपराध से संबंधित महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा करने में सहयोग या अलर्ट (Alert) के लिये अंतर्राष्ट्रीय अनुरोध होता है।

Q.182

उत्तर: A

व्याख्या:

- किर्गिज़स्तान मध्य एशिया का एक देश है जो उज़्बेकिस्तान, कज़ाकिस्तान, चीन और ताज़िकिस्तान के साथ सीमा साझा करता है। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 1991 से भारत और किर्गिज़स्तान के मध्य मज़बूत द्विपक्षीय संबंध स्थापित हैं।
  - वर्ष 1992 में भारत, किर्गिज़स्तान के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला पहला देश था।
- वर्ष 2011 में भारत और किर्गिज़स्तान के मध्य संयुक्त 'खंजर' (Khanjar) अभ्यास शृंखला की शुरुआत की गई।
  - काज़िंद भारत और कज़ाखस्तान के मध्य आयोजित होने वाला संयुक्त सैन्य अभ्यास है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.183

उत्तर: C

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारा (INSTC) को सदस्य देशों के मध्य परिवहन सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ईरान, रूस और भारत द्वारा सेंट पीटर्सबर्ग में 12 सितंबर 2000 को स्थापित एक मल्टी-मॉडल परिवहन (Multi-Modal Transportation) गलियारा है। अत: कथन 1 सही है।
  - INSTC का विस्तार कर इसमें 11 नए सदस्यों को शामिल किया गया है, जिसमें अज़रबैजान गणराज्य, आर्मेनिया गणराज्य, कजाकिस्तान गणराज्य, किर्गिज़ गणराज्य, ताज़िकिस्तान गणराज्य, तुर्की गणराज्य, यूक्रेन गणराज्य, बेलारूस गणराज्य, ओमान, सीरिया, बुल्गारिया (पर्वेक्षक) शामिल हैं।
- यह माल परिवहन हेतु जहाज़, रेल और सड़क मार्ग का 7,200 किलोमीटर लंबा मल्टी-मोड नेटवर्क (Multi-Mode Network) है, जिसका उद्देश्य भारत और रूस के मध्य परिवहन लागत को लगभग 30% कम करना और आवागमन के 40 दिनों घटा कर कम से कम आधा करना है। ।
  - यह गलियारा इस्लामिक गणराज्य ईरान के द्वारा हिंद महासागर और फारस की खाड़ी को कैस्पियन सागर से जोड़ता है तथा उसके बाद यह रूसी संघ के द्वारा से सेंट पीटर्सबर्ग और उत्तरी यूरोप से जुड़ा हुआ है। अत: कथन 2 सही है।

Q.184

उत्तर: A

व्याख्या:

- तकरीबन 23 मिलियन लोगों की आबादी वाला रिपब्लिक ऑफ चाइना यानी ताइवान चीन के दक्षिणी तट के पास स्थित द्वीप है, जिसे वर्ष 1949 के बाद से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से स्वतंत्र एक लोकतांत्रिक सरकार द्वारा शासित किया जा रहा है।
  - इसके पश्चिम में चीन (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना), उत्तर-पूर्व में जापान और दक्षिण में फिलीपींस स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
- ताइवान सबसे अधिक आबादी वाला ऐसा राष्ट्र है जो संयुक्त राष्ट्र (United Nations-UN) का सदस्य नहीं है और साथ ही यह संयुक्त राष्ट्र के बाहर सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है। अत: कथन 2 सही है।
  - ताइवान एशिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
- भारत और ताइवान के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं, लेकिन वर्ष 1995 में दोनों देशों ने एक-दूसरे की राजधानियों में प्रतिनिधि कार्यालय स्थापित किये थे। भारत द्वारा 'एक चीन नीति' का समर्थन किया जाता है।
  - एक चीन नीति: भारत के लिये ताइवान के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को पूरी तरह से विकसित करना अपेक्षाकृत मुश्किल है। वर्तमान में विश्व के लगभग 15 देशों द्वारा ताइवान को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दी गई है। भारत मान्यता देने वाले 15 देशों में शामिल नहीं है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.185

उत्तर: C

व्याख्या:

- जी-7 समूह एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसका गठन वर्ष 1975 में हुआ था।
  - वैश्विक आर्थिक व्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा और ऊर्जा नीति जैसे साझा हित के मुद्दों पर चर्चा करने हेतु इस समूह की बैठक वार्षिक रूप से संपन्न होती है।
- G7 का कोई निर्धारित संविधान या मुख्यालय नहीं है। अत:कथन 2 सही नहीं है।
- इस समूह की बैठक वार्षिक रूप से संपन्न होती है। वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं द्वारा लिये गए निर्णय गैर-बाध्यकारी होते हैं। अत: कथन 3 सही है।
  - यूरोपीय संघ (European Union), आईएमएफ (IMF), विश्व बैंक (World Bank) और संयुक्त राष्ट्र (United Nations) जैसे महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाता है।
- G-7 देशों के राष्ट्राध्यक्ष दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन में मिलते हैं जिसकी अध्यक्षता सदस्य देशों के नेताओं द्वारा एक 'रोटेशनल बेसिस' (Rotational Basis) पर की जाती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - 47वाँ G7 शिखर सम्मेलन जून, 2021 में यूनाइटेड किंगडम की मेज़बानी में आयोजित किया जाएगा।
  - वर्ष 2020 में संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित होने वाले शिखर सम्मेलन में भी भारत को आमंत्रित किया गया था, हालाँकि महामारी के कारण इस सम्मेलन का आयोजन नहीं किया सका।
  - अगस्त 2019 में 45वाँ G7 शिखर फ्राँस के बिरिट्ज में संपन्न हुआ

Q.186

उत्तर: D

व्याख्या:

- आर्कटिक क्षेत्र के अंतर्गत आर्कटिक महासागर और कुछ विशिष्ट हिस्से, जैसे- अलास्का (संयुक्त राज्य अमेरिका), कनाडा, फिनलैंड, डेनमार्क (ग्रीनलैंड), आइसलैंड, नॉर्वे, रूस और स्वीडन को शामिल किया जाता है।
  - ये देश एक साथ मिलकर आर्कटिक काउंसिल नामक एक अंतर-सरकारी फोरम का निर्माण करते हैं। अत: विकल्प A सही है।
  - आर्कटिक परिषद का मुख्यालय नॉर्वे (Norway) में है।
- आर्कटिक क्षेत्र में भारत की उपस्थिति वर्ष 1920 में पेरिस की स्वालबार्ड संधि पर हस्ताक्षर के साथ शुरू हुई थी। अत: विकल्प B सही है।
- भारत ने वर्ष 2008 में आर्कटिक क्षेत्र में एक स्थायी अनुसंधान स्टेशन का निर्माण किया। इसे 'हिमाद्री' कहा जाता है। हिमाद्री नॉर्वे के स्वालबार्ड क्षेत्र के न्यालेसुंड में स्थित है।
  - भारत द्वारा जुलाई 2014 से कांग्सजॉर्डन फोर्ड (Kongs-fjorden fjord) में इंडआर्क (IndARC) नामक एक बहु-संवेदक यथास्थान वेधशाला (Multi-Sensor Moored Observatory) भी तैनात की गई। अत: विकल्प D सही नहीं है।
- भारत को वर्ष 2013 में आर्कटिक परिषद में 'पर्यवेक्षक' देश का दर्जा प्रदान किया गया तथा वर्तमान में चीन सहित विश्व के कुल 13 देशों को 'पर्यवेक्षक' का दर्जा प्राप्त है। वर्ष 2018 में भारत के 'पर्यवेक्षक' दर्जे का नवीनीकरण किया गया था। अत: विकल्प C सही है।

Q.187

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में इज़रायली सशस्त्र बलों ने यरुशलम में ज़ायोनी राष्ट्रवादियों द्वारा वर्ष 1967 में शहर के पूर्वी हिस्से पर इजरायल के कब्जे को स्मरण करते हुए निकाले जाने वाले मार्च से पहले येरुशलम के हरम अस-शरीफ में अल-अक्सा मस्जिद पर हमला कर दिया। अत: विकल्प B सही है।
- यह इस्लाम में आस्था रखने वालों के लिये सबसे पवित्र संरचनाओं/भवनों में से एक है। यह 35 एकड़ के स्थल- जिसे मुस्लिमों द्वारा हरम अल शरीफ या पवित्र पूजा स्थल (Noble Sanctuary) तथा यहूदियों द्वारा टेम्पल माउंट (Temple Mount) के रूप में जाना जाता है, में स्थित है।
  - यह स्थल पुराने शहर यरुशलम का हिस्सा है, जिसे ईसाइयों, यहूदियों और मुसलमानों के लिये पवित्र माना जाता है।
  - ऐसा माना जाता है कि इसका निर्माण आठवीं शताब्दी की शुरुआत में पूर्ण हो चुका था और इसके सामने 'डोम ऑफ द रॉक' नामक स्वर्ण-गुंबद वाला इस्लामी स्थल स्थित है जो यरुशलम की मान्यता का प्रतीक है।
  - 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization- UNESCO ने यरुशलम के पुराने शहर और इसकी दीवारों को विश्व धरोहर स्थल (World Heritage Site) के रूप में वर्गीकृत किया है।

Q.188

उत्तर: B

व्याख्या:

- शंघाई सहयोग संगठन (Shanghai Cooperation Organisation- SCO) का भारत एक सदस्य देश है, जबकि मंगोलिया एक पर्यवेक्षक देश है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - अन्य फोरम जिनमें दोनों देश सदस्य हैं: एशिया-यूरोप मीटिंग (Asia-Europe Meeting- ASEM) और विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organisation- WTO) आदि।
- रक्षा सहयोग:
  - दोनों देशों के बीच 'नोमाडिक एलीफैंट' (Nomadic Elephant) नाम से संयुक्त अभ्यास का आयोजन किया जाता है।
  - भारत मंगोलिया द्वारा आयोजित खान क्वेस्ट नामक एक वार्षिक साप्ताहिक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास में भी सक्रिय भागीदार है। अत: कथन 2 सही है।

Q.189

उत्तर: D

व्याख्या :

- हाल ही में ईरान ने फरज़ाद-बी गैस फील्ड (Farzad-B Gas Field) के विकास हेतु एक घरेलू गैस उत्पादक कंपनी पेट्रोपार्स (Petropars) को सौप दिया।
- फरज़ाद-बी गैस फील्ड फारस की खाड़ी (ईरान) में स्थित है। अत: विकल्प D सही है।
- वर्ष 2002 में इस क्षेत्र की खोज के लिये ओएनजीसी विदेश, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और ऑयल इंडिया के भारतीय संघ द्वारा एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया था।
- गैस क्षेत्र की खोज के आधार पर इस क्षेत्र की व्यावसायिकता की घोषणा के पश्चात् वर्ष 2009 में अनुबंध समाप्त हो गया।
- जनवरी 2020 में भारत को यह जानकारी दी गई कि निकट भविष्य में ईरान स्वयं इस क्षेत्र का विकास करेगा और बाद के कुछ चरणों में भारत को उचित रूप से शामिल करना चाहेगा।

Q.190

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत और ओमान द्वारा अपनी तीनों सैन्य सेवाओं के बीच नियमित द्विवार्षिक द्विपक्षीय अभ्यास किया जाता है।
  - सेना अभ्यास: अल नजाह
  - वायु सेना अभ्यास: ईस्टर्न ब्रिज
  - नौसेना अभ्यास: नसीम-अल-बहर
- अभ्यास प्रबल दोस्तक भारत और कज़ाकिस्तान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है।

- भारतीय सेना और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल अभ्यास एकुवेरिन आयोजित कर रहे हैं। अत: विकल्प B सही है।

Q.191

उत्तर: B

व्याख्या:

- ब्रिक्स दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं- ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह के लिये एक संक्षिप्त शब्द (Abbreviation) है।
- वर्ष 2001 में ब्रिटिश अर्थशास्त्री जिम ओ' नील द्वारा ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन की चार उभरती अर्थव्यवस्थाओं के वर्णन करने के लिये BRICS शब्द की चर्चा की।
  - वर्ष 2006 में ब्रिक (BRIC) विदेश मंत्रियों की प्रथम बैठक के दौरान समूह को एक नियमित अनौपचारिक रूप प्रदान किया।
  - दिसंबर 2010 में दक्षिण अफ्रीका (न की ब्राज़ील)को ब्रिक (BRIC) में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने चीन में आयोजित तीसरे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और समूह ने संक्षिप्त रूप ब्रिक्स (BRICS) को अपनाया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ब्रिक्स कोई संगठन का रूप नहीं है, बल्कि यह पाँच देशों के सर्वोच्च नेताओं के बीच एक वार्षिक शिखर सम्मेलन है। अत: कथन 2 सही है।
  - ब्रिक्स शिखर सम्मलेन फोरम की अध्यक्षता प्रतिवर्ष B-R-I-C-S क्रमानुसार सदस्य देशों के बीच की जाती है।
- ब्रिक्स समझौतों से आर्थिक और व्यापारिक सहयोग, नवाचार सहयोग, सीमा शुल्क सहयोग, ब्रिक्स व्यापार परिषद, आकस्मिक रिज़र्व समझौते और न्यू डेवलपमेंट बैंक के बीच रणनीतिक सहयोग आदि सामने आए हैं।
  - न्यू डेवलपमेंट बैंक, जिसे पहले ब्रिक्स विकास बैंक के अनौपचारिक नाम से भी जाना जाता था, ब्रिक्स राज्यों द्वारा स्थापित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है। अत: कथन 3 सही है।

Q.192

उत्तर: D

उत्तर:

- वर्ष 1992 में पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में 'संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मेलन' (United Nations Framework Convention on Climate Change- UNFCCC) पर हस्ताक्षर किये गए, जिसे पृथ्वी शिखर सम्मेलन (Earth Summit), रियो शिखर सम्मेलन या रियो सम्मेलन के रूप में भी जाना जाता है।अत: कथन 1 सही है।
- भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जिसने जलवायु परिवर्तन (UNFCCC), जैव विविधता (जैविक विविधता पर सम्मेलन) और भूमि (संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम कन्वेंशन) पर तीनों रियो सम्मेलनों के COP की मेज़बानी की है। अत: कथन 2 सही है।
- 21 मार्च, 1994 से UNFCCC लागू हुआ और 197 देशों द्वारा इसकी पुष्टि की गई।
  - यह वर्ष 2015 के पेरिस समझौते की मूल संधि (Parent Treaty) है। UNFCCC वर्ष 1997 के क्योटो प्रोटोकॉल (Kyoto Protocol) की मूल संधि भी है। अत: कथन 3 सही है।
  - प्रत्येक वर्ष COP की बैठक सम्पन्न होती है, COP की पहली बैठक मार्च 1995 में जर्मनी के बर्लिन में आयोजित की गई थी।
  - यदि कोई पार्टी सत्र की मेज़बानी करने की पेशकश नहीं करती है तो COP का आयोजन बॉन, जर्मनी में (सचिवालय) में किया जाता है।

Q.193

उत्तर: A

व्याख्या:

- नागोया प्रोटोकॉल (कार्टाजेना प्रोटोकॉल के साथ) जैविक विविधता पर कन्वेंशन (CBD) का एक पूरक समझौता है।
- आनुवंशिक संसाधनों तक पहुँच और उनके उपयोग से उत्पन्न होने वाले लाभों के उचित तथा न्यायसंगत साझाकरण पर नागोया प्रोटोकॉल (Nagoya Protocol) जापान में COP-10 में अपनाया गया था।
- COP-10 में जैव विविधता को बचाने के लिये सभी देशों द्वारा कार्रवाई हेतु दस वर्ष की रूपरेखा को भी अपनाया गया।
  - इसे आधिकारिक तौर पर "जैव विविधता के लिये रणनीतिक योजना, 2011-2020" के रूप में जाना जाता है। इसने 20 लक्ष्यों का एक सेट प्रदान किया, जिसे सामूहिक रूप से जैव विविधता हेतु आईची लक्ष्य (Aichi Target) के रूप में जाना जाता है।
- वर्ष 2000 में कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज़ के पाँचवें (COP-5) सत्र में जैव सुरक्षा पर कार्टाजेना प्रोटोकॉल (Cartagena Protocol) को अपनाया गया था।
- कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज़ के सातवें (COP-7) सत्र में मराकेश समझौते (Marrakesh Accord) पर हस्ताक्षर किये गए। अत: विकल्प (A) सही है।

Q.194

उत्तर: D

व्याख्या:

- "सोवा-रिग्पा" जिसे आमतौर पर तिब्बती चिकित्सा पद्धति के रूप में जाना जाता है, दुनिया की सबसे पुरानी, जीवित और अच्छी तरह से प्रलेखित चिकित्सा परंपराओं में से एक है। यह चिकित्सा पद्धति तिब्बत में उत्पन्न हुई और भारत, नेपाल, भूटान, मंगोलिया तथा रूस में लोकप्रिय रूप से प्रचलित है। यूनानी चिकित्सा पद्धति यूनान में उत्पन्न हुई तथा इसकी नींव हिप्पोक्रेट्स द्वारा रखी गई थी। सोवा-रिग्पा के अधिकांश सिद्धांत और व्यवहार "आयुर्वेद" के समान हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सोवा-रिग्पा इस सिद्धांत पर आधारित है कि ब्रह्मांड के सभी जीवित प्राणियों और निर्जीव वस्तुओं के शरीर 'जंग-वा-नगा' (पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) के पाँच ब्रह्मांडीय भौतिक तत्त्वों से निर्मित हैं।
- प्राकृतिक चिकित्सा एक ऐसी प्रणाली है जो शरीर को स्वयं को स्वास्थ्य रखने में मदद करने के लिये प्राकृतिक उपचार का उपयोग करती है। यह जड़ी-बूटियों, मालिश, एक्यूपंक्चर, व्यायाम और पोषण संबंधी परामर्श सहित कई उपचारों को अपनाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.195

उत्तर: C

व्याख्या :

- ऑपरेशन राहत: वर्ष 2015 के यमन संकट के दौरान भारतीय सशस्त्र बल द्वारा शुरू किये गए ऑपरेशन राहत के अंतर्गत यमन से 41 देशों के 960 विदेशी नागरिकों के साथ 4640 से अधिक भारतीय नागरिकों को निकाला गया था। अत: युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
  - यह अभियान वायु मार्ग और समुद्र मार्ग दोनों से संचालित किया गया था।
- ऑपरेशन मैत्री: वर्ष 2015 में नेपाल में आए भूकंप में बचाव और राहत अभियान के रूप में ऑपरेशन मैत्री का संचालन भारत सरकार और भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किया गया था।
- भारतीय सशस्त्र बलों ने लगभग 5,188 लोगों को निकाला था, जबकि लगभग 785 विदेशी पर्यटकों को पारगमन वीज़ा प्रदान किया गया था। अत: युग्म 4 सही सुमेलित है।
- ऑपरेशन सुरक्षित घर वापसी: इसे भारत सरकार ने 26 फरवरी, 2011 को लीबियाई गृहयुद्ध में फंसे भारतीय नागरिकों को निकालने के लिये शुरू किया था। अत: युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।
- भारतीय नौसेना और एयर इंडिया द्वारा वायु मार्ग और समुद्र मार्ग दोनों का संचालन किया गया था। ऑपरेशन में लगभग 15,000 नागरिकों को बचाया गया था।
- ऑपरेशन सुकून: यह अभियान भारतीय नौसेना द्वारा लेबनान युद्ध (2006) के दौरान लेबनान में फंसे भारत, श्रीलंका और नेपाल के नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिये चलाया गया था।
- यह भारतीय नौसेना द्वारा किये गए सबसे बड़े बचाव अभियानों में से एक था, जिसमें कुल 2,280 लोगों को बचाया गया था। अत:युग्म 3 सही सुमेलित है।

Q.196

उत्तर: C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी संधि, 1951 संयुक्त राष्ट्र (United Nation) की एक बहुपक्षीय संधि है, जिसमें शरणार्थी की परिभाषा, उनके अधिकार तथा हस्ताक्षरकर्त्ता देश की शरणार्थियों के प्रति ज़िम्मेदारियों से संबंधित प्रावधान शामिल हैं।
  - यह संधि युद्ध अपराधियों, आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों को शरणार्थी के रूप में मान्यता नहीं देती है।
  - यह संधि जाति, धर्म, राष्ट्रीयता, किसी विशेष सामाजिक समूह से संबद्धता या पृथक राजनीतिक विचारों के कारण उत्पीड़न तथा अपना देश छोड़ने को मज़बूर लोगों के अधिकारों को संरक्षण प्रदान करती है।
  - भारत इस संधि/अभिसमय का पक्षकार नहीं है। अत: कथन 1 सही है।
- संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (UNHCR) एक संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी और एक वैश्विक संगठन है जो शरणार्थियों के जीवन बचाने, उसके अधिकारों की रक्षा करने और उनके लिये बेहतर भविष्य के निर्माण के प्रति समर्पित है।
- संयुक्त राष्ट्र की इस एजेंसी की स्थापना वर्ष 1950 में की गई थी।
- इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है। अत: कथन 2 सही है।

Q.197

उत्तर: B

व्याख्या:

- 'एक्सेस टू कोविड-19 टूल्स एक्सलरेटर' (ACT-Accelerator) को अप्रैल 2020 में WHO के महानिदेशक, फ्राँस के राष्ट्रपति, यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में लॉन्च किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह सरकारों, वैज्ञानिकों, व्यवसायों, नागरिक समाज और समाजसेवी वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों को एक साथ लाता है।

- इसके प्रतिभागियों में बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, सेपी (CEPI), फाउंडेशन फॉर इनोवेटिव न्यू डायग्नोस्टिक्स (FIND), गावी (GAVI), द ग्लोबल फंड, यूनिटेड (Unitaid), वेलकम ट्रस्ट (लंदन), WHO और विश्व बैंक शामिल हैं।

- इसका उद्देश्य महामारी को समाप्त करना, विश्व स्तर पर सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को पूर्ण रूप से बहाल करना और कोविड -19 रोग के उच्च-स्तरीय नियंत्रण की सुविधा प्रदान करना है। अत: कथन 2 सही है।
- एसीटी एक्सलरेटर के कार्यों को चार स्तंभों में व्यवस्थित किया जाता है:
  - निदान, उपचार, टीका और स्वास्थ्य प्रणाली को मज़बूत बनाना।
  - प्रत्येक स्तंभ समग्र प्रयास के लिये महत्त्वपूर्ण है और इसमें नवाचार और सहयोग शामिल है।

Q.198

उत्तर: (B)

व्याख्या

- 'बिम्सटेक' का पूरा नाम 'बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन' है तथा यह एक क्षेत्रीय संगठन है।
  - इसके 7 सदस्यों में से 5 सदस्य- बांग्लादेश, भूटान, भारत, नेपाल और श्रीलंका दक्षिण एशिया से हैं तथा दो- म्याँमार और थाईलैंड दक्षिण-पूर्व एशिया से हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह भारत और पाकिस्तान के बीच मतभेदों के चलते दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क-SAARC) के महत्त्वहीन हो जाने के कारण भारत को अपने पड़ोसी देशों के साथ जुड़ने हेतु एक नया मंच प्रदान करता है।
- वर्तमान में बिम्सटेक 15 क्षेत्रों में कार्य करता है, जिनमें व्यापार, प्रौद्योगिकी, कृषि, पर्यटन, मत्स्य पालन, ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन शामिल हैं।
- 'बिम्सटेक' के स्थायी सचिवालय की स्थापना ढाका, बांग्लादेश में 13 सितंबर, 2014 को की गई थी। अत: कथन 2 सही है।

Q.199

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय नौसेना के जहाज़ आईएनएस सतपुड़ा (INS Satpura) तथा पी 8I लॉन्ग रेंज मेरीटाइम पैट्रोल एयरक्राफ्ट (P8I Long Range Maritime Patrol Aircraft) के साथ आईएनएस किल्तान (INS Kiltan) पहली बार बहुपक्षीय सामुद्रिक अभ्यास ला पेरॉस (La Perouse) में भाग ले रहे हैं, जिसका संचालन 5 से 7 अप्रैल, 2021 तक पूर्वी हिंद महासागर में किया जा रहा है।
  - इस संयुक्त अभ्यास की शुरुआत फ्राँस द्वारा वर्ष 2019 में की गई थी, जिसके प्रथम संस्करण में ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के जहाज़ शामिल हुए थे।
    - इस अभ्यास में भारत की भागीदारी ने फ्रांसीसी नेतृत्व वाले नौसैनिक अभ्यास में क्वाड (QUAD) देशों के प्रतिनिधित्व को पूरा कर दिया।

ला पेरॉस अभ्यास के बाद भारत-फ्राँस के नौसैनिक अभ्यास "वरुण" का आयोजन पश्चिमी हिंद महासागर में किया जाना निर्धारित है, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात (UAE) भी भाग लेगा। अत: कथन 1 और 3 सही हैं, जबकि कथन 2 सही नहीं है।

Q.200

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत अंतर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन का भी सदस्य है। अत: कथन 1 सही है।
- IMO संयुक्त राष्ट्र (UN) की एक विशेष एजेंसी है। अत: कथन 2 सही है।
- यह एक वैश्विक अंतर्राष्ट्रीय मानक-निर्धारण प्राधिकरण है जो मुख्य रूप से अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग की सुरक्षा में सुधार करने और जहाज़ों द्वारा होने वाले प्रदूषण को रोकने हेतु उत्तरदायी है।

Q.201

उत्तर: (C)

व्यख्या:

- भारत और रूस के बीच एक आम सहमति विकसित करने के लिये दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने एक दूसरे की चिंताओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों को संबोधित किया।
  - रूस के सुदूर पूर्व में बैकाल झील, जो कि विश्व की सबसे बड़ी ताज़े पानी की झील है, से लेकर प्रशांत महासागर तक इसमें रूस का लगभग एक तिहाई क्षेत्र शामिल है। अत: कथन 1 सही नही है।
- भारत और रूस ने वर्ष 2025 तक द्विपक्षीय व्यापार को 30 बिलियन डॉलर तक पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- इसके अलावा कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (KKNPP) भारत में रूस के सहयोग से बनाया जा रहा है। अत: कथन 3 सही है।
- दोनों देशों के समान बहुपक्षीय मंच
  - ब्रिक्स

- रूस-भारत-चीन समूह (RIC)
- शंघाई सहयोग संगठन (SCO)
- अत: कथन 2 सही है।

- दोनों देशों के सैन्य अभ्यास:
  - अभ्यास- TSENTR
  - इंद्र सैन्य अभ्यास- संयुक्त त्रि-सेवा (सेना, नौसेना, वायु सेना) अभ्यास

Q.202

उत्तर: A

व्याख्या:

- नाटो की स्थापना 4 अप्रैल, 1949 को संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और कई पश्चिम यूरोपीय देशों द्वारा सोवियत संघ के विरुद्ध सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक सैन्य संगठन के रूप में (जिसे वाशिंगटन संधि भी कहा जाता है) की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- संधि के एक प्रमुख प्रावधान (तथाकथित अनुच्छेद-5) में कहा गया है कि यदि यूरोप या उत्तरी अमेरिका में संगठन के किसी सदस्य पर हमला किया जाता है, तो इसे सभी सदस्यों पर हमला माना जाएगा। इसने प्रभावी रूप से पश्चिमी यूरोप को अमेरिका के "परमाणु छत्र" के तहत रखा है।
  - नाटो ने केवल 12 सितंबर, 2001 को अमेरिका में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 9/11 के हमलों के बाद अनुच्छेद 5 को एक बार लागू किया था।
- नाटो का संरक्षण सदस्य देशों के गृह युद्ध या आंतरिक तख्तापलट तक नहीं है। अत: कथन 2 सही है।

Q.203

उत्तर: (A)

व्याख्या

- 'आसियान' की स्थापना इसके संस्थापक सदस्यों द्वारा आसियान घोषणापत्र (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर करने के बाद हुई थी। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- आसियान के संस्थापक राष्ट्र हैं: इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड। अत: कथन 1 सही है।
- यूरोपीय संघ आसियान क्षेत्र के लिये विकास सहायता का सबसे बड़ा प्रदाता है, और वह विभिन्न पर्यावरण संबंधी कार्यक्रमों के लिये लाखों यूरो प्रदान करता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- यूरोपीय संघ (EU) ने दक्षिण पूर्व एशिया में जलवायु अनुकूल विकास का समर्थन करने हेतु लाखों यूरो के वित्तपोषण का निर्णय लिया है।
  - दिसंबर 2020 में यूरोपीय संघ, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन 'आसियान' का 'रणनीतिक भागीदार' बना था, जिसके बाद से दोनों क्षेत्रीय समूहों ने जलवायु परिवर्तन नीति को सहयोग का एक महत्त्वपूर्ण घोषित किया था।

Q.204

उत्तर: D

व्याख्या:

- ओपेक (OPEC) की स्थापना वर्ष 1960 में इसके संस्थापक सदस्य देशों (ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेजुएला) द्वारा बगदाद सम्मेलन में की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - इसका का मुख्यालय वियना (ऑस्ट्रिया) में स्थित है।
  - कोई भी देश जो तेल का पर्याप्त निर्यात और संगठन के आदर्शों को साझा करता है, इसका सदस्य बन सकता है।
- ओपेक के 13 देश (ईरान, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, अल्जीरिया, लीबिया, नाइजीरिया, गैबॉन, इक्वेटोरियल गिनी, कांगो गणराज्य, अंगोला और वेनेज़ुएला) सदस्य हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- ओपेक और अन्य देश जो शीर्ष तेल-निर्यातक हैं, के गठबंधन को ओपेक प्लस (OPEC+) के नाम से जाना जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- ओपेक प्लस देशों में अज़रबैजान, बहरीन, ब्रुनेई, कज़ाकिस्तान, मलेशिया, मैक्सिको, ओमान, रूस, दक्षिण सूडान और सूडान शामिल हैं।

Q.205

उत्तर: D

व्याख्या:

- E9 साझेदारी पहली बार वर्ष 1993 में स्थापित की गई थी, जिसका गठन यूनेस्को की 'सभी के लिये शिक्षा' (Education For All) पहल हेतु किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- E-9 समूह के देशों (बांग्लादेश, ब्राज़ील, चीन, मिस्र, भारत, इंडोनेशिया, मैक्सिको, नाइजीरिया और पाकिस्तान) का उद्देश्य सभी के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा आजीवन सीखने के अवसरों को सुनिश्चित करने हेतु राजनीतिक इच्छाशक्ति एवं सामूहिक प्रयास को मज़बूत करना है। अत: कथन 2 सही है।
- E9 देश SDG4- शिक्षा 2030 (SDG4 – Education 2030) को प्राप्त करने के लिये काम कर रहे हैं।

- सभी के लिये शिक्षा (Education for All) एक वैश्विक पहल है, जिसे पहली बार वर्ष 1990 में यूनेस्को, यूएनडीपी, यूएनएफपीए, यूनिसेफ और विश्व बैंक द्वारा थाईलैंड में शिक्षा के लिये अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शुरू किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

Q.206

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्ष 1976 में सेशेल्स ने अपनी स्वतंत्रता के बाद, भारत के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किये है।
- जब से सेशेल्स को स्वतंत्रता प्राप्त हुई, तब से सेशेल्स के स्वतंत्रता दिवस समारोह में भारतीय नौसेना के जहाज़ INS नीलगिरि द्वारा हिस्सा लिया जा रहा है।
- भारत सेशेल्स का एक विश्वसनीय और भरोसेमंद साझेदार है।
- हाल ही में भारत को हिंद महासागर आयोग (Indian Ocean Commission) के पर्यवेक्षक के रूप में स्वीकार किया गया है, सेशेल्स भी जिसका सदस्य है। अत: कथन 1 सही है।
- सितंबर 2017 में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (International Solar Alliance-ISA) फ्रेमवर्क समझौते के अनुसमर्थन के साथ, सेशेल्स आधिकारिक रूप से ISA के संस्थापक सदस्यों में शामिल हो गया है। अत: कथन 2 सही है।
  - ISA भारत की एक पहल है।

Q.207

उत्तर: C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (UNCLOS), 1982 एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जो विश्व के समुद्रों और महासागरों के उपयोग के लिये एक नियामक ढाँचा प्रदान करती है।
  - यह संधि समुद्री संसाधनों और समुद्री पर्यावरण के संरक्षण तथा उनका एक समान उपयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करती है।
  - यह इस अवधारणा पर आधारित है कि किसी भी देश की सभी समुद्र समस्याओं का आपस में गहरा संबंध है और इसे समग्र रूप से संबोधित करने की आवश्यकता है।
- इस संधि को मान्यता देने के लिये दिसंबर 1982 में मोंटेगो की खाड़ी, जमैका में सबके सामने रखा गया।
  - यह संधि वर्ष 1994 में अपने अनुच्छेद 308 के अनुसार लागू हुई।
    - वर्तमान में यह समुद्री कानून से संबंधित सभी मामलों के लिये एक वैश्विक मान्यता प्राप्त कानून है।
  - इस अधिवेशन को 168 पक्षों द्वारा अनुमोदित किया गया है, जिसमें 167 राज्य (164 संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राष्ट्रों के अलावा इसके पर्यवेक्षक राज्य यथा फिलिस्तीन, कुक आइलैंड्स और नीयू) और यूरोपीय संघ शामिल हैं।
    - इसके अतिरिक्त 14 संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने हस्ताक्षर किया लेकिन इस अधिवेशन की पुष्टि नहीं की है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - भारत ने वर्ष 1995 में इसकी पुष्टि की, जबकि अमेरिका अभी तक इसकी पुष्टि नहीं किया है।
- विशेष आर्थिक क्षेत्र:
  - UNCLOS के अनुसार, EEZ भौगोलिक सीमा से अलग एक सामुद्रिक क्षेत्र है, जो विशेष कानूनी शासन के अधीन है, जिसके अंतर्गत तटवर्ती देशों और अन्य देशों के अधिकार क्षेत्र इस कानून द्वारा परिभाषित हैं।
  - यह सीमा आमतौर पर तट से 200 समुद्री मील तक फैली हुई है, जिसके भीतर तटीय राज्यों को अन्वेषण करने और इस क्षेत्र के संसाधनों (जीवित और गैर-जीवित दोनों) का दोहन, संरक्षण और प्रबंधन करने का अधिकार होता है। अत: कथन 2 और 3 सही हैं।

Q.208

उत्तर: A

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र (UN) के सदस्य राज्यों द्वारा वर्ष 2015 में सतत् विकास लक्ष्य, 2030 प्रयोजन को अपनाया गया।
  - इसके अंतर्गत वर्ष 2030 तक 17 लक्ष्य और 169 विशिष्ट लक्ष्य प्राप्त करने के लिये निर्धारित हैं।
  - SDG कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- SDG-4 सभी के लिये समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा तथा आजीवन सीखने के अवसरों को सुनिश्चित करता है। अत: कथन 1 सही है।

Q.209

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत-नीदरलैंड संबंध 400 वर्ष से अधिक पुराने हैं, लगभग 17वीं शताब्दी ईस्वी में भारत में पहली डच कंपनी (डच ईस्ट इंडिया कंपनी) स्थापित हुई थी।
  - दोनों देशों के बीच आधिकारिक संबंध वर्ष 1947 में स्थापित किये गए थे, जो तब से अब तक सौहार्दपूर्ण और मैत्रीपूर्ण रहे हैं।

- भारत और नीदरलैंड के बीच वर्ष 2017-18 में द्विपक्षीय व्यापार 8.77 बिलियन अमेरिकी डॉलर था जो वर्ष 2018-19 में बढ़कर 12.87 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।
  - वर्ष 2025 तक इस द्विपक्षीय व्यापार के 18-23 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आस-पास होने का अनुमान है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - वित्तीय वर्ष (FY) 2018-19 में नीदरलैंड, मॉरीशस और सिंगापुर के बाद भारत में निवेश करने वाला तीसरा सबसे बड़ा निवेशक देश था।
  - भारतीय कंपनियों के विदेशी निवेश का नीदरलैंड मार्च 2018 के अंत तक दूसरा सबसे बड़ा पसंदीदा स्थान था।
- नीदरलैंड में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या मौजूद है। नीदरलैंड्स में भारतीय छात्रों और पेशेवर समुदायों की बढ़ती संख्या के चलते दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधो में मज़बूती देखी जा रही है, साथ ही इससे तकनीकी साझेदारी को भी बढ़ावा मिल रहा है। अत: कथन 2 सही है।

Q.210

उत्तर: D

व्याख्या:

- कज़ाखस्तान पश्चिम में कैस्पियन सागर, उत्तर में रूस, पूर्व में चीन और दक्षिण में किर्गिस्तान, तुर्कमेनिस्तान तथा उज़्बेकिस्तान से घिरा हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
  - चीन के साथ लंबी सीमाओं के साथ-साथ रूस और एशिया के बीच भू-राजनीतिक अवस्थिति कज़ाखस्तान को प्रमुख रणनीतिक महत्त्व प्रदान करती है।
- भारत और कज़ाखस्तान के संबंध अत्यधिक प्राचीन और ऐतिहासिक हैं जो 2000 वर्षों से अधिक समय से चले आ रहे हैं।
  - भारत, कज़ाखस्तान की स्वतंत्रता को मान्यता देने वाले शुरुआती देशों में से एक था और दोनों देशों के मध्य फरवरी 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित किये गए थे।
  - वर्ष 2009 से भारत और कज़ाखस्तान दोनों एक-दूसरे के रणनीतिक साझेदार हैं।
  - कज़ाखस्तान, मध्य एशिया में भारत का सबसे बड़ा व्यापार और निवेश भागीदार है। अत: कथन 2 सही है।
- दोनों देश एक संयुक्त सैन्य अभ्यास में हिस्सा लेते हैं, जिसका नाम काज़िंद (KAZIND) है। अत: कथन 3 सही है।
  - वर्ष 2019 में काज़िंद का नवीनतम संस्करण (चौथे संस्करण) उत्तराखंड, भारत में आयोजित किया गया था।

Q.211

उत्तर: (B)

व्याख्या

- 'शांतिर ओग्रोशेना' बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास बांग्लादेश के 'राष्ट्रपिता' बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था, साथ ही यह अभ्यास बांग्लादेश की आज़ादी के 50 वर्ष पूरे होने का भी प्रतीक है।
- यह सैन्य अभ्यास बांग्लादेश स्थित 'बंगबंधु सेनानीबास' (BBS) में आयोजित किया गया था।
- 'शांतिर ओग्रोशेना' का अर्थ है 'फ्रंट रनर ऑफ द पीस'।
- इस अभ्यास का विषय रक्षा संबंधों को मज़बूत करना और प्रभावी शांति अभियानों को सुनिश्चित करने के लिये पड़ोसी देशों के बीच अंतर-संचालन को बढ़ाना था।
- यह संयुक्त राष्ट्र (UN) द्वारा अधिदिष्ट एक काउंटर-टेररिज़्म अभ्यास है। अत: कथन 1 सही है।
- इस अभ्यास के दौरान भारत, बांग्लादेश, भूटान और श्रीलंका के सैनिकों ने हिस्सा लिया, वहीं इस दौरान अमेरिका, ब्रिटेन, तुर्की, सऊदी अरब, कुवैत और सिंगापुर के सैन्य पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.212

उत्तर : B

व्याख्या:

- CPTPP प्रशांत महासागरीय क्षेत्र के चारों ओर अवस्थित 11 राष्ट्रों का एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है जिनमें शामिल है:
- कनाडा,मैक्सिको,पेरू,चिली, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, सिंगापुर, मलेशिया, वियतनाम और जापान।
  - क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (RCEP), विश्व का सबसे बड़ा मुक्त व्यापारिक समझौता है, जिसमें चीन, जापान ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड और आसियान (ASEAN) के दस देश, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, ब्रुनेई, लाओस, म्यांमार और

फिलीपींस शामिल है। यह नवंबर 2020 में चौथे RECP सम्मेलन में लागू हुआ था तथा इसमें भारत शामिल नहीं है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- भारत CPTPP में शामिल नहीं हुआ क्योंकि वह अपने अन्य भागीदारों पर अधिक श्रम और पर्यावरणीय मानकों को स्थान देना चाहता हैI इसके CPTPP के मसौदे में निवेश संरक्षण के लिये मानकों पर संकीर्ण रूप से विस्तृत योग्यताएँ,आयोजित राज्य के विनियमन के अधिकार की रक्षा करने के प्रावधान और विस्तृत पारदर्शिता आवश्यकताओं को लागू करना शामिल है। अत: कथन 2 सही है।

Q.213

उत्तर: D

व्याख्या:

- राजनयिक संबंधों पर वियना कन्वेंशन एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है जो स्वतंत्र राज्यों के बीच राजनयिक संबंधों को परिभाषित करती है।
  - एक राजदूत, किसी मेज़बान देश में एक विदेशी राज्य का प्रतिनिधि होता है, जो अपने देशवासियों के हितों के लिये काम करता है।
- वियना कन्वेंशन के अनुच्छेद-36 में कहा गया है कि कि मेज़बान देश में गिरफ्तार या हिरासत में लिये गए विदेशी नागरिकों की गिरफ्तारी की सूचना के संबंध में उनके दूतावास या वाणिज्य दूतावास को बिना देरी के नोटिस दिया जाना चाहिये।
- यदि हिरासत में लिया गया विदेशी नागरिक ऐसा अनुरोध करता है, तो पुलिस को दूतावास या वाणिज्य दूतावास को उस नोटिस को फैक्स करना चाहिये, जिसके द्वारा हिरासत में लिये गए व्यक्ति का सत्यापन किया जा सकता है।
- भारत ने जाधव तक राजनयिक पहुँच सुनिश्चित करने (वियना कन्वेंशन) से इनकार करने और मौत की सजा को चुनौती देने पाकिस्तान के निर्णय के खिलाफ ICJ में संपर्क किया।
  - दूतावास को यह नोटिस एक फैक्स के माध्यम से सरलतम रूप में दिया जा सकता है, जिसमें व्यक्ति का नाम, गिरफ्तारी का स्थान और यदि संभव हो तो गिरफ्तारी या हिरासत के कारणों के बारे में बताया जा सकता है। अत: विकल्प D सही है।

Q.214

उत्तर: C

व्याख्या:

- बोआओ फोरम फॉर एशिया (BFA) एक गैर- लाभकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जिसे वर्ष 2001 में 26 सदस्य राज्यों द्वारा संयुक्त रूप से प्रारंभ किया गया था, जिसके वर्तमान में 29 सदस्य हैं।
- भारत भी BFA का सदस्य है। अत: कथन 2 सही है।
- इसके वार्षिक सम्मेलन का आयोजन चीन के हैनान प्रांत के बोआओ में नियमित रूप किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- BFA की स्थापना 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' की तर्ज पर की गई है, जिसकी वार्षिक बैठक का आयोजन स्विट्ज़रलैंड के दावोस में किया जाता है। इस प्रकार बोआओ फोरम को 'पूर्व के दावोस' नाम से जाना जाता है।
- BFA की स्थापना का उद्देश्य एशिया में आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना था। इसका मिशन अब एशिया और दुनिया के विकास के लिये सकारात्मक ऊर्जा को एकत्रित करना है।
- फोरम ने न केवल सर्वसम्मति से "बोआओ प्रस्तावों" को आगे बढ़ाने में अद्वितीय भूमिका निभाई है, बल्कि वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने और विश्व विकास एवं समृद्धि को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका अदा की है।
- इसके पाँच केंद्रीय बिंदुओं में क्षेत्रों में नई अर्थव्यवस्था के जवाब में प्रौद्योगिकी नवाचार, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति और मीडिया शामिल हैं।

Q.215

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय और फ्रांसीसी नौसेनाएँ वर्ष 1993 से द्विपक्षीय समुद्री अभ्यास कर रही हैं। इन अभ्यासों को वर्ष 2001 से 'वरुण' (VARUNA) कहा जाता है।
  - ये अभ्यास भागीदार नौसेनाओं के बीच के साझा मूल्यों को आगे बढ़ाते हैं और खुले तथा स्वतंत्र सामुद्रिक परिवेश को सुनिश्चित करते हैं।
- भारत और फ्राँस की नौसेनाओं के द्विपक्षीय अभ्यास 'वरुण-2021' (VARUNA-2021) का 19वाँ संस्करण अरब सागर (Arabian Sea) में आयोजित किया गया।
  - इस अभ्यास में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) पहली बार भाग लिया।
- यह अभ्यास फाँसीसी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप 'CLEMENCEAU 21' की तैनाती का हिस्सा है, जो कि फ्राँसीसी नौसेना पूर्वी भूमध्य सागर और हिंद महासागर (अरब सागर) में आयोजित कर रही है।
  - इसका लक्ष्य सहयोगी देशों के साथ सामरिक क्षेत्रों में स्थिरीकरण को सुनिश्चित करना है, विशेष रूप से हिंद महासागर में भारत की नौसेनाओं के साथ सहयोग को मज़बूत करना है। अत: विकल्प (B) सही है।

Q.216

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने वर्ष 1915-16 में ऑटोमन तुर्कों (Ottoman Turks) द्वारा अर्मेनियाई लोगों की सामूहिक हत्याओं को आधिकारिक तौर पर 'नरसंहार' (Genocide) के रूप में मान्यता दे दी है।
  - अर्मेनियाई प्रवासी 24 अप्रैल को 'अर्मेनियाई नरसंहार स्मरण दिवस' (Armenian Genocide Remembrance Day) के रूप में चिह्नित करते हैं।
  - अर्मेनियाई नरसंहार को 20वीं सदी का पहला नरसंहार कहा जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह वर्ष 1915 से 1917 तक तुर्क साम्राज्य में हुए अर्मेनियाई लोगों के व्यवस्थित विनाश को उल्लेखित करता है।
- भारत, जिसने औपचारिक रूप से अर्मेनियाई नरसंहार को मान्यता नहीं दी है, ने मुख्य रूप से इस क्षेत्र में अपने व्यापक विदेश नीति निर्णयों और भू-राजनीतिक हितों को ध्यान में रखते हुए अपना पक्ष रखा है। अत: कथन 2 सही है।
- यद्यपि भारत द्वारा नरसंहार पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन की पुष्टि की गई है, किंतु भारत के पास नरसंहार से संबंधित कोई राष्ट्रीय कानून नहीं है।

Q.217

उत्तर: A

व्याख्या:

- दंतक परियोजना (Project DANTAK) की स्थापना 24 अप्रैल, 1961 को हुई थी। सीमा सड़क संगठन (Border Roads Organisation-BRO) की सबसे पुरानी परियोजनाओं में से एक 'दंतक परियोजना' ने भूटान में अपनी 'डायमंड जुबली' पूरी की है। अत: कथन 1 सही है।
- यह भूटान के तीसरे राजा और भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम था।
  - इस परियोजना के तहत अग्रणी मोटर योग्य सड़कों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अत: कथन 2 सही है।
- इस संगठन की स्थापना तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा वर्ष 1960 में देश के उत्तर और उत्तर-पूर्वी सीमा क्षेत्रों में सड़कों के नेटवर्क के त्वरित विकास के लिये की गई थी।
  - यह रक्षा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.218

उत्तर: B

व्याख्या:

- ब्रिटेन ने भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिये अपने समर्थन की पुष्टि की है।
  - जी 20 देशों में ब्रिटेन भारत में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है।
- भारत और यूके के मध्य रक्षा अभ्यास:
  - वायु सेना का अभ्यास 'इंद्रधनुष '।
  - नौसेना अभ्यास कोंकण।
  - सैन्य अभ्यास: अजेय वारियर। अत: कथन 2 सही है।
- हाल ही में ब्रिटिश सरकार ने कहा कि यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को "दुनिया भर के मध्य स्थापित करने के लिये भारत, जापान, कोरिया गणराज्य और सिंगापुर की यात्राएँ करनी होंगी।"
  - इसका नेतृत्त्व विमानवाहक पोत एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ द्वारा किया जाएगा।
  - यह उत्तरी अटलांटिक से हिंद-प्रशांत तक एक वैश्विक तैनाती होगी । अत: कथन 1 सही नहीं है।

Q.219

उत्तर: B

व्याख्या :

- हाल ही में सऊदी अरब द्वारा जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने हेतु सऊदी ग्रीन इनिशिएटिव (Saudi Green Initiative) और मिडिल ईस्ट ग्रीन इनिशिएटिव (Middle East Green Initiative) की शुरुआत की गई है। अत : कथन 1 सही नहीं है ।
- इस पहल का उद्देश्य वनस्पति आवरण को बढ़ाना, कार्बन उत्सर्जन को कम करना, प्रदूषण और भूमि क्षरण को कम करना और समुद्री जीवन को संरक्षि त करना है।
- मिडिल ईस्ट ग्रीन इनिशिएटिव :
  - इस पहल का उद्देश्य समुद्री और तटीय पर्यावरण को संरक्षित करना, प्राकृतिक भंडार और संरक्षित भूमि के अनुपात में वृद्धि, तेल उत्पादन के नियमन में सुधार, स्वच्छ ऊर्जा हेतु नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों द्वारा ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना है। अत : कथन 2 सही है ।

Q.220

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने भारत-प्रशांत क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला में चीन के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिये औपचारिक रूप से 'सप्लाई चैन रेज़ीलिएंस इनीशिएटिव' (SCRI) की शुरुआत की है।

- SCRI का लक्ष्य इस क्षेत्र में मज़बूत, स्थायी, संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिये लचीली आपूर्ति शृंखला का निर्माण करना है।

- वर्ष 2020 में भारत और जापान ने एक रसद समझौते पर हस्ताक्षर किये थे, जो दोनों देशों के सशस्त्र बलों को सेवाओं और आपूर्ति में निकट समन्वय स्थापित करने की अनुमति देगा। इस समझौते को 'अधिग्रहण और क्रॉस-सर्विसिंग समझौते' (ACSA) के रूप में जाना जाता है।
- वर्ष 2014 में भारत और जापान ने अपने संबंधों को 'विशेष रणनीतिक और वैश्विक भागीदारी' के क्षेत्र में उन्नत किया था।
- अगस्त 2011 में लागू 'भारत-जापान व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता' (CEPA) वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, निवेश, बौद्धिक संपदा अधिकार, कस्टम प्रक्रियाओं और व्यापार से संबंधित अन्य मुद्दों को शामिल करता है।
- भारत और जापान के रक्षा बलों के बीच विभिन्न द्विपक्षीय अभ्यासों का आयोजन किया जाता है, जिसमें JIMEX (नौसेना), SHINYUU मैत्री (वायु सेना) और धर्म गार्जियन (थल सेना) आदि शामिल हैं। दोनों देश संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मालाबार अभ्यास (नौसेना अभ्यास) में भी भाग लेते हैं। अत: विकल्प C सही है।

Q.221

उत्तर: B

व्याख्या:

- सप्लाई चैन रेज़ीलिएंस इनीशिएटिव (Supply Chain Resilience Initiative) का उद्देश्य इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्थायी, संतुलित और समावेशी विकास को प्राप्त करने के लिये आपूर्ति शृंखला को बेहतर तथा अधिक लचीला बनाना है। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।
- इस पहल को भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के व्यापार मंत्रियों ने औपचारिक रूप से शुरू किया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका के साथ क्वाड समूह में शामिल हैं।

Q.222

उत्तर: (C)

व्याख्या:

- ICJ संयुक्त राष्ट्र (UN) का एक प्रमुख न्यायिक संगठन है। यह वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा स्थापित किया गया था और इसने वर्ष 1946 में स्थायी न्यायालय के अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक उत्तराधिकारी के रूप में काम करना शुरू किया। अत: कथन 1 सही है।
- यह सदस्य देशों के बीच कानूनी विवादों को सुलझाता है और संयुक्त राष्ट्र संगठन एवं अधिकृत विशिष्ट एजेंसियों को सलाहकारी राय देता है।
- भारतीय न्यायाधीश दलवीर भंडारी अप्रैल 2012 से ICJ के सदस्य हैं।
- ICJ नीदरलैंड के हेग के पीस पैलेस में स्थित है।
- यह न्यायालय 15 न्यायाधीशों से बना है, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा और सुरक्षा परिषद द्वारा नौ वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है। ये अंग एक साथ लेकिन अलग-अलग मतदान करते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- निर्वाचित होने के लिये एक उम्मीदवार को दोनों निकायों में पूर्ण बहुमत प्राप्त करना चाहिये।

Q.223

उत्तर: A

व्याख्या:

- अमेरिकी अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (USCIRF) की वर्ष 2021 की वार्षिक रिपोर्ट में भारत को दूसरे वर्ष यानी 2020 में भी धार्मिक स्वतंत्रता का सर्वाधिक उल्लंघन करने के लिये 'कंट्रीज़ ऑफ पर्टिकुलर कंसर्न' (प्रमुख चिंता वाले देशों) की श्रेणी में सूचीबद्ध किया गया है। अत: विकल्प A सही है।
- रिपोर्ट का मुख्य फोकस देशों के दो समूहों पर है:
  - यह अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, 1998 (IFRA) के अंतर्गत धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के आधार पर देशों को विशेष चिंता वाले देश (Countries of Particular Concern- CPC) तथा विशेष निगरानी सूची (Special Watch List- SWL) में नामित करने के लिये अमेरिकी विदेश विभाग के सचिव को सिफारिश करता है।
  - स्पेशल वॉच लिस्ट (SWL) सूची में उन देशों को शामिल किया जाता है, जिन देशों की सरकारों द्वारा गंभीर रूप से धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन किया जाता है या जिन पर ऐसा करने का आरोप है। हालाँकि इन देशों में अभी तक CPC सूची में शामिल देशों के स्तर पर धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं किया जा रहा है।
- यह रिपोर्ट "विशेष चिंता के विषय" (EPC) के रूप में गैर-राष्ट्र गतिविधियों के पुन:एकीकरण की सिफारिश करती है।

Q.224

उत्तर: C

व्याख्या:

- कोडेक्स एलेमेंट्रिस कमीशन (Codex Alimentarius Commission) वर्ष 1963 में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि

संगठन (Food and Agriculture Organisation) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक अंतर-सरकारी निकाय है। अत: कथन 2 सही है।

- इसकी बैठक FAO के मुख्यालय (रोम) में आयोजित होती है।
- इसे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा और खाद्य व्यापार में उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिये स्थापित किया गया था।
- इसका नियमित सत्र जिनेवा और रोम के बीच बारी-बारी से एक वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है।

- वर्तमान में इस कमीशन के कुल 189 (188 देश और यूरोपीय संघ) सदस्य हैं।
  - भारत इस कमीशन का सदस्य है।
- कोडेक्स एलेमेंट्रिस (Codex Alimentarius) अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानकों का एक संग्रह है जिसे CAC द्वारा अपनाया गया है। अत: कथन 1 सही है।
  - कोडेक्स मानक सभी प्रमुख खाद्य पदार्थों (संसाधित, अर्द्ध-संसाधित और कच्चा) को कवर करते हैं।
  - कोडेक्स प्रावधानों में सूक्ष्मजीव विज्ञानी मानदंडों, कीटनाशक, दूषित पदार्थ, लेबलिंग तथा प्रस्तुति, नमूने एवं जोखिम विश्लेषण के तरीकों सहित भोजन की स्वच्छता व पोषण संबंधी गुणवत्ता का उल्लेख किया गया है।

Q.225

उत्तर: B

व्याख्या:

- 'क्वाड' (QUAD) चार देशों- भारत, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान का गठबंधन है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत और जापान की रक्षा सेनाओं के बीच जिमेक्स (नौसेना), शिन्यु मैत्री (वायु सेना) और धर्म गार्जियन (सेना) नामक द्विपक्षीय अभ्यासों की एक श्रृंखला आयोजित की जाती है।
- समुद्र शक्ति (नौसेना) और सियाम भारत (SIAM BHARAT-वायु सेना) क्रमश: भारत-सिंगापुर और भारत-इंडोनेशिया के बीच होने वाले संयुक्त द्विपक्षीय अभ्यास हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- जापान ने रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में बिजली आपूर्ति में सुधार करने हेतु एक परियोजना के लिये 4.01 बिलियन येन के अनुदान को अंतिम रूप दिया गया है।
  - यह अनुदान अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से संबंधित किसी परियोजना के लिये जापान की पहली आधिकारिक विकास सहायता (ODA) है। अत: कथन 3 सही है।

Q.226

उत्तर: A

व्याख्या:

- द हार्ट ऑफ एशिया-इस्तांबुल प्रक्रिया (Heart of Asia-Istanbul Process-HoA-IP) की स्थापना नवंबर 2011 में तुर्की के इस्तांबुल में हुई थी।
  - यह अफगानिस्तान को केंद्र में रखकर ईमानदार और परिणामोन्मुखी क्षेत्रीय सहयोग के लिये एक मंच प्रदान करता है, क्योंकि एक सुरक्षित और स्थिर अफगानिस्तान के लिये हार्ट ऑफ एशिया क्षेत्र की समृद्धि महत्त्वपूर्ण है।
  - इस मंच की स्थापना अफगानिस्तान और इसके पड़ोसियों तथा क्षेत्रीय भागीदारों की साझा चुनौतियों और हितों को संबोधित करने के लिये किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- हार्ट ऑफ एशिया में 15 सहभागी देश, 17 सहायक देश और 12 सहायक क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन शामिल हैं।
  - भारत एक सहभागी देश है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- अपनी स्थापना के बाद से यह प्रक्रिया क्षेत्रीय सहयोग का एक प्रमुख तत्त्व बन गई है और इसने अफगानिस्तान के निकट एवं दूरस्थ पड़ोसियों, अंतर्राष्ट्रीय समर्थकों तथा संगठनों के लिये एक मंच बनाया है जो अफगानिस्तान व क्षेत्रीय सहयोग के माध्यम से मौजूदा और उभरती हुई क्षेत्रीय चुनौतियों का समाधान करने के लिये रचनात्मक बातचीत में संलग्न है।

Q.227

उत्तर: (C)

व्याख्या

- स्विट्ज़रलैंड मध्य यूरोप में स्थित एक लैंडलॉक देश है। यह फ्राँस, इटली, जर्मनी, लिकटेंस्टीन और ऑस्ट्रेलिया के साथ अपनी सीमा साझा करता है। अत: कथन 1 सही है।
- स्विट्ज़रलैंड अपनी 'तटस्थता' की नीति को लेकर काफी प्रसिद्ध है। वर्ष 1783 में पेरिस संधि के तहत स्विट्ज़रलैंड को एक 'तटस्थ' देश के रूप में स्वीकार किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - पेरिस संधि पर 3 सितंबर, 1783 को ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा द्वारा पेरिस में हस्ताक्षर किये गए थे तथा इसने आधिकारिक रूप से अमेरिकी युद्ध को समाप्त कर दिया था।
  - वर्साय की संधि को जून 1919 में प्रथम विश्वयुद्ध के बाद यूरोप में शांति स्थापना के उद्देश्य से की गयी। यह संधि मित्र राष्ट्रों द्वारा जर्मनी के साथ की गई महत्त्वपूर्ण संधि थी। यह संधि पूर्णरूप से मित्र राष्ट्रों के हितों के संवर्द्धन एवं जर्मन हितों के बलिदान पर आधारित थी।

- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से स्विट्ज़रलैंड ने मानवीय पहलों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मामलों में अधिक सक्रिय भूमिका निभाई है, किंतु सैन्य मामलों में वह तटस्थ रहा है।
  - वह उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) या यूरोपीय संघ (UN) में कभी शामिल नहीं हुआ और केवल वर्ष 2002 में संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ था। अत: कथन 3 सही है।

Q.228

उत्तर: C

व्याख्या:

- स्विट्ज़रलैंड अपनी 'तटस्थता' की नीति को लेकर काफी प्रसिद्ध है, हालाँकि उसकी इस नीति को शांतिवाद की अवधारणा मानकर भ्रमित नहीं होना चाहिये। स्विट्ज़रलैंड में पुरुषों के लिये सैन्य सेवा में शामिल होना अनिवार्य है।
  - वर्ष 1783 में पेरिस संधि के तहत स्विट्ज़रलैंड को एक 'तटस्थ' देश के रूप में स्वीकार किया गया था। (स्विट्ज़रलैंड गुटनिरपेक्ष आंदोलन का सदस्य नहीं है) अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह विश्व के 120 विकासशील देशों का एक मंच है, जिसमें वे देश शामिल हैं, जो औपचारिक तौर पर विश्व की किसी भी बड़ी महाशक्ति के गुट में शामिल नहीं हैं।
  - गुटनिरपेक्ष आंदोलन के गठन की प्रक्रिया में वर्ष 1955 में आयोजित बांडुंग सम्मेलन को काफी महत्त्वपूर्ण माना जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में तटस्थता के मूल्य के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के लिये संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रत्येक वर्ष 12 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय तटस्थता दिवस के रूप में मनाया जाता है। अत: कथन 3 सही है।

Q.229

उत्तर: A

व्याख्या:

- संयुक्त राज्य अमेरिका उन देशों में से एक है जिनके साथ भारत व्यापार अधिशेष की स्थिति में है। अत: कथन 1 सही है।
  - अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष वर्ष 2018-19 के 16.86 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2019-20 में 17.42 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया।
  - सेवाओं के आयात के मामले में भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका के लिये छठा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्त्ता था। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सामान्य प्राथमिकता प्रणाली अमेरिका का एक व्यापार कार्यक्रम है जिसे 129 लाभार्थी देशों और क्षेत्रों के 4,800 उत्पादों के लिये प्राथमिकता आधारित शुल्क मुक्त प्रविष्टि प्रदान कर विकासशील दुनिया में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने हेतु बनाया गया है।
  - अमेरिका ने जून 2019 से GSP कार्यक्रम के तहत भारतीय निर्यातकों को मिलने वाले शुल्क मुक्त लाभ को वापस लेने का फैसला किया। अत: कथन 3 सही है।

Q.230

उत्तर: C

व्याख्या:

- एक्सरसाइज़ 'डेज़र्ट फ्लैग' संयुक्त अरब अमीरात की वायु सेना द्वारा आयोजित एक वार्षिक बहुराष्ट्रीय युद्ध अभ्यास है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह UAE के अल-धफरा एयरबेस पर 3 से 27 मार्च, 2021 तक आयोजित होने वाला तीन सप्ताह का अभ्यास है।
  - भारतीय वायु सेना वर्ष 2021 में पहली बार इस अभ्यास में भाग ले रही है। अत: कथन 2 सही है।
- प्रतिभागी: संयुक्त अरब अमीरात, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्राँस, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया और बहरीन की वायु सेना।
- भारत की सहभागिता: भारतीय वायुसेना छह सुखोई -30 एमकेआई, दो सी -17 ग्लोबमास्टर्स और एक आईएल -78 टैंकर विमान के साथ भाग ले रही है।

Q.231

उत्तर: B

व्याख्या:

BTCA सरकारों, कंपनियों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के बीच एक साझेदारी है जिसके तहत सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु डिजिटल भुगतानों को तीव्रता के साथ किया जाता है।

इसे यूनाइटेड नेशंस कैपिटल डेवलपमेंट फंड, यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, सिटी ग्रुप, फोर्ड फाउंडेशन, ओमिडयार नेटवर्क तथा वीज़ा इंक द्वारा लॉन्च किया गया था।

इसकी मेज़बानी संयुक्त राष्ट्र पूंजी विकास कोष (UNCDF) के न्यूयॉर्क, बोगोटा, डकार, ढाका, किगाली, लंदन, मनीला और नई दिल्ली कार्यालयों द्वारा की जाती है।

इसका गठन वर्ष 2012 में किया गया था।

सदस्य: इस एलायंस में 75 सदस्य हैं जो दक्षता, पारदर्शिता, महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भुगतानों को डिजिटल बनाने हेतु प्रतिबद्ध हैं तथा उन अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण में मदद करते हैं जो डिजिटल और समावेशी हैं।

इसके सदस्य नकदी के भौतिक लेन-देन को समाप्त नहीं करना चाहते हैं, बल्कि एक ज़िम्मेदार डिजिटल भुगतान विकल्प प्रदान करना चाहते हैं जो "नकदी से बेहतर" है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

वित्तीय समावेशन हेतु भुगतान को डिजिटाइज़ करने तथा विश्व के सबसे बड़े वित्तीय समावेशन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन धन योजना की सफलता की कहानियों को साझा करने के उद्देश्य से भारत वर्ष 2015 में बेटर दैन कैश अलायंस का सदस्य बन गया। अत: कथन 2 सही है।

Q.232

उत्तर: D

व्याख्या:

- UNFCCC सचिवालय (यूएन क्लाइमेट चेंज) संयुक्त राष्ट्र की एक इकाई है जो जलवायु परिवर्तन के खतरे पर वैश्विक प्रतिक्रिया का समर्थन करती है।
  - UNFCCC का सचिवालय जर्मनी के बॉन में स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
  - कन्वेंशन के पास सार्वभौमिक सदस्यता (197 पार्टियाँ) है तथा यह वर्ष 2015 के पेरिस समझौते की मूल संधि (Parent Treaty) है। UNFCCC वर्ष 1997 के क्योटो प्रोटोकॉल की मूल संधि भी है। अत: कथन 2 सही है।
- पेरिस समझौता (जिसे COP21 के रूप में भी जाना जाता है) एक ऐतिहासिक पर्यावरणीय समझौता है, जिसे वर्ष 2015 में जलवायु परिवर्तन और इसके नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिये अपनाया गया था।
- इसने क्योटो प्रोटोकॉल का स्थान लिया, जो कि जलवायु परिवर्तन से निपटने संबंधी प्रारंभिक समझौतों में से एक था। यह जलवायु परिवर्तन पर कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतर्राष्ट्रीय संधि है। अत: कथन 3 सही है।

Q.233

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह ओमान की खाड़ी में स्थित है और पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से केवल 72 किमी. दूर है, जिसे चीन द्वारा विकसित किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह एकमात्र ईरानी बंदरगाह है जिसकी हिंद महासागर तक सीधी पहुँच है और इसमें दो अलग-अलग बंदरगाह हैं- जिनका नाम शाहिद बेहिश्ती और शाहिद कलंतरी है।
- अफगानिस्तान, ईरान और भारत ने चाबहार बंदरगाह को विकसित करने और वर्ष 2016 में एक त्रिपक्षीय परिवहन एवं पारगमन गलियारा स्थापित करने के लिये त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किये। अत: कथन 2 सही है।
- चाबहार बंदरगाह भारत की इंडो-पैसिफिक रणनीति का एक प्रमुख भाग है, जो हिंद महासागर क्षेत्र के साथ यूरेशिया के संबंधों को प्रदर्शित करती है।
  - मध्य एशियाई देश जैसे- कज़ाखस्तान, उज़्बेकिस्तान भी चाबहार बंदरगाह को हिंद महासागर क्षेत्र के प्रवेश द्वार के रूप में देखते हैं।



Q.234

उत्तर: (B)

व्याख्या

- उइगर मुख्य रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यक तुर्क जातीय समूह हैं, जिनकी उत्पत्ति मध्य एवं पूर्वी एशिया से मानी जाती है।
  - उइगर अपनी स्वयं की भाषा बोलते हैं, जो कि काफी हद तक तुर्की भाषा के समान है और उइगर स्वयं को सांस्कृतिक एवं जातीय रूप से मध्य एशियाई देशों के करीब पाते हैं।
- उइगर मुस्लिमों को चीन में आधिकारिक तौर पर मान्यता प्राप्त 55 जातीय अल्पसंख्यक समुदायों में से एक माना जाता है।
- हालाँकि चीन उइगर मुस्लिमों को केवल एक क्षेत्रीय अल्पसंख्यक के रूप में मान्यता देता है और यह अस्वीकार करता है कि वे स्वदेशी समूह हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वर्तमान में उइगर जातीय समुदाय की सबसे बड़ी आबादी चीन के शिनजियांग क्षेत्र में रहती है। अत: कथन 2 सही है।
  - उइगर मुस्लिमों की एक महत्त्वपूर्ण आबादी पड़ोसी मध्य एशियाई देशों जैसे- उज़्बेकिस्तान, किर्गिज़स्तान और कज़ाखस्तान में भी रहती है।

- शिनजियांग तकनीकी रूप से चीन के भीतर एक स्वायत्त क्षेत्र है और यह क्षेत्र खनिजों से समृद्ध है तथा भारत, पाकिस्तान, रूस और अफगानिस्तान सहित आठ देशों के साथ सीमा साझा करता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.235

उत्तर: A

व्याख्या:

- उपकर (Cess), उत्पाद शुल्क और व्यक्तिगत आयकर जैसे सामान्य करों तथा शुल्कों से अलग 'कर के ऊपर लगने वाला कर' है जो आमतौर पर विशिष्ट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु लगाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- केंद्र सरकार को करों (प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों), अधिभार, शुल्क, उपकर, लेवी आदि के माध्यम से राजस्व जुटाने का अधिकार है।
  - सामान्यत: जनता द्वारा भुगतान किया जाने वाला उपकर, उनके कर देयता में जोड़ा जाता है, जो कुल कर भुगतान के हिस्से के रूप में अदा किया जाता है।
  - भारतीय संविधान के अनुच्छेद-270 के तहत उपकर को उन करों के विभाज्य पूल (Divisible Pool of Taxes) के दायरे से बाहर रखने की अनुमति दी गई है जिन्हें केंद्र सरकार को राज्यों के साथ साझा करना अनिवार्य है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - उपकर को संचित निधि (Consolidated Fund) में एक अलग निधि के रूप में रखा जाना चाहिये, जिसे केवल विशिष्ट उद्देश्य के लिये खर्च किया जाता है।
- उपकर, सरकार के राजस्व को बढ़ाने का एक अस्थायी स्रोत है।
  - उपकर का उद्देश्य पूरा हो जाने के बाद इस पर रोक लगा दी जाती है।

Q.236

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में यूरोपीय संघ के कुछ देशों विशेष रूप से पोलैंड और हंगरी में LGBTIQ समुदाय से संबद्ध लोगों के अधिकारों को सुरक्षित करने हेतु यूरोपीय संसद द्वारा यूरोपीय संघ क्षेत्र को 'LGBTIQ फ्रीडम ज़ोन' (LGBTIQ Freedom Zone) घोषित किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
- आयरलैंड द्वारा समलैंगिक विवाह को वैधता प्रदान की गई। वर्ष 1993 में आयरलैंड द्वारा समलैंगिकता को हतोत्साहित किया गया था। बाद में यह पहला देश बना जिसने राष्ट्रीय स्तर पर हुए जनमत संग्रह द्वारा समलैंगिक विवाह को अनुमति प्रदान की। अत: कथन 2 सही है।

Q.237

उत्तर (B)

व्याख्या :

- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का एक विशेष कार्यक्रम है जो बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सामान्य कल्याण में सुधार के लिये राष्ट्रीय प्रयासों को सहायता प्रदान करने हेतु समर्पित है। अत: कथन 1 सही नहीं है ।
- यूनिसेफ की स्थापना 1946 में संयुक्त राष्ट्र राहत पुनर्वास प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (ICEF) के रूप में की गई थी ताकि द्वितीय विश्व युद्ध से प्रभावित बच्चों की मदद की जा सके।
- यूनिसेफ को बाल अधिकारों पर कन्वेंशन,1989 द्वारा निर्देशित किया जाता है।
- यह बच्चों के प्रति नैतिक सिद्धांतों और व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों को स्थायी रूप देकर बच्चों के अधिकारों को स्थापित करने का प्रयास करता है।
- "राष्ट्रों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देने" के लिये इसे वर्ष 1965 में शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया। अत: कथन 2 सही है।

Q.238

उत्तर: A

व्याख्या:

- 19 सितंबर, 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान द्वारा इस संधि पर हस्ताक्षर किये गए। इस संधि में सिंधु और उसकी सहायक नदियों के जल का उपयोग दोनों देशों में किस प्रकार किया जाना है, इस बात का निर्धारण किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- संधि के अनुसार, पूर्वी नदियों (रावी, व्यास, सतलज) का जल भारत के लिये तथा पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम, चिनाब) का जल पाकिस्तान के लिये निर्धारित किया गया।
  - संधि के तहत भारत को पश्चिमी नदियों पर 'रन ऑफ द रिवर' (Run of the River- RoR) प्रोजेक्ट के तहत जल-विद्युत उत्पादन का अधिकार भी दिया गया है। इनके डिज़ाइन और संचालन हेतु भारत को विशिष्ट मानदंडों का पालन करना आवश्यक है। अत: कथन 3 सही है।
  - भारत ने लद्दाख में कई जल-विद्युत परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है जो इस प्रकार हैं:
    - दुरबुक (19 मेगावाट)
    - शंकू (18.5 मेगावाट),
    - निमू चिलिंग (24 मेगावाट)
    - रोंगडो (12 मेगावाट)
    - लेह में रतन नाग (10.5 मेगावाट)
    - कारगिल में मैंगडुम सांगरा (19 मेगावाट), कारगिल हुंडरमैन (25 मेगावाट) और तमाशा (12 मेगावाट)।
- यह पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों पर भारतीय जल-विद्युत परियोजनाओं के डिज़ाइन को लेकर चिंता व्यक्त करने का अधिकार भी देता है।
- यह संधि विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने हेतु एक मध्यस्थता तंत्र भी प्रदान करती है।
- बाँधों को लेकर भारत और पाकिस्तान के मध्य मतभेद रहा है। उदाहरण के लिये वर्ष 2010 में पाकिस्तान द्वारा सिंधु की एक छोटी सहायक नदी किशनगंगा (पाकिस्तान में नीलम के रूप में जाना जाता है) पर स्थापित भारत की 330 मेगावाट जल-विद्युत परियोजना को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता कार्यवाही (International Arbitration Proceedings) शुरू की गई थी।
  - हालाँकि सिंधु नदी तिब्बत से निकलती है, लेकिन चीन को इस संधि से बाहर रखा गया है। अगर चीन नदी के प्रवाह को रोकने या बदलने का फैसला करता है, तो यह भारत और पाकिस्तान दोनों को प्रभावित करेगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.239

उत्तर: B

व्याख्या:

हाल ही में भारत के और स्वीडन के प्रधानमंत्री ने एक आभासी शिखर सम्मेलन में भाग लिया। इस शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों तथा आपसी हित के अन्य क्षेत्रीय एवं बहुपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की तथा भारत और स्वीडन की संयुक्त पहल- लीडरशिप ग्रुप ऑन इंडस्ट्री ट्रांजिशन- में देशों की बढ़ती सदस्यता का उल्लेख किया गया।

- लीडरशिप ग्रुप ऑन इंडस्ट्री ट्रांजिशन (LeadIT) उन देशों और कंपनियों का एक समूह है, जो पेरिस समझौते को प्राप्त करने हेतु कार्रवाई के लिये प्रतिबद्ध हैं। अत: कथन 1 सही है।
- इसे सितंबर 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में स्वीडन और भारत द्वारा लॉन्च किया गया था और यह विश्व आर्थिक मंच द्वारा समर्थित है। अत: कथन 2 सही नहीं है जबकि कथन 3 सही है।
- इस समूह के सदस्य इस धारणा का समर्थन करते हैं कि वर्ष 2050 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्राप्त करने के उद्देश्य से, ऊर्जा-गहन उद्योग निम्न कार्बन लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में प्रगति कर सकता है।

Q.240

उत्तर: C

व्याख्या:

- IBSA संवाद मंच भारत, ब्राज़ील, दक्षिण अफ्रीका के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिये एक त्रिपक्षीय समूह है। अत: कथन 1 सही है।
- इन तीनों देशों के विदेश मंत्रियों की 6 जून, 2003 को ब्रासीलिया में हुई बैठक में इस समूह को औपचारिक रूप दिया गया तथा इसका नाम IBSA वार्ता मंच (IBSA Dialogue Forum) रखा गया और ब्रासीलिया घोषणा (Brasilia Declaration) की गई। अत: कथन 2 सही है।
- IBSA का मुख्यालय या स्थायी कार्यकारी सचिवालय नहीं है। इसे राज्य और सरकार के प्रमुखों के शिखर सम्मेलन के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
  - अब तक पाँच IBSA लीडरशिप समिट आयोजित किये जा चुके हैं। 5वाँ IBSA शिखर सम्मेलन का आयोजन वर्ष 2011 में प्रिटोरिया (दक्षिण अफ्रीका) में किया गया था। छठे IBSA शिखर सम्मेलन की मेज़बानी भारत द्वारा की जाएगी।

Q.241

उत्तर: D

व्याख्या:

- हॉन्गकॉन्ग लगभग एक शताब्दी तक ब्रिटेन का उपनिवेश रहा था, जिसे एक लंबी वार्ता के बाद वर्ष 1997 में चीन को सौंप दिया गया। इसके बाद हॉन्गकॉन्ग, चीन के विशेष प्रशासनिक क्षेत्रों (SAR) में से एक बन गया। अत: कथन 2 सही है।
- इसे 'बेसिक लॉ' नामक एक मिनी-संविधान द्वारा शासित किया जाता है, जो कि 'एक देश, दो प्रणाली' के सिद्धांत की पुष्टि करता है। अत: कथन 1 सही है।

- 'बेसिक लॉ' नाम का यह संवैधानिक दस्तावेज़ वर्ष 1984 के चीन-ब्रिटिश संयुक्त घोषणा का ही परिणाम है, जिसके तहत चीन ने वर्ष 1997 से 50 वर्ष की अवधि के लिये हॉन्गकॉन्ग की उदार नीतियों, शासन प्रणाली, स्वतंत्र न्यायपालिका और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को बनाए रखने का वायदा किया था।
- हाल ही में ब्रिटेन, हॉन्गकॉन्ग के निवासियों को अपने देश में रहने और नागरिकता प्राप्त करने के लिये एक विशेष प्रकार की वीज़ा योजना को शुरू किया है।
    - यह कदम चीन द्वारा हॉन्गकॉन्ग पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (National Security Law) लागू करने के बाद उठाया गया है। इस सुरक्षा कानून का उद्देश्य हॉन्गकॉन्ग मंग भविष्य में होने वाले वर्ष 2019 जैसे लोकतंत्र समर्थक आंदोलनों पर रोक लगाना और हॉन्गकॉन्ग सरकार की शक्तियों को खत्म करना है।

Q.242

उत्तर: (A)

व्याख्या

- हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका ने घोषणा की है कि वह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पुन: शामिल होगा, उसने वर्ष 2018 में इसे छोड़ दिया था।
- परिषद में एक पूर्ण सदस्य के रूप में चुने जाने के उद्देश्य के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका वर्तमान में इसमें एक पर्यवेक्षक के रूप में शामिल होगा।
- इसका गठन 47 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से मिलकर हुआ है जो संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा चुने (न कि नामित) जाते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- संयुक्त राष्ट्र संघ मानवाधिकारों के संवर्द्धन और संरक्षण में भागीदार राज्यों के योगदान के साथ-साथ इस संबंध में उनके द्वारा की गई स्वैच्छिक प्रतिज्ञाओं और प्रतिबद्धताओं को भी ध्यान में रखता है।
- परिषद के सदस्यों का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है और लगातार दो कार्यकाल की सेवा के बाद कोई भी सदस्य तत्काल पुन: चुनाव के लिये पात्र नहीं होता है। अत: कथन 1 सही है।

Q.243

उत्तर:B

व्याख्या

- नाइजीरिया की एन्गोज़ी ओकोंजो-इवेला (Ngozi Okonjo-Iweala) को विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organisation- WTO) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। यह एक अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार निकाय है।
- WTO में यूरोपीय संघ सहित 164 सदस्य देश शामिल हैं तथा ईरान, इराक, भूटान, लीबिया आदि 23 देशों को पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त है। जबकि संयुक्त राष्ट्र संगठन में वर्तमान में 193 सदस्य देश शामिल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- जिस समझौते के तहत WTO की स्थापना की गई उसे "मारकेश समझौते" के रूप में जाना जाता है। इसके लिये वर्ष 1994 में मोरक्को के मारकेश में हस्ताक्षर किये गए। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.244

उत्तर: C

व्याख्या:

भारत मालदीव संबंध:

- हाल ही में भारत और मालदीव ने 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के रक्षा क्षेत्र से जुड़े एक लाइन ऑफ क्रेडिट समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।
    - भारत के विदेश मंत्री की मालदीव यात्रा के दौरान इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गए।
- भारत और मालदीव दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) और दक्षिण एशिया उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (SASEC) के सदस्य हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- दशकों से भारत ने मालदीव की मांग पर उसे तात्कालिक आपातकालीन सहायता पहुँचाई है।
    - वर्ष 1988 में जब हथियारबंद आतंकवादियों ने राष्ट्रपति मौमून अब्दुल गयूम के खिलाफ तख्तापलट की कोशिश की, तो भारत ने ऑपरेशन कैक्टस के तहत पैराट्रूपर्स और नेवी जहाज़ों को भेजकर वैध सरकार को पुन: बहाल किया। अत: कथन 2 सही है।
- भारत और मालदीव 'एकुवेरिन' (Ekuverin) नामक एक संयुक्त सैन्य अभ्यास का संचालन करते हैं। अत: कथन 3 सही है।

Q.245

उत्तर: (A)

व्याख्या

- 'कन्वेंशन ऑन रिकॉगनिशन एंड एन्फोर्समेंट ऑफ फॉरेन आर्बिट्रल अवाड्र्स' जिसे 'न्यूयॉर्क आर्बिट्रेशन कन्वेंशन' अथवा 'न्यूयॉर्क कन्वेंशन' के नाम से भी जाना जाता है, अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता के प्रमुख उपकरणों में से एक है।
    - मध्यस्थता का आशय एक ऐसी प्रकिया से है, जिसके तहत समझौते के माध्यम से कोई विवाद एक या एक से अधिक मध्यस्थों (एक स्वतंत्र व्यक्ति/निकाय) के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, जिस पर मध्यस्थ बाध्यकारी निर्णय लेते हैं। अत: विकल्प (A) सही है।

Q.246

उत्तर: C

व्याख्या:

- तेहरान में ईरान के केंद्रीय इस्फहान प्रांत में स्थित 'नैटान्ज़' मुख्य यूरेनियम संवर्द्धन सुविधा केंद्र है। यह विश्व की प्रमुख शक्तियों (अर्थात् संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, रूस और जर्मनी) के साथ ईरान के वर्ष 2015 के परमाणु समझौते के बाद अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) द्वारा निगरानी की जाने वाली साइटों में से एक है।
- 'फोर्डो' ईंधन संवर्द्धन संयंत्र (FFEP) ईरान का दूसरा प्रायोगिक संवर्द्धन संयंत्र है। अत: विकल्प C सही है।

Q.247

उत्तर: A

व्याख्या:

- एंटी-डंपिंग शुल्क आयात पर आरोपित होने वाला एक सीमा शुल्क है जो उन सामानों की डंपिंग से सुरक्षा प्रदान करता है, जो कि सामान्य मूल्य से काफी कम कीमत के होते हैं, जबकि काउंटरवेलिंग ड्यूटी उन सामानों पर लगाया जाने वाला सीमा शुल्क है, जो मूल या निर्यातित देश में सरकारी सब्सिडी प्राप्त करते हैं। अत: कथन 1 सही है जबकि कथन 3 सही नहीं है।
- विश्व व्यापार संगठन द्वारा उचित प्रतिस्पर्द्धा के साधन के रूप में एंटी-डंपिंग उपायों के उपयोग की अनुमति दी गई है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.248

उत्तर: (C)

व्याख्या

- वाणिज्य मंत्रालय के अनंतिम आँकड़ों के मुताबिक, चीन ने सीमा पर मौजूद तनाव के बीच वर्ष 2020 में एक बार पुन: भारत के शीर्ष व्यापार भागीदार के रूप में स्थान प्राप्त कर लिया है। अत: कथन 1 सही है।
- भारत और चीन के बीच वर्ष 2020 में कुल 77.7 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। वहीं वर्ष 2019 में भारत और चीन के बीच कुल 85.5 बिलियन डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था।
- चीन से होने वाला 58.7 बिलियन डॉलर का कुल आयात, भारत द्वारा अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से संयुक्त तौर पर की गई कुल खरीद से भी अधिक था, जो कि भारत के क्रमश: दूसरे और तीसरे सबसे बड़े व्यापार भागीदारी हैं। अत: कथन 2 सही है।

Q.249

उत्तर: B

व्याख्या:

- वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) का गठन वर्ष 1989 में जी-7 देशों की पेरिस में आयोजित बैठक में हुआ था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - FATF मनी लांड्रिंग, टेरर फंडिंग जैसे मुद्दों पर दुनिया में विधायी और नियामक सुधार लाने के लिये आवश्यक राजनीतिक इच्छा शक्ति पैदा करने का काम करता है। यह व्यक्तिगत मामलों को नहीं देखता है।
- इसका सचिवालय पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग विकास संगठन (OECD) के मुख्यालय में स्थित है। अत: कथन 2 सही है।

Q.250

उत्तर: (D)

व्याख्या:

- मादक पदार्थों के खतरे से निपटने हेतु अंतर्राष्ट्रीय संधियाँ और अभिसमय:
  - भारत मादक पदार्थों के खतरे से निपटने के लिये निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय संधियों और सम्मेलनों का हस्ताक्षरकर्त्ता है:
    - नारकोटिक ड्रग्स पर संयुक्त राष्ट्र (UN) कन्वेंशन (1961)।
    - साइकोट्रोपिक पदार्थों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (1971)।
    - नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक (मन: प्रभाव) पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (1988)।
    - अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNTOC) 2000।
    - अत: विकल्प (D) सही है।

Q.251

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में खाड़ी देशों ने सऊदी अरब के अल उला (Al Ula) में आयोजित 41वें खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) शिखर सम्मेलन में 'एकजुटता और स्थिरता' समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 1 सही है।
- खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के सदस्यों ने कतर पर लागू सभी प्रतिबंधों को हटाने और कतर के लिये अपने भूमि, समुद्र और हवाई मार्ग को फिर से खोलने हेतु अल उला (सऊदी अरब) में इस समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। अत: कथन 2 सही है।

- बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के सदस्य देश हैं।

- फ़ारस की खाड़ी उत्तर, उत्तर-पूर्व और पूर्व में ईरान; दक्षिण और दक्षिण में ओमान के कुछ कुछ हिस्सों और संयुक्त अरब अमीरात; दक्षिण-पश्चिम और पश्चिम में कतर, बहरीन और सऊदी अरब द्वारा तथा उत्तर पश्चिम में कुवैत और इराक द्वारा घिरा हुआ है। अत: कथन 1 सही है।

Q.252

उत्तर: A

व्याख्या:

- हिंद महासागर क्षेत्र में श्रीलंका की स्थिति कई प्रमुख शक्तियों के लिये रणनीतिक भू- राजनीतिक प्रासंगिकता की रही है।
  - चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' (String of Pearls) की रणनीति का उद्देश्य हिंद महासागर में प्रभुत्व स्थापित करने के लिये भारत को घेरना है।
    - चीन ग्वादर (पाकिस्तान), चटगाँव (बांग्लादेश), क्युक फलू (म्याँमार) और हम्बनटोटा (श्रीलंका) में हिंद महासागर के साथ-साथ तथा इसके दक्षिण में आधुनिक बंदरगाहों का निर्माण कर रहा है। इस प्रकार चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स की रणनीति श्रीलंका के लिये महत्त्वपूर्ण है।
- भारत और श्रीलंका सार्क (SAARC) और बिम्सटेक (BIMSTEC) के सदस्य हैं और सार्क देशों में भारत का व्यापार श्रीलंका के साथ सबसे अधिक है।
- भारत और श्रीलंका की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'मित्र शक्ति' (Mitra Shakti) और संयुक्त नौसैनिक अभ्यास 'स्लिनेक्स' (SLINEX) का आयोजन किया जाता है। अत: विकल्प A सही है।

Q.253

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में भारत और मंगोलिया ने हाइड्रोकार्बन तथा इस्पात क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की है।
- भारत और मंगोलिया अपनी साझा बौद्ध विरासत के कारण आध्यात्मिक रुप से जुड़े हुए हैं।
- भारत ने वर्ष 1955 में मंगोलिया के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किये क्योंकि मंगोलिया ने भारत को 'आध्यात्मिक पड़ोसी' और रणनीतिक साझेदार घोषित किया था, इस तरह भारत, सोवियत ब्लॉक के बाहर उन शुरुआती देशों में से एक था, जिन्होंने मंगोलिया के साथ राजनयिक संबंध स्थापित किये थे।
- दोनों देशों के बीच 'नोमाडिक एलीफैंट' नाम से संयुक्त अभ्यास का आयोजन किया जाता है। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद विरोधी और काउंटर टेररिज़्म ऑपरेशन हेतु सैनिकों को प्रशिक्षित करना है। अत: कथन 2 सही है।
- मंगोलिया द्वारा आयोजित 'खान क्वेस्ट' (Khaan Quest) नामक एक वार्षिक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास में भारत भी सक्रिय रूप से हिस्सा लेता है।



अत: कथन 1 सही है।

Q.254

उत्तर: (B)

व्याख्या:

- भारत और जापान द्वारा 50 बिलियन येन (लगभग 3,550 करोड़ रुपए) के ऋण के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए हैं। इसका उद्देश्य COVID-19 से प्रभावित गरीब और सुभेद्य लोगों के लिये भारत सरकार द्वारा संचालित आर्थिक सहयोग कार्यक्रमों को समर्थन प्रदान करना है।
- यह जापान की आधिकारिक विकास सहायता (ODA) ऋण का हिस्सा है। ODA को ऐसी सरकारी सहायता के रूप में परिभाषित किया गया है जिसे विकासशील देशों के आर्थिक विकास और कल्याण को बढ़ावा देने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

- इस ऋण पर 0.65% की ब्याज दर लागू होगी और इसे चुकाने की अवधि 15 वर्ष की होगी, पाँच वर्ष की ग्रेस (Grace) या छूट अवधि सहित। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वित्तीय सहायता का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा संचालित 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (PMJKY) जैसे कार्यक्रमों को समर्थन प्रदान करना है, जिनका उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक प्रभावों को कम करना और सामाजिक-आर्थिक संस्थानों को मज़बूत करना है। अत: कथन 2 सही है।

Q.255

उत्तर: (C)

व्याख्या:

- चीन ने दक्षिण एशिया के देशों के साथ कोविड-19 से लड़ने और अपने आर्थिक एजेंडा को समन्वित करने तथा क्षेत्र में बीजिंग के आउटरीच में एक नए दृष्टिकोण को दर्शाने के उद्देश्य से एशियाई देशों के साथ तीसरा बहुपक्षीय संवाद को वर्चुअल तौर पर आयोजित किया।
- अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के चाइना ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ट्रैकर के अनुसार, चीन ने अफगानिस्तान, बांग्लादेश, मालदीव, पाकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका की अर्थव्यवस्थाओं में लगभग 100 बिलियन अमेरीकी डॉलर का व्यापार किया है।
- चीन अब मालदीव, पाकिस्तान और श्रीलंका में सबसे बड़ा विदेशी निवेशक है। अत: कथन (1) सही है।
- हालाँकि, चीन के साथ भूटान के राजनयिक संबंध नहीं हैं।अत: कथन (2) सही है।

Q.256

उत्तर: C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (Nations Security Council) सहित संयुक्त राष्ट्र के अन्य छह मुख्य अंगों की स्थापना संयुक्त राष्ट्र चार्टर द्वारा की गई।
- संयुक्त राष्ट्र के अन्य अंग सदस्य राज्यों के लिये सिफारिशें करते हैं, किंतु सुरक्षा परिषद के पास सदस्य देशों के लिये निर्णय लेने और बाध्यकारी प्रस्ताव जारी करने की शक्ति होती है।
  - स्थायी और अस्थायी सदस्य: UNSC का गठन 15 सदस्यों (5 स्थायी और 10 गैर-स्थायी) द्वारा किया गया है। अत: कथन 1 सही है।
  - सुरक्षा परिषद के पाँच स्थायी सदस्य अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस, रूस और चीन हैं। गौरतलब है कि इन स्थायी सदस्य देशों के अलावा 10 अन्य देशों को दो साल के लिये अस्थायी सदस्य के रूप में सुरक्षा परिषद में शामिल किया जाता है।
- इन स्थायी सदस्य देशों के अलावा 10 अन्य देशों को दो साल के लिये अस्थायी सदस्य के रूप में सुरक्षा परिषद में शामिल किया जाता है। दस गैर-स्थायी सीटों का वितरण क्षेत्रीय आधार पर किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
- इससे पहले भारत ने वर्ष 1950-1951, 1967-1968, 1972-1973, 1977-1978, 1984-1985, 1991-1992 और 2011-2012 की अवधि के दौरान UNSC में अपनी सेवाएँ दी हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

Q.257

उत्तर: C

व्याख्या:

भारत- ओमान संबंध:

- अरब सागर के दोनों देश एक-दूसरे से भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से जुड़े हुए हैं तथा दोनों के बीच सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण संबंध हैं, जिसका श्रेय ऐतिहासिक समुद्री व्यापार संबंधों को दिया जाता है।
- जबकि भारत और ओमान के बीच संबंधों के बारे में जानकारी यहाँ के लोगों के मध्य 5000 वर्षों के संपर्क के आधार पर प्राप्त जा सकती है, वर्ष 1955 में राजनयिक संबंध स्थापित किये गए थे और वर्ष 2008 में इस संबंध को रणनीतिक साझेदारी में बदल दिया गया था। ओमान, भारत की पश्चिम एशिया नीति का एक प्रमुख स्तंभ रहा है।
- रक्षा संबंध:
  - दोनों देशों के रक्षा मंत्रालय प्रतिवर्ष संयुक्त सैन्य सहयोग समिति की बैठक में अपने संबंधों की समीक्षा करते हैं।
  - भारत और ओमान द्वारा अपनी तीनों सैन्य सेवाओं के बीच नियमित द्विवार्षिक द्विपक्षीय अभ्यास किया जाता है।
    - सैन्य अभ्यास: अल नजाह, अत: कथन 2 सही है।
    - वायु सेना अभ्यास: ईस्टर्न ब्रिज
    - नौसेना अभ्यास: नसीम अल बहार
- जिन तीन देशों के साथ ओमान अपनी स्थलीय सीमा साझा करता है उनमें उत्तर पश्चिम में संयुक्त अरब अमीरात, दक्षिण पश्चिम में यमन और पश्चिम में सऊदी अरब शामिल है। अत: कथन 1 सही है।

Q.258

उत्तर.D

व्याख्या:

- अमेरिका के 'ओपन स्काई संधि' (OST) से अलग होने की घोषणा के बाद हाल ही में रूस ने भी इस संधि से अलग होने की घोषणा की है। रूस के अनुसार, यह संधि सदस्य देशों की सीमाओं में सैन्य गतिविधियों की जाँच के लिये गैर-हथियार वाले निगरानी विमानों की उड़ान की अनुमति देती है और इस संधि से अमेरिका की वापसी के कारण रूस के सामरिक हितों पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।
- ज्ञात हो कि बीते वर्ष नवंबर माह में अमेरिका ने यह कहते हुए 'ओपन स्काई संधि' (OST) से स्वयं को अलग कर लिया था कि रूस द्वारा इस संधि का स्पष्ट तौर पर उल्लंघन किया जा रहा है।
- 'ओपन स्काई संधि', 'ओपन स्काई समझौते' से अलग है। इससे अंतर्राष्ट्रीय यात्री और कार्गो उड़ानों की पहुँच में विस्तार होता है।
- ओपन स्काई समझौता एक द्विपक्षीय समझौता है, जो दो देशों की एयरलाइंस को अंतर्राष्ट्रीय यात्री एवं कार्गो सेवाओं को उपलब्ध कराने हेतु अधिकार प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ओपन स्काई संधि एक सदस्य राष्ट्र को मेज़बान राष्ट्र के किसी भी हिस्से पर निगरानी करने की अनुमति देती है लेकिन मेज़बान देश की स्वीकृति के आधार पर। अत: कथन 2 सहीं नहीं है।
- हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने भारत के साथ एक 'ओपन स्काई समझौता' करने के प्रति रुचि व्यक्त की है।

Q.259

उत्तर: C

व्याख्या:

- IEA एक स्वायत्त अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना (वर्ष 1974 में) वर्ष 1973 के तेल संकट के बाद आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के फ्रेमवर्क के तहत हुई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - समय के साथ IEA के जनादेश को प्रमुख वैश्विक ऊर्जा रुझानों पर नज़र रखने और उनका विश्लेषण करने, ध्वनि ऊर्जा नीति को बढ़ावा देने और बहुराष्ट्रीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिये विस्तारित किया गया है।
  - इसका लक्ष्य अपने सदस्य देशों के लिये विश्वसनीय, सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा सुनिश्चित करना है।
- कार्यक्षेत्र के प्रमुख बिंदु: इसका लक्ष्य चार मुख्य क्षेत्रों (4E) द्वारा निर्देशित है-
  - ऊर्जा सुरक्षा
  - आर्थिक विकास
  - पर्यावरणीय जागरूकता एवं,
  - विश्व को सहयोगी के तौर पर शामिल करना
- मुख्यालय (सचिवालय): पेरिस (फ्राँस)
- स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण कार्यक्रम को नवंबर 2017 में लॉन्च किया गया था, IEA का स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण कार्यक्रम वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में तेज़ी लाने का एक प्रयास है। अत: कथन 2 सही है।

Q.260

उत्तर: B

व्याख्या:

- विश्व सतत् विकास शिखर सम्मेलन 'ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान' (TERI) का प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह वैश्विक मुद्दों पर एकमात्र शिखर सम्मेलन है, जो विकासशील देशों के बीच आयोजित होता है।
- इसकी अवधारणा सतत् विकास और जलवायु परिवर्तन की दिशा में लक्षित कार्रवाई में तेज़ी लाने के लिये एकल मंच के रूप में की गई है। अत: कथन 2 सही है।
- इसका उद्देश्य सतत् विकास, ऊर्जा और पर्यावरण क्षेत्र से संबंधित वैश्विक नेताओं और विद्वानों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है।

Q.261

उत्तर: C

व्याख्या:

व्यापक आर्थिक सहयोग तथा भागीदारी समझौता (CEPA):

- यह एक प्रकार का मुक्त व्यापार समझौता है जिसमें सेवाओं एवं निवेश के संबंध में व्यापार और आर्थिक साझेदारी के अन्य क्षेत्रों पर बातचीत करना शामिल है। यह व्यापार सुविधा व सीमा शुल्क सहयोग, प्रतिस्पर्द्धा तथा बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे क्षेत्रों पर बातचीत किये जाने पर भी विचार कर सकता है।
- व्यापक आर्थिक सहयोग तथा भागीदारी समझौता मुक्त व्यापार समझौतों की तुलना में अधिक व्यापक हैं। अत: कथन 1 सही है।
- CEPA व्यापार के नियामक पहलू को भी देखता है और नियामक मुद्दों को कवर करने वाले एक समझौते को शामिल करता है। अत: कथन 2 सही है।
- भारत ने दक्षिण कोरिया और जापान के साथ CEPA पर हस्ताक्षर किये हैं।

Q.262

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में भारतीय वायुसेना (IAF) और ओमान की रॉयल एयर फोर्स ने जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर पाँच दिवसीय द्विपक्षीय अभ्यास शुरू किया। अभ्यास को ईस्टर्न ब्रिज VI नाम दिया गया है।

- यह अभ्यास दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूत करने के अलावा परस्पर विचार-विमर्श, अनुभवों का आदान-प्रदान और परिचालन ज्ञान में वृद्धि करेगा।
- ईस्टर्न ब्रिज V अभ्यास अक्तूबर 2019 में ओमान के एयर फोर्स बेस मसीरा में आयोजित किया गया था।
- ओमान खाड़ी क्षेत्र का एकमात्र देश है जिसके साथ भारतीय सशस्त्र बलों की तीनों फोर्स नियमित रूप से द्विपक्षीय अभ्यास और स्टाफ वार्ता आयोजित करती हैं, इससे दोनों देशों के मध्य पेशेवर स्तर पर घनिष्ठ सहयोग एवं विश्वास स्थापित होता है।
  - नसीम अल-बहर (Naseem Al-Bahr) दोनों देशों के बीच आयोजित नौसैनिक अभ्यास है।.
  - अल नगाह (AL Nagah) दोनों देशों की सेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास है।
  - ईस्टर्न ब्रिज (Eastern Bridge) दोनों देशों की वायुसेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यास है। अत: विकल्प B सही है।

Q.263

उत्तर: D

व्याख्या:

G20:

- G20 समूह विश्व बैंक एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रतिनिधि, यूरोपियन यूनियन एवं 19 देशों का एक अनौपचारिक समूह है। अत: कथन 1 सही है।
- G20 समूह के पास स्थायी सचिवालय या मुख्यालय नहीं होता।
- G20 समूह दुनिया की प्रमुख उन्नत और उभरती अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों को एक साथ लाता है। यह वैश्विक व्यापार का 75%, वैश्विक निवेश का 85%, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 85% तथा विश्व की दो-तिहाई जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करता है।
- G20 समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, यूरोपियन यूनियन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
- प्रत्येक G20 देश का प्रतिनिधित्व उसके शेरपा करते हैं; जो अपने-अपने देश के नेता की ओर से योजना, मार्गदर्शन, क्रियान्वयन आदि करते हैं।
  - वर्तमान वाणिज्य और उद्योग मंत्री भारत के वर्तमान "G20 शेरपा" हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

Q.264

उत्तर: D

व्याख्या:

- मिलन एक द्विवार्षिक बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है जिसकी शुरुआत भारतीय नौसेना द्वारा वर्ष 1995 में अंडमान और निकोबार कमान में की गई थी।
  - वर्ष 1995 के संस्करण में केवल चार देशों इंडोनेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका और थाईलैंड की भागीदारी के साथ शुरू इस अभ्यास में प्रतिभागियों की संख्या तथा अभ्यास की जटिलता के संदर्भ में परिवर्तन हुए हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय नौसेना के बहुपक्षीय अभ्यास मिलन (MILAN) 2022 के नवीनतम संस्करण का आयोजन 25 फरवरी, 2022 से ''सिटी ऑफ डेस्टिनी' के रूप में विख्यात शहर विशाखापत्तनम में किया जा रहा है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - कोविड-19 के कारण इस अभ्यास के वर्ष 2020 संस्करण को 2022 तक के लिये स्थगित कर दिया गया था।
  - मिलन का यह संस्करण सरफेस, सब-सरफेस तथा हवाई युद्ध व हथियार, फायरिंग अभ्यास सहित समुद्र में अभ्यास पर ध्यान देने के साथ 'दायरे और जटिलता' के लिहाज़ से बड़ा होगा।

Q.265

उत्तर: A

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) प्रतिवर्ष 21 फरवरी को मातृभाषा आधारित बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये 'अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' का आयोजन करता है।
  - यूनेस्को द्वारा इसकी घोषणा 17 नवंबर, 1999 को की गई थी और वर्ष 2000 से संपूर्ण विश्व में इस दिवस का आयोजन किया जा रहा है।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2022 से वर्ष 2032 के बीच की अवधि को स्वदेशी भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय दशक के रूप में नामित किया गया है।
  - इससे पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2019 को स्वदेशी भाषाओं के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष (IYIL) के रूप में घोषित किया था।
- वर्ष 2018 में चांग्शा (चीन) में यूनेस्को द्वारा की गई युलू उद्घोषणा (Yuelu Proclamation) भाषायी संसाधनों और विविधता की रक्षा के संदर्भ में दुनिया भर के देशों व क्षेत्रों के प्रयासों का मार्गदर्शन करने में एक केंद्रीय भूमिका निभाती है। अत: विकल्प A सही नहीं है।

Q.266

उत्तर: A

व्याख्या:

G20 का विकास:

- वैश्विक वित्तीय संकट (2007-08) ने प्रमुख संकट प्रबंधन और समन्वय निकाय के रूप में G20 की प्रतिष्ठा को मज़बूत किया।
  - अमेरिका, जिसने 2008 में G20 की अध्यक्षता की थी, ने वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक को राष्ट्राध्यक्षों तक बढ़ा दिया, जिसके परिणामस्वरूप पहला G20 शिखर सम्मेलन हुआ।
- वाशिंगटन डीसी, लंदन और पिट्सबर्ग में आयोजित शिखर सम्मेलनों ने कुछ सबसे टिकाऊ वैश्विक सुधारों हेतु परिदृश्य तैयार किया:
  - G20 ने जलवायु परिवर्तन, नौकरियों और सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों, असमानता, कृषि, प्रवास, भ्रष्टाचार, आतंकवाद के वित्तपोषण, मादक पदार्थों की तस्करी, खाद्य सुरक्षा एवं पोषण, विघटनकारी प्रौद्योगिकियों जैसे मुद्दों को शामिल करने तथा सतत् विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिये अपने एजेंडे को विस्तृत कर खुद को फिर से स्थापित किया।
- हाल के दिनों में G20 के सदस्यों ने महामारी के बाद सभी प्रतिबद्धताएँ पूरी की हैं, लेकिन यह बहुत कम है।
  - अक्तूबर 2020 में रियाद शिखर सम्मेलन में उन्होंने चार स्तंभों- महामारी से लड़ना, वैश्विक अर्थव्यवस्था की सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार व्यवधानों को संबोधित करना और वैश्विक सहयोग बढ़ाने को प्राथमिकता दी। अत: विकल्प A सही है।

Q.267

उत्तर: C

व्याख्या:

- इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC), कुल 57 देशों की सदस्यता के साथ यह संयुक्त राष्ट्र (UN) के बाद दूसरा सबसे बड़ा अंतर-सरकारी संगठन है।
- यह संगठन दुनिया भर में मुस्लिम जगत की सामूहिकता का प्रतिनिधित्व करता है।
  - यह दुनिया के विभिन्न देशों के लोगों के बीच अंतर्राष्ट्रीय शांति और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने के साथ ही दुनिया के मुस्लिम समुदायों के हितों की रक्षा एवं संरक्षण का प्रयास करता है।
- इसका गठन सितंबर 1969 में मोरक्को के रबात में हुए ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के दौरान किया गया था, जिसका लक्ष्य वर्ष 1969 में एक 28 वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई द्वारा येरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद में आगजनी की घटना के बाद इस्लामीक मूल्यों को सुरक्षा प्रदान करना था। अत: कथन 1 सही है।
- मुख्यालय: जेद्दाह (सऊदी अरब)। अत: कथन 2 है।

Q.268

उत्तर: C

व्याख्या:

- नॉर्ड स्ट्रीम, समुद्र के नीचे सबसे लंबी एक निर्यात गैस पाइपलाइन है जो बाल्टिक सागर के रास्ते होकर रूस से यूरोप तक गैस ले जाती है।
- नॉर्ड स्ट्रीम रूस, फिनलैंड, स्वीडन, डेनमार्क और जर्मनी सहित कई देशों के अनन्य आर्थिक क्षेत्रों (EEZ) एवं रूस, डेनमार्क एवं जर्मनी के क्षेत्रीय जल से होकर गुज़रती है। अत: विकल्प C सही है।